राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 258
लखनऊ, गुरुवार 21 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





लेखपाल मुख्य परीक्षा में आज, 6720 अभ्यर्थी होंगे शामिल 10

यूपी ने बिजली आपूर्ति में बनाया नया रिकॉर्ड : शर्मा 03


# समस्याओं का समाधान बातचीत के माध्यम से होना चाहिए : मोदी

**एजेंसी, रोम।**



**इटली व भारत ने द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रणनीतिक भागीदारी तक बढाने का लिया निर्णय : मोदी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और इटली ने व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढाने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अपने द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भारत और इटली रक्षा औद्योगिक क्षेत्र में भी मिलकर काम करेंगे।

श्री मोदी ने बुधवार को यहां इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि सुश्री मेलोनी के नेतृत्व में दोनों देशों के संबंधों को नयी गति और आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने कहा कि इसे आगे बढ़ाते हुए दोनों देशों ने अब अपने द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि दोनों देश आतंकवाद की कड़ी निंदा करते है और इसे मानवता के लिए गंभीर चुनौती मानते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, पिछले लगभग साढे तीन वर्षों में मुझे कई बार प्रधानमंत्री मेलोनी से मिलने का अवसर मिला है। यह भारत और इटली के बीच घनिष्ठ सहयोग और सामंजस्य को दर्शाता है। उनके नेतृत्व में हमारे संबंधों को नई गति, नई दिशा और नया आत्म-विश्वास मिला है। मुझे खुशी है कि हम अपने संबंधों को आगे बढ़ाते हुए विशेष रणनीतिक साझेदारी तक ले जाने की घोषणा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत और इटली मिलकर उत्पादों का डिजाइन तथा विकास करेंगे और इन्हें दुनिया को उपलब्ध करायेंगे। श्री मोदी ने कहा कि इटली विश्व में डिजाइन और सटीकता के लिए जाना जाता है। भारत की पहचान पैमाने, प्रतिभा और किफायती नवाचार के पावरहाउस की है। इसलिए हम भारत और इटली में डिजाइन और विकास करेंगे और दुनिया के लिए वितरित करने के सिद्धांत पर आगे बढेंगे। रक्षा औद्योगिक क्षेत्र में मिलकर काम करने की सहमति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे रक्षा औद्योगिक रोडमैप से सह-विकास और सह-उत्पादन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। समुद्री शक्तियों के रूप में भारत और इटली के बीच कनेक्टिविटी के क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग स्वाभाविक है। हम मिलकर शिपिंग, बंदरगाहों के आधुनिकीकरण, रसद और समुद्री अर्थव्यवस्था पर काम करेंगे। आतंकवाद पर दोनों देशों के रूख में समानता बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत और इटली एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए गंभीर चुनौती है। आतंक वित्तपोषण के खिलाफ हमारी साझा पहल ने पूरे विश्व के सामने एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया है। भारत और इटली ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि जिम्मेदार लोकतंत्र केवल आतंकवाद की निंदा नहीं करतीं, बल्कि उसके वित्तीय नेटवर्क को तोड़ने के लिए ठोस कदम भी उठाती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया को लेकर भी दोनों देश संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन, पश्चिम एशिया तथा अन्य तनावों को लेकर हम लगातार संपर्क में रहे हैं। भारत का मत स्पष्ट है कि सभी समस्याओं का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से होना चाहिए।

## उपहार के लिए धन्यवाद... मेलोडी टॉफी को लेकर मेलोनी ने जताया पीएम मोदी का आभार




रोम इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने मेलोडी टॉफी भेंट किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। इस हल्के-फुल्के पल ने सोशल मीडिया पर दोनों नेताओं से जुड़े चर्चित मेलोडी शब्द को फिर से चर्चा में ला दिया। मेलोनी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह कहती सुनाई दे रही हैं, प्रधानमंत्री मोदी मेरे लिए एक बहुत ही अच्छी टॉफी लेकर आए हैं-मेलोडी। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, उपहार के लिए धन्यवाद। बुधवार को अपलोड किए गए इस वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी भी नजर आते हैं और मेलोनी के श्मेलोडीश् टॉफी के जिक्र पर हंसते दिखाई देते हैं। मोदी और मेलोनी के नामों के संयोजन के तौर पर मेलोडी हैशटैग पहली बार इटली की प्रधानमंत्री ने 2023 में दुबई में आयोजित कॉप-28 सम्मेलन के दौरान गढ़ा था। इसके बाद दोनों नेताओं की वैश्विक मंचों पर हुई गर्मजोशी भरी मुलाकातों के बीच यह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मेलोनी ने उस समय भी सोशल मीडिया पर मोदी के साथ तस्वीर साझा करते हुए मेलोडी हैशटैग के साथ लिखा था, कॉप-28 में अच्छे दोस्त। प्रधानमंत्री मोदी 15 से 20 मई तक संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की पांच देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में मंगलवार को रोम पहुंचे।

## भारत जिम्मेदार परमाणु शक्ति, नो फर्स्ट यूज की नीति पर कायम, लेकिन ब्लैकमेल नहीं सहेगा : राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा है कि भारत एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति है और इन हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करने की अपनी नीति पर दृढता से कायम है लेकिन वह परमाणु ब्लैकमेल को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगा।

श्री सिंह ने बुधवार को दक्षिण कोरिया के सोल में एक कार्यक्रम में कहा कि भारत की छवि में पहले की तुलना में बहुत बदलाव आया है और अब वह दुनिया में मुद्दों के समाधान देने वाली शक्ति के रूप में उभरा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने भाषण के अंश साझा करते हुए कहा कि पहले और आज के भारत में स्पष्ट अंतर है। कभी दुनिया भारत को केवल एक सॉफ्ट पावर के रूप में देखती थी, लेकिन आज दुनिया भारत को समाधान देने वाली शक्ति के रूप में देख रही है।

दुनिया भर में विभिन्न टकरावों के दौरान परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आशंका के बीच उन्होंने कहा कि भारत एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति है और नो फर्स्ट यूज़ की नीति पर दृढ़ता से प्रतिबद्ध है लेकिन भारत किसी भी प्रकार के न्यूक्लियर ब्लैकमेल को कभी स्वीकार नहीं करेगा।

श्री सिंह ने कहा कि मोदी सरकार के दौरान देश में रक्षा क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन आया है। भारत की नीति अब रिएक्टिव नहीं, बल्कि प्रोएक्टिव है और राष्ट्रीय सुरक्षा से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसी संकल्प के साथ भारत स्वदेशी रक्षा निर्माण को तेज़ी से बढ़ावा दे रहा है।

# एआई मिशन को गति देगा यूपी डाटा सेंटर क्लस्टर : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**मुख्यमंत्री ने की डाटा सेंटर क्लस्टर, प्रोजेक्ट गंगा और गेहूं प्रसंस्करण की समीक्षा**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विषयों, उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर क्लस्टर यूपीडीसीसी प्रोजेक्ट गंगा तथा गेहू के इन-हाउस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए मंडी शुल्क एवं मंडी सेस में संभावित छूट जैसे महत्वपूर्ण विषयों की उच्च स्तरीय समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने यूपी डाटा सेंटर क्लस्टर की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश के एआई मिशन की बुनियादी संरचना तैयार करेगी। डाटा सेंटर क्लस्टर केवल एनसीआर क्षेत्र तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रदेश के अन्य हिस्सों को भी इससे जोड़ा जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इसकी शुरुआत बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण बीडा क्षेत्र से की जा सकती है, जहां बड़े पैमाने पर भूमि उपलब्ध है। टाटा समूह सहित बड़ी टेक कंपनियों से संवाद स्थापित कर लखनऊ को एआई सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाए। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर क्लस्टर प्रदेश को भारत और ग्लोबल साउथ का सबसे बड़ा एआई कंप्यूट पावर सेंटर बनाने की दीर्घकालिक रणनीति है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा सेंटर, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और हाई-टेक डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग का वैश्विक केंद्र बनाना है।

प्रस्तुतीकरण में कहा गया कि यह केवल एक परियोजना नहीं बल्कि अगले 50 वर्षों के लिए उत्तर प्रदेश की नई आर्थिक संरचना का खाका है। 2040 तक 5 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था, 1.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार और 5 गीगावॉट एआई कंप्यूट कॉरिडोर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

2040 तक दुनिया की नई अर्थव्यवस्था एआई, क्लाउड, साइबर सिक्योरिटी, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक व्हीकल, रोबोटिक्स और स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे फ्यूचर एरेना के इर्द-गिर्द विकसित होगी, जिनका संयुक्त वैश्विक बाजार 29 से 48 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है।

### 20 लाख से अधिक घरों को फाइबर आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट नेटवर्क से जोड़ने का लक्ष्य

भारत के लिए एआई सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज, क्लाउड सर्विसेज, साइबर सिक्योरिटी, सेमीकंडक्टर्स, एयरोस्पेस और ईवी जैसे सेक्टर भविष्य के प्रमुख आर्थिक इंजन होंगे। बैठक में उत्तर प्रदेश को एशिया का मोस्ट सिक्योर, स्केलेबल एवं कनेक्टेड इनलैंड एआई टेरिटरी बताया गया। राज्य के भीतर 5 मिलीसेकंड से कम लेटेंसी तथा मुंबई और चेन्नई जैसे डिजिटल हब तक कनेक्टिविटी उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने प्रोजेक्ट गंगा यानी गवर्नेंट असिस्टेड नेटवर्क फॉर ग्रोथ एंड एडवांसमेंट की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन युवाओं को डिजिटल उद्यमी के रूप में चुना जाए, उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए। 20 लाख से अधिक घरों को फाइबर आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट नेटवर्क से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक डीएसपी अपने क्षेत्र में 200 से 300 घरों को कनेक्ट कर सकेगा। महिला उद्यमिता को भी विशेष प्राथमिकता दी गई है और लगभग 50 प्रतिशत महिला उद्यमियों को जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है।

# ईरान के खिलाफ दोबारा शुरू हुई जंग तो अमेरिका को लगेंगे और झटके : अराघची

**एजेंसी, तेहरान।**



ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को चेतावनी दी कि बिना किसी उकसावे के अगर अमेरिका ने उनके खिलाफ फिर से आक्रामक रुख अपनाया तो अमेरिका को देने के लिए उनके पास कई और बड़े झटके तैयार हैं। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस (संसद) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया। इसमें हफ्तों चले इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायुसेना को हुए भारी नुकसान की बात स्वीकार की गयी है। श्री अराघची ने एक्स पर किये गये पोस्ट में कहा कि भविष्य में होने वाली किसी भी शत्रुतापूर्ण कार्रवाई का जवाब देने के लिए ईरान अमेरिका के साथ पिछले टकरावों से मिले सबक और हासिल किये गये अनुभव का इस्तेमाल करेगा और हमलावरों को इन अप्रत्याशित झटकों का मजा चखायेगा।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी सांसदों ने इस 40 दिवसीय सैन्य अभियान के दौरान हुए बड़े पैमाने के भौतिक नुकसान को स्वीकार कर एक तरह से ईरान की सैन्य क्षमताओं की पुष्टि कर दी है। श्री अराघची ने अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इस संघर्ष के दौरान अमेरिकी सेना ने कम से कम 42 विमान खो दिये। इससे होने वाला अनुमानित नुकसान लगभग 2.6 अरब डॉलर (लगभग 21,600 करोड़ रुपये) तक पहुंच चुका है। उन्होंने आगे कहा कि ईरान के सशस्त्र बल दुनिया भर में चर्चित एफ-35 विमान को मार गिराने वाले पहले बल बन गये हैं।

अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के खिलाफ अमेरिका- इजरायल के संयुक्त रूप से शुरू किये गये 40 दिनों के हवाई बमबारी अभियान के दौरान अमेरिकी सेना के 42 विमान नष्ट हो गये या उन्हें भारी नुकसान पहुंचा।






महायोगी गुरु गोरखनाथ की पावन नगरी गोरखपुर में
रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) के तत्वावधान में आयोजित
46वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप (अंडर-19) (17-21 मई, 2026) का
समापन समारोह एवं
विजेता/उप-विजेता खिलाड़ियों को
पुरस्कार वितरण (मेडल एवं ट्रॉफी)
द्वारा
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति
संजय निषाद – मंत्री, मत्स्य, उत्तर प्रदेश
गिरीश चन्द्र यादव – राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खेल एवं युवा कल्याण, उत्तर प्रदेश
डॉ. मंगलेश कुमार श्रीवास्तव – महापौर, गोरखपुर | साधना सिंह – अध्यक्ष, जिला पंचायत, गोरखपुर | रवि किशन शुक्ल – सांसद, गोरखपुर
फतेह बहादुर सिंह – विधायक, कैम्पियरगंज | महेन्द्र पाल सिंह – विधायक, पिपराइच | बिपिन सिंह – विधायक, गोरखपुर ग्रामीण | श्रीराम चौहान – विधायक, खजनी
राजेश त्रिपाठी – विधायक, चिल्लूपार | प्रदीप शुक्ल – विधायक, सहजनवा | डॉ. विमलेश पासवान – विधायक, बांसगांव | इंजी. सरवन कुमार निषाद – विधायक, चौरी चौरा | रानी पक्षालिका सिंह – विधायक, बाह
डॉ. धर्मेन्द्र सिंह – सदस्य, विधान परिषद | देवेन्द्र प्रताप सिंह – सदस्य, विधान परिषद | ध्रुव कुमार त्रिपाठी – सदस्य, विधान परिषद | सी.पी. चन्द – सदस्य, विधान परिषद
एवं अन्य गणमान्य महानुभाव

UP 53 गोरखपुर



दिनांक : 21 मई, 2026 | समय : सायं 5:00 बजे | स्थान : रामगढ़ ताल, गोरखपुर

रोइंग का महामुकाबला
20 राज्यों की भागीदारी | 297 खिलाड़ी एवं टीम ऑफिशियल्स | रेपेचेज एवं सेमीफाइनल रेस

खेलेगा देश-खिलेगा उत्तर प्रदेश
राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक विजेता खिलाड़ियों की राजपत्रित पदों पर नियुक्ति एवं कुशल खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी | विगत 9 वर्षों में 3,169 खिलाड़ियों को ₹197 करोड़+ राशि संवितरित | मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय | वाराणसी एवं गोरखपुर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण प्रगतिमान | वाराणसी एवं गोरखपुर का स्पोर्ट्स सिटी के रूप में विकास | जनपद स्तर पर स्टेडियम, विकास खंड स्तर पर मिनी स्टेडियम | ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के मैदानों का विकास | एकलव्य क्रीड़ा कोष से खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता

विकास की गति अपार-डबल इंजन सरकार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | लाइव प्रसारण DD NEWS & Youtube.com/DDNEWS
UPGovtOfficial | CMOUttarpradesh | CMOfficeUP


## केदारनाथ यात्रा मार्ग पर बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन

# 10,450 श्रद्धालुओं को बचाया गया



**एजेंसी, देहरादून।**

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर भारी बारिश के बाद सोनप्रयाग-गौरीकुंड के बीच मुनकटिया क्षेत्र में भूस्खलन होने से बीच रास्ते में फंस गए करीब 10 हजार श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) ने बताया कि मंगलवार देर रात मुनकटिया में भूस्खलन होने से मुख्य सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालु बीच रास्ते में फंस गए। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ तथा राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीमें मौके पर पहुंचीं तथा रात्रि का समय, खराब मौसम, पहाड़ी से लगातार गिरता मलबा तथा यात्रियों की भारी भीड़ के कारण अत्यंत चुनौतीपूर्ण स्थिति में राहत और बचाव कार्य चलाया। चुनौतीपूर्ण मौसम, अंधेरी रात और भूस्खलन के बीच एसडीआरएफबनी हजारों श्रद्धालुओं की उम्मीद। एसडीआरएफने बताया कि टीमों ने सूझबूझ और धैर्य से सड़क के दूसरी ओर फंसे लगभग 10,450 श्रद्धालुओं को सुरक्षित तरीके से मार्ग पार कराया तथा बारिश और अंधेरे के बीच श्रद्धालुओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया। टीम ने बताया कि मार्ग पर आए मलबे को बचाव अभियान पूरा होने के बाद जेसीबी मशीनों की सहायता से हटाया गया और सड़क को सुचारु कर यातायात बहाल किया गया। उधर, चमोली जिला पुलिस ने बताया कि मंगलवार देर शाम भारी बारिश के कारण बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पागलनाला के समीप भूस्खलन से बाधित हो गया जिसके कारण यातायात रूक गया। हालांकि, पुलिस ने बताया कि मंगलवार देर रात तक मलबा हटा कर सड़क खोल दी गयी और वहां रुके सभी वाहन निकल गए।

## अधूरी मोहब्बत का खौफनाक अंजाम : एक ही पेड़ पर लटके मिले प्रेमी-प्रेमिका

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** जनपद में एक युवक और युवती के शव गांव के बाहर एक ही पेड़ से लटके मिले। दोनों के बीच पहले से प्रेम संबंध था और शादी करना चाहते थे, लेकिन लड़की वालों ने लड़की की शादी 7 मई 2026 को कहीं और कर दी थी। जिससे प्रेमी और प्रेमिका दोनों दुःखी थे। लड़की ससुराल से लौटने के बाद बिना कुछ बताए अपने घर से निकली थी। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गई।

परिजनों के अनुसार मंगलवार रात युवती सज-धज कर घर से निकली थी। इसके बाद परिजन उसकी तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बाद में गांव के बाहर दोनों के शव पेड़ से लटके मिले। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर एक पेड़ पर युवक और युवती के शव लटके देखे, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी। पहचान के उपरांत दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है। मृतका चार बहनों और एक भाई में दूसरे नंबर की थी, जबकि युवक दो भाइयों और पांच बहनों में सबसे बड़ा था। ग्रामीणों के अनुसार दोनों साथ जीने-मरने की कसमें खा चुके थे और शादी करना चाहते थे।

# मोबाइल टॉवर पर चढ़कर नाबालिग ने किया 4 घंटा हाईवोल्टेज-ड्रामा

- शादीशुदा ब्वॉयफ्रेंड से निकाह की जिद पर अड़ी रही किशोरी
- पुलिस बोली- जहां कहोगी वहीं कराएंगे शादी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शादीशुदा प्रेमी से निकाह करने की जिद में नाबालिग मोबाइल टावर पर चढ़ गई। ग्रामीणों की जब टॉवर पर नजर पड़ी तो उन्होंने तुरंत डॉयल-112 पर सूचना दी। मौके पर पीआरवी टीम ही थाना पुलिस के साथ पहुंची। पुलिसकर्मियों ने माइक के जरिए नाबालिग को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक पुलिस और ग्रामीणों उससे नीचे उतरने की अपील करते रहे। इसके बाद थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने भरोसा दिलाते हुए कहा, 'बेटा, जो बात है बताओ। जो कहोगी वही किया जाएगा। जहां तुम चाहोगी, वहीं तुम्हारी शादी कराई जाएगी।' करीब चार घंटे तक चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद नाबालिग को सुरक्षित नीचे उतारा गया। इसके बाद पुलिस उसको लेकर थाने चली गई। वहां समझाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। वहीं, नाबालिग की मां ने बताया कि उनकी बेटी दूसरी बिरादरी के युवक के साथ प्रेम संबंध चल रहा है, वह उसी से निकाह करना चाहती है। वह शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। इसी वजह से परिवार इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं था।

**शादीशुदा युवक से शादी के विरोध में परिजन**

यह पूरा मामला रुपईडीहा थाना क्षेत्र के लहरपूर्वा गांव का है। गांव निवासी नाबालिग बुधवार की सुबह में करीब 7 बजे अचानक बिना किसी को बताए गांव में लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। सबसे पहले गांव के ही पी.एल. राय की नजर आसिया बानो को टॉवर पर चढ़ने के दौरान पड़ी। उन्होंने तुरंत डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही रुपईडीहा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।

**पुलिस ने उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया**

पुलिसकर्मियों ने माइक के जरिए युवती को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक पुलिस उससे नीचे उतरने की अपील करती रही। पुलिस ने भरोसा दिलाते हुए कहा, 'बेटा, जो बात है बताओ। जो कहोगी वही किया जाएगा। जहां तुम चाहोगी, वहीं तुम्हारी शादी कराई जाएगी।' करीब चार घंटे तक चली समझाइश और मशक्कत के बाद युवती नीचे उतरने को राजी हुई। इसके बाद पुलिस ने उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया। वहीं, थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने बताया कि नाबालिग को सुरक्षित नीचे उतारने के बाद परिजनों को थाने बुलाया गया। आवश्यक पूछताछ के बाद उसको परिवार को सुपुर्द कर दिया गया। बाद में परिजन उसे वापस गांव ले गए।

# डीसीएम की टक्कर से महिला की मौत, युवक गंभीर



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत गोंडा-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर नेवलापुर मोड़ के पास तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।जानकारी के अनुसार बहराइच की ओर से आ रही डीसीएम संख्या यूपी 40 बीटी 9674 ने गोंडा की तरफ से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक अरविंद (19) पुत्र केदार नाथ निवासी कंछर तथा उनकी बुआ राजकुमारी पत्नी चंद्रभान निवासी सरदवन दा, केशवपुर पहाड़वा, जनपद गोंडा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल अपनी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ. सारंग श्रीवास्तव ने राजकुमारी को मृत घोषित कर दिया, जबकि अरविंद की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

# जिले में पहली बार लगा रोबोटिक्स कैंप, बच्चों ने खुद बनाए इलेक्ट्रॉनिक सर्किट

## अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच और हैप्पी हार्ट्स पब्लिक स्कूल की अनूठी पहल, 47 बच्चों ने सीखा विज्ञान का ककहरा




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले से एक बेहद अनोखी और सकारात्मक खबर सामने आ रही है। जहाँ अमूमन बच्चे गर्मियों की छुट्टियों में खेल-कूद में व्यस्त रहते हैं, वहीं बहराइच के बच्चों ने इस बार कुछ ऐसा किया है जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। जिले में पहली बार लगे एक अनोखे रोबोटिक्स कैंप में बच्चों ने खुद अपने हाथों से इलेक्ट्रॉनिक सर्किट और रोबोटिक्स के गुर सीखे हैं। डिजिटल इंडिया के दौर में अब बहराइच के नौनिहाल भी तकनीक की दुनिया में लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार हैं। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की 'पलाश शाखा' और 'हैप्पी हार्ट्स पब्लिक स्कूल' के साझा प्रयास से जिले में पहली बार पांच दिवसीय रोबोटिक्स कैंप और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। एसपी बंगले के पास स्थित स्कूल परिसर में जब यह कैंप शुरू हुआ, तो बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। इस पांच दिवसीय कैंप में कुल 47 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया। खेल-खेल में विज्ञान का ककहरा सीखने के लिए हर बच्चे को एक स्पेशल इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट किट दी गई। इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर और पिछले 3 सालों से रोबोटिक्स कोच के रूप में काम कर रही, पलाश शाखा की सचिव मोनिका माहेश्वरी ने बच्चों को कोडिंग और सर्किट्स की पेचीदगियां बेहद आसान भाषा में सिखाई। जो किताबें अब तक सिर्फ थ्योरी तक सीमित थीं, इस कैंप में बच्चों ने उन्हें हकीकत में बदलते देखा। ब्रेडबोर्ड, सेंसर, रेजिस्टर और ट्रांजिस्टर जैसे जटिल उपकरणों को बच्चों ने न सिर्फ समझा, बल्कि खुद अपने हाथों से अलग-अलग कनेक्शन और सर्किट तैयार किए। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में हैप्पी हार्ट्स पब्लिक स्कूल के निदेशक कृष्णा मिश्रा, मारवाड़ी युवा मंच पलाश शाखा की अध्यक्ष गुंजा अग्रवाल और कोषाध्यक्ष प्रेरणा माहेश्वरी ने अहम भूमिका निभाई। बहराइच में हुआ यह नवाचार यकीनन आने वाले समय में बच्चों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को एक नई उड़ान देगा। वाकई, बहराइच के इन छोटे वैज्ञानिकों की यह शुरुआत कल के बड़े आविष्कार की नींव बन सकती है। मारवाड़ी युवा मंच और स्कूल प्रबंधन का यह प्रयास सच में सराहनीय है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

### अदालत ने 50 हजार रुपये का लगाया अर्थदंड

**बहराइच।** जिले की पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को दोषी करार देते हुए 20 साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सजा के साथ ही उस पर अर्थदंड भी लगाया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र की एक महिला ने अगस्त 2024 में स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने आरोप लगाया था कि इलाके के सुधीर वर्मा ने बाग में झूला झूलते समय उसकी दस साल की नाबालिग बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी सुधीर वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तत्कालीन क्षेत्राधिकारी हीरालाल कन्नौजिया ने मामले में साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही और विवेचनात्मक कार्यवाही पूरी की।

# सौतेले भाइयों को फंसाने के लिए घर में लगाई थी आग



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** दरगाह थाना क्षेत्र में 16 मई को एक महिला की जलकर मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने चंदा के पति राजीव को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि राजीव ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर सौतेले भाइयों को फंसाने के लिए घर में आग लगाई थी, जिसमें चंदा बुरी तरह झुलस गई और बाद में उसकी मौत हो गई। नुरुद्दीनचक गांव में 16 मई को एक मकान में आग लगने से चंदा नामक महिला गंभीर रूप से झुलस गई थी। उसके पति राजीव ने महिला के सौतेले भाइयों पर आग लगाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। उसी दिन लखनऊ में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई थी। हालांकि, पुलिस को यह मामला शुरू से ही संदिग्ध लग रहा था। जांच के दौरान एक सीसीटीवी फुटेज में राजीव को डिब्बे में ज्वलनशील पदार्थ लाते हुए देखा गया। उसकी भूमिका संदिग्ध लगने पर मंगलवार को दरगाह पुलिस ने उसे बख्शीपुरा इलाके में स्थित ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ में राजीव ने बताया कि उसकी पत्नी चंदा का सौतेले भाइयों से जमीन का विवाद चल रहा था। उन्हें फंसाने के लिए पत्नी और उसने मिलकर घर में आग लगाई थी, लेकिन इसी दौरान चंदा खुद आग की चपेट में आ गई। अपर पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि यह पूरा मामला शुरू से ही संदिग्ध लग रहा था। जांच के दौरान मृतका के पति की गतिविधियों पर संदेह होने पर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने स्वयं मृतका के साथ मिलकर आग लगाने की बात कबूल की। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने मृतका के सौतेले भाइयों, शफी अहमद और शम्मी अहमद को भी हिरासत में लिया है।

## खबरें एक नजर में

### श्री विष्णु महायज्ञ और श्रीराम कथा शुरू

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड शिवपुर स्थित ग्राम पंचायत तिगड़ा में



मंगलवार को श्री विष्णु महायज्ञ और नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें हजारों की संख्या में पुरुषों और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। कार्यक्रम के पहले दिन अयोध्या धाम से पधारे प्रवाचक ने भगवान गणेश की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान प्रवाचक ने बताया कि महर्षि दुर्वासा द्वारा प्रदान की गई विशेष माला के अग्रपूजन का प्रभाव एक हाथी के मस्तक पर स्थापित हुआ था। बाद में भगवान शिव ने गणेश जी के कटे हुए शीश के स्थान पर उसी हाथी का मस्तक स्थापित किया, जिसके कारण गणेश जी को प्रथम पूज्य होने का गौरव प्राप्त हुआ। प्रवाचक ने भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से धर्म, श्रद्धा और विवेक के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों को आध्यात्मिक जीवन अपनाने की प्रेरणा दी, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इस दौरान पूरे आयोजन स्थल पर भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। कथा के समापन पर भगवान की भव्य आरती की गई और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग, ग्रामीण और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** जनपद बलरामपुर के थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय तथा क्षेत्राधिकारी उतरौला रघुवेंद्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम एवं मिशन शक्ति टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में महिलाओं और बच्चों को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसमें कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना समेत अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में बताया गया। टीम ने महिलाओं को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया और पात्रता संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई। जागरूकता कार्यक्रम में महिला सुरक्षा और महिला अधिकारों पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को महिला अपराध, घरेलू हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न और छेड़छाड़ जैसी घटनाओं के प्रति सजग रहने की सलाह दी। साथ ही किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल पुलिस और हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

# भारतीय भाषा समर कैंप का समापन

## भाषा खेलों और पारंपरिक प्रतियोगिताओं का आयोजन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बदरौली के राजकीय हाई स्कूल में बुधवार को भारतीय भाषा समर कैंप 2026 का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। कैंप के अंतिम दिन प्रेरणात्मक गतिविधियों, भाषा आधारित खेलों और पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कैंप में बच्चों ने अंताक्षरी, शब्द श्रृंखला, टंग ट्विस्टर और शब्द संघटन जैसे भाषा खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों ने विभिन्न प्रस्तुतियां भी दीं तथा प्रश्नोत्तरी गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाई। रोल-प्ले और फ्लैश कार्ड के माध्यम से बच्चों की भाषा संबंधी समझ और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करने का प्रयास किया गया। इसके अलावा बच्चों को खो-खो, कबड्डी और कैरम जैसे पारंपरिक खेल भी खिलाए गए। खेलों में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और रुचि के साथ भाग लिया। समापन समारोह में बच्चों की सहभागिता और प्रदर्शन की सराहना की गई। प्रधानाध्यापिका नीतू ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। शिक्षकों और प्रधानाध्यापिका के मार्गदर्शन में भारतीय भाषा समर कैंप 2026 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम का संचालन सुदामा देवी ने किया।

# एंटी करप्शन टीम ने डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को किया गिरफ्तार

## आधार केंद्र बंद कराने की धमकी देकर मांगी थी रिश्वत

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



एंटी करप्शन टीम गोंडा ने एक डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर आधार सेवा केंद्र और सीएससी कॉमन सेंटर बंद न कराने के एवज में प्रतिमाह रिश्वत मांगने का आरोप है। नगर कोतवाली इलाके में नगर पालिका कार्यालय के पास रिश्वत लेने का आरोपी का वीडियो भी सामने आया था। देहात कोतवाली क्षेत्र के बहादुर चक गांव निवासी राजेंद्र कुमार ने एंटी करप्शन टीम गोंडा के निरीक्षक धनंजय सिंह को शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि लखनऊ निवासी आशुतोष पांडे, जो सीएससी कॉमन सेंटर और आधार सेवा केंद्र के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर हैं, आधार सेंटर चलाने के लिए उनसे हर महीने 10 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। शिकायत के बाद टीम ने मंगलवार को नगर पालिका के पास जाल बिछाया। टीम ने आशुतोष पांडे को राजेंद्र कुमार से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ नगर कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। टीम आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। आरोपी को पकड़ने के लिए एंटी करप्शन टीम के सदस्यों ने अपनी वेशभूषा बदल ली थी, ताकि आरोपी को उन पर शक न हो सके।

# पंचायत विकास मंच के संयोजक हिरासत में



- बहराइच से लखनऊ में प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पंचायत विकास मंच के प्रदेश संयोजक सूरज शुक्ला को बुधवार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वे लखनऊ में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे, तभी कैसरगंज क्षेत्र में उन्हें रोका गया। शुक्ला के साथ संगठन के पदाधिकारी सूर्य प्रकाश सिंह (बुल्लू सिंह), अफान खान, राम छबीले निषाद, मंगलदास, रंजीत दास सहित कई ग्राम प्रधानों और समर्थकों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। पंचायत विकास मंच और प्रधान संगठन ने पंचायत चुनाव, प्रधानों के अधिकारों और पंचायतों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर 20 मई को लखनऊ के ईको गार्डन में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रस्तावित किया था। संगठन के पदाधिकारी और प्रधान इसी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बहराइच से लखनऊ जा रहे थे। प्रदेश संयोजक सूरज शुक्ला ने बताया कि संगठन के सभी सदस्य शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे। हालांकि, कोतवाली कैसरगंज और थाना फखरपुर की पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोककर हिरासत में ले लिया। शुक्ला ने आरोप लगाया कि पंचायत प्रतिनिधियों की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि अपने अधिकारों और पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

# चोरी के दो अदद मोबाइल जीआरपी ने किया बरामद



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग गोरखपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे क्षेत्राधिकारी अनुभाग गोरखपुर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी गोण्डा के नेतृत्व में थाना जीआरपी गोण्डा पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वस्तुओ की चेकिंग की जा रही थी कि प्लेटफार्म नं0-2/3 के पश्चिमी छोर पर पेड के चबूतरे के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से चोरी का दो अदद मोबाइल (01 अदद सैंमसंग मोबाइल रंग मटमैला व 01 अदद पोको कम्पनी रंग काला की मोबाइल) बरामद हुआ, जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 52/26 धारा 317 (2) बीएनएस पंजीकृत किया गया है। पूछताछ में जानकारी हुई कि रेलवे स्टेशन गोण्डा के आस पास अवध एक्सप्रेस ट्रेन के अन्दर सो रहे व्यक्तियो का मोबाइल चोरी कर बेचने के लिए आया था। उक्त चोरी हुये मोबाइल के साथ जीआरपी पुलिस गोण्डा द्वारा आज दि0-20-05-2026 को रेलवे स्टेशन गोण्डा के पीएफ नं0 02/03 के पश्चिमी छोर पेड के चबूतरे के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-** रामरुप मिश्रा उर्फ राजू पुत्र रामदीन मिश्रा निवासी इन्दिरा नगर कालोनी निकट आयशर एजेन्सी थाना को नगर जनपद गोण्डा उम्र करीब 42 वर्ष।

**बरामद सम्पत्ति का विवरण-** अभियुक्त के कब्जे से चोरी का दो अदद मोबाइल 01 अदद सैमसंग मोबाइल, 01 अदद पोको कम्पनी मोबाइल बरामद हुआ।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 25/2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैः-
क्रम सं.-1, कार्य का विवरणः इज्जतनगर डिवीजन के रामपुर-लालकुआं अनुभाग में फ्लैश बट वेल्डिंग का उपयोग करते हुये टी.आर.आर. (पी.)-57.6 ट्रैक किमी. एवं टी.टी.आर. (टी. डब्ल्यू.एस.)-19 सेट का कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में ₹ 9,97,70,200.85, बयाना राशि रूपयों में ₹ 19,95,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह।
(1) ई-निविदा दिनांक 10-06-2026 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
(2) ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर
मुजाधि / डब्लू-109
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## बिजली कटौती और गर्मी से परेशान लोग कुआं और नदी में ढूंढ रहे हैं राहत

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के सादुल्लानगर क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी और बिजली कटौती से परेशान लोग राहत पाने के लिए कुआनो नदी का रुख कर रहे हैं। दोपहर के समय नदी किनारे बच्चों और युवाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। लोग नदी में घंटों नहाते हैं, तैरते हैं और गर्मी से राहत पाते हैं। स्थानीय निवासी सोनू, राजू, सत्यप्रकाश, जगदम्बा, निसार, संतोष, विनय, अनूप और नन्हा,राजू बताते हैं कि क्षेत्र में बिजली की अनियमित आपूर्ति ने जीवन मुश्किल कर दिया है। ऐसे में कुआनो नदी ही उन्हें थोड़ी राहत देती है। लोग यहां परिवार और दोस्तों के साथ वक्त बिताते हैं और प्राकृतिक माहौल का आनंद लेते हैं।

## पति अस्पताल में, प्रेमी घर में, इंस्टाग्राम वाली दोस्ती पहुंची थाने

**गोंडा/धानेपुर, समृद्धि न्यूज़।**

सोशल मीडिया पर दोस्ती और फिर घर तक पहुंचने का एक मामला जिले में चर्चा का विषय बन गया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के बाबूराम पुरवा गांव में शादीशुदा महिला से मिलने पहुंचे प्रेमी को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार, बाबूराम पुरवा निवासी एक महिला का पति इन दिनों जिला अस्पताल में हर्निया का ऑपरेशन करवाकर भर्ती है। आरोप है कि इसी दौरान बस्ती जिले का रहने वाला एक युवक महिला से मिलने उसके घर पहुंच गया। **इंस्टाग्राम से शुरू हुई कहानी-** ग्रामीणों ने बताया कि महिला और युवक की दोस्ती इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। धीरे-धीरे बातचीत बढ़ी और मुलाकात का सिलसिला शुरू हो गया। पति के अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी मिलते ही युवक महिला से मिलने गांव पहुंच गया। **ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ा-** गांव में गैर-पुरुष को महिला के घर में देखकर ग्रामीणों को शक हुआ। पूछताछ के बाद सच्चाई सामने आई तो लोगों ने युवक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। **प्रेमी के साथ रहने की जिद-**

बताया जा रहा है कि मामले के खुलासे के बाद महिला अब अपने प्रेमी के साथ ही रहने की जिद पर अड़ी है। वहीं पति अस्पताल में भर्ती होने के कारण मौके पर मौजूद नहीं था। धानेपुर थाना पुलिस ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। दोनों पक्षों को थाने बुलाकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

# गोंडा में बड़ा हादसाः अंतिम संस्कार में पहुंचे दीपक वर्मा को मगरमच्छ खींच ले गया, तलाश जारी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। सोनौली मोहम्मदपुर के उदयभान पाही में अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे एक युवक को मगरमच्छ नदी में खींच ले गया। घटना के बाद से युवक का कोई पता नहीं चल पाया है।

**क्या है पूरा मामला?**

जानकारी के अनुसार, दीपक वर्मा अपनी पत्नी और बच्ची के साथ उदयभान पाही में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान वे नदी के किनारे गए थे, तभी अचानक एक मगरमच्छ ने उन पर हमला कर दिया और उन्हें खींचकर नदी में ले गया।

**पत्नी-बच्ची के सामने हुआ हादसा**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह दर्दनाक मंजर दीपक की पत्नी और बच्ची के सामने हुआ। शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोग दौड़े, लेकिन तब तक मगरमच्छ दीपक को गहरे पानी में ले जा चुका था।

**तलाश जारी, नहीं लगा सुराग**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे। नदी में दीपक वर्मा की तलाश जारी है, लेकिन खबर लिखे जाने तक उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस और वन विभाग की टीम सर्च ऑपरेशन चला रही है।

**क्षेत्र में दहशत**

इस घटना के बाद उदयभान पाही और आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि नदी में मगरमच्छों की संख्या बढ़ गई है, जिससे खतरा बना रहता है।

# एमएसएमई सेक्टर बनेगा विकसित यूपी का मजबूत आधार : भूपेन्द्र



- 96 लाख इकाइयों से 3 करोड़ लोगों को रोजगार, निर्यात में 46 फीसदी योगदान
- उद्यम स्थापना से निर्यात तक हर स्तर पर मिलेगा सहयोग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम यानि एमएसएमई मंत्री भूपेन्द्र चौधरी ने कार्यभार ग्रहण के उपरांत विधानसभा के सभागार कक्ष संख्या-80 में समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश को विकसित राज्य बनाने में एमएसएमई सेक्टर की भूमिका को और सशक्त बनाया जाए। इस अवसर पर राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे।

श्री चौधरी ने कहा कि उद्यमियों के लिए अनुकूल वातावरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उद्यम स्थापना से लेकर उत्पादन, विपणन और निर्यात तक प्रत्येक स्तर पर उद्यमियों को समुचित सहयोग उपलब्ध कराया जाए, जिससे निवेश और रोजगार के अवसरों में निरंतर वृद्धि हो।बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां हैं जिनके माध्यम से 3 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार प्राप्त हो रहा है। प्रदेश के कुल निर्यात में एमएसएमई क्षेत्र का योगदान लगभग 46 प्रतिशत है, जो इसकी आर्थिक महत्ता को दर्शाता है।

श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विभाग की योजनाओं को तेजी से लागू किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना से युवाओं एवं पारंपरिक कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाया जाए। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़े वर्गों को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं से जोड़ा जाए।उन्होंने 'मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यम दुर्घटना बीमा योजना' एवं 'उत्तर प्रदेश सूक्ष्म लघु उद्योग तकनीकी उन्नयन योजना' के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि उद्यमियों को सुरक्षा के साथ-साथ आधुनिक तकनीक से भी सशक्त किया जाए। प्रदेश में निजी औद्योगिक पार्कों की स्थापना, जिला उद्योग केंद्रों के आधुनिकीकरण के निर्देश भी दिए। श्री चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि एमएसएमई सेक्टर प्रदेश को देश के अग्रणी और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके माध्यम से युवाओं को लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बैठक में प्रमुख सचिव एमएसएमई शशि भूषण लाल सुशील, विशेष सचिव शिशिर, आयुक्त एवं निदेशक उद्योग के. विजेंद्र पांडियन तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

### औद्योगिक वातावरण बनाना एमएसएमई विभाग का उद्देश्य

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग का मूल उद्देश्य प्रदेश में औद्योगिक वातावरण स्थापित करना है। मीडिया से मुखातिब एमएसएमई मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमविभाग का लक्ष्य उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने, उत्पादों के विपणन और निर्यात में हर संभव सहायता प्रदान करना है। विभाग योजनाओं के माध्यम से उद्योगों की स्थापना और रोजगार सृजन का प्रयास करता है। उत्तर प्रदेश में 96 लाख से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम इकाइयां एमएसएमई हैं, जिनके जरिये 3 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को रोजगार मिल रहा है।राज्य से होने वाले कुल निर्यात का लगभग 46 फीसदी एमएसएमई क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। सरकार का प्रयास है कि एमएसएमई इकाईयों को और अधिक गति प्रदान की जाए।

# मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता सरकार का लक्ष्य : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रदेश सरकार जी-राम-जी यानि मनरेगा अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जनपद में लोकपाल की नियुक्ति की गई है ताकि जी-राम-जी यानि मनरेगा से संबंधित शिकायतों की निष्पक्ष और प्रभावी जांच की जा सके। श्री मौर्य ने कहा कि जी-राम-जी देश और प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन तथा बुनियादी विकास कार्यों को गति देने वाली महत्वपूर्ण योजना है।

योजना अंतर्गत कार्यों के क्रियान्वयन में अनियमितता या शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा। लोकपाल की नियुक्ति का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, श्रमिकों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई शिकायतों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच और समयबद्ध तरीके से समाधान किया जा सके।

मनरेगा के कार्यों में अनियमितता, भ्रष्टाचार या नियमों की अवहेलना की शिकायत प्राप्त होती है तो लोकपाल द्वारा गहन जांच की जाएगी। जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों या कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी ताकि योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे।

श्री मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोकपाल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध ढंग से निस्तारण किया जाए, शिकायतकर्ता को भी प्रगति और परिणाम की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि मनरेगा के अंतर्गत होने वाले विकास कार्य गुणवत्तापूर्ण हों और इसका लाभ वास्तविक पात्र लोगों तक पहुंचे। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को पूरी पारदर्शिता, ईमानदारी के साथ लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। लोकपाल व्यवस्था से योजना के क्रियान्वयन में और अधिक पारदर्शिता आएगी तथा जनता का विश्वास और मजबूत होगा।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ की नीलम शंखवार को मिला वीजी मिसेज इंडिया ग्लोबल आइकॉन फिनिक्स क्वीन 2026 का ताज



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी की नीलम शंखवार को वीजी मिसेज इंडिया ग्लोबल आइकॉन फिनिक्स क्वीन 2026 का ताज मिला। पेशे से शिक्षिका नीलम शंखवार ने आज लखनऊ में एक पत्रकार वार्ता में बताया कि यह ताज नई दिल्ली के फेयरली होटल्स एंड रिसॉर्ट्स में राष्ट्रीय स्तर की कड़ी सौन्दर्य प्रतियोगिता में हासिल किया है। यह प्रतियोगिता फ्रीम ड्रेस एंड वी द क्वीनस थीम पर आधारित थी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल राउंड, डांस राउंड, इवनिंग गाउन सेग्मेंट, टैलेंट शोकेस, पर्सनल इंटरव्यू और रैंप वॉक शामिल था। नीलम की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और निरंतर प्रयास का अहम योगदान रहा। उन्होंने यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य के प्रति सच्ची लगन और आत्मविश्वास हो, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। इस उपलब्धि पर नीलम ने कहा की जीत का यह ताज केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि यह दर्शाता है कि उसने अपनी सीमाओं को तोड़ा है, रूढ़ियों को पीछे छोड़कर अपनी एक नई पहचान बनाई है, चाहे वह एक कामकाजी महिला हो या गृहिणी। उन्होंने कहा कि यह ताज न केवल सुंदरता का प्रतीक है, बल्कि हर महिला के लचीलेपन, संतुलन और सपनों की यात्रा का प्रतीक है। मैं यह जीत उन सभी महिलाओं को समर्पित करती हूँ जो अपने परिवार, करियर और समुदाय में चमकने की आकांक्षा रखती हैं।

### कारागार मंत्री ने सड़क दुर्घटना में दिखाई संवेदनशीलता काफिला रोक बच्चों को पहुंचाया अस्पताल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** झांसी की ओर जाते समय प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने मानवता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए कानपुर देहात क्षेत्र में सड़क दुर्घटना का शिकार हुए स्कूली बच्चों की तत्काल सहायता की। कानपुर देहात में सिंगूर नदी के पास मावर शरीफ गांव में एक स्कूली बस की आमने-सामने से एक ट्रक से टक्कर हो गई। मंत्री दारा सिंह चौहान का काफिला वहां से गुजर रहा था। दुर्घटना को देखकर उन्होंने तुरंत काफिला रुकवाया और स्वयं मौके पर पहुंचकर बच्चों का हाल-चाल जाना।कारागार मंत्री ने अधिकारियों एवं स्थानीय प्रशासन को निर्देश देते हुए घायल बच्चों को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था कराई। उनकी तत्परता एवं संवेदनशीलता के चलते बच्चों को समय पर चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई जा सकी। सौभाग्यवश दुर्घटना में किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई। 2 बच्चों को मामूली चोट आई थी, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सुरक्षित बताए गया हैं।

### यूपी राष्ट्रीय बचत विभाग को मृत संवर्ग घोषित करने पर बनी स्थायी समिति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश शासन के वित्त विभाग ने राष्ट्रीय बचत विभाग को मृत संवर्ग घोषित करने हेतु सचिव संदीप कौर की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में 12 वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।बैठक में निर्णय लिया गया कि विभाग के सीधी भर्ती, पदोन्नति के पदों को अन्य निदेशालयों में समायोजित अथवा समाप्त करने हेतु सचिव वित्त की अध्यक्षता में स्थायी समिति गठित की जाए। समिति में विशेष सचिव वित्त, कार्मिक विभाग व अन्य अधिकारी शामिल होंगे। आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के अधीन 5 क्षेत्रीय कार्यालयों के विलय की प्रक्रिया शुरू होगी। सांख्यिकीय व सहायक सांख्यिकीय अधिकारियों को छोड़कर अन्य संवर्गों के कार्मिकों को समायोजित करने पर सहमति बनी। अंतिम निर्णय स्थायी समिति करेगी।

### नि:शुल्क सेमी मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन के लिए आवेदन 10 जून तक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित नि:शुल्क टूल किट्स वितरण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में सेमी मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन के चयन एवं वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी एके गौतम नेबताया कि इच्छुक लाभार्थी बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से 10 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत दोना-पत्तल निर्माण कार्य से जुड़े कारीगरों एवं इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले परंपरागत व्यक्तियों को नि:शुल्क सेमी मोटराइज्ड मशीन प्रदान कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। आवेदन के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है।लाभार्थियों का चयन शासन द्वारा गठित समिति के माध्यम से किया जाएगा। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 8 कैण्ट रोड, कैसरबाग, लखनऊ में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क कर सकते हैं।

### गोण्डा के लिए 95.58 लाख रुपये मंजूर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार ने पूर्वांचल विकास निधि राज्यांश के अंतर्गत गोण्डा की 1 विकास परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 95 लाख 58 हजार रूपये मंजूर किए हैं। शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से गोण्डा के गोण्डा कटरा मार्ग से पहड़वा खेजवा पेड से अहिरनपुरवा से पहड़वा तक संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य कराया जाएगा। मंजूर की जा रही धनराशि संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से आहरित कर उपलब्ध करायी जाएगी।

# सपा सरकार बनी तो हल होगा 69,000 शिक्षक भर्ती का मामला : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव हैं। समाजवादी पार्टी ने साफ कर दिया है कि वो अपने पुराने फॉर्मूले पर काम करेगी।

समाजवादी पार्टी की पीडीए ऑडिट को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई जिसमे अखिलेश यादव के अलावा डिंपल, शिवपाल यादव और इकरा हसन समेत सपा के कई सांसद मौजूद रहे। इस दौरान आरक्षण का मिशन अधूरा, अखिलेश यादव करेंगे पूरा के नारो की गूंज सुनाई दी।

अखिलेश यादव ने यूपी की जनता को बता दिया है कि वो पीडीए यानि पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक को न केवल साथ लेकर चलेंगे बल्कि उनके आरक्षण के अधिकारों को पूरा करने को लेकर गंभीर हैं। राज्य में उनकी सरकार बनती है तो सरकार बनने के पहले 90 दिनों के भीतर 69,000



शिक्षक भर्ती को न्याय दिलाने का काम करेंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि नौकरी में आरक्षण मार रहे रहे है ये लोग।ष्सबसे पहले 69000 शिक्षक भर्ती को विषय को लिया है। इन लोगों ने बहुत संघर्ष किया। कोई ऐसा स्थान नहीं छोड़ा जहां पर इन्हें न्याय न मिल जाए। बीजेपी के नेताओं के समक्ष अपनी बात रखने के पूरे प्रयास किए हैं। 69000 शिक्षक भर्ती 2019

### बीजेपी सरकार आरक्षण में मचा रही लूट : सपा प्रमुख

सपा प्रमुख ने बीजेपी को चुनौती दी कि आंकड़े गलत हो तो सही कर दें। अखिलेश ने इस दौरान पीडीए को मिलने वाले आरक्षण में लूट के आंकड़े पेश किए हैं। अखिलेश ने कई भर्तियों में आरक्षण में लूट की भर्ती के उदाहरण दिए। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, अभी एक राज्य में बीजेपी की सरकार बनी है उसने वंहा ओबीसी आरक्षण को 17 से 7 प्रतिशत कर दिया है।अखिलेश यादव ने पीएम मोदी खर्च में कटौती की अपील पर भी तंज कसा।उन्होंने कहा,अर्थव्यवस्था वो अच्छी होती है, जिसमें ज्यादा पैसा खर्चा हो। सरकार न पैसा कमाने दे रही है और न खर्च करने दे रही है,इसलिए नौकरियां खत्म कर रही है। हम 90 दिन में जातिगत जनगणना कराकर दिखा देंगे। अखिलेश ने कहा, आरक्षण को नकारने की वजह क्या है? पिछले 5 हजार साल में 2 बड़ा विभाजन रहा है वर्चस्ववादी और वंचित लोग. वर्चस्ववादी और वंचित वर्ग के बीच 5 फीसदी और 95 फीसदी का अनुपात रहा है। इन्हें बराबरी पर लाने के लिए बाबा साहब ने आरक्षण की व्यवस्था की, जो 2014 तक सुचारू रूप से चली. 2014 में जब छलावे वाली सरकार आई तब जो लोग अंडर ग्राउंड लोग ओवर ग्राउंड होने लगे। सपा प्रमुख ने कहा कि बीजेपी की कोशिश तो कोर्ट रूपी थर्ड अंपायर को भी मैनेज करने की रहती है।बीजेपी नहीं चाहती सबको बराबरी का मौका मिले।

संवैधानिक आरक्षण मिलना चाहिए 27 प्रतिशत, लेकिन मिला है 3.86 प्रतिशत, जो लूट हुई है वो है 23.14 प्रतिशत।

पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट में सबको मिलाकर जो लूट हुई है उसका आंकड़ा 20 हजार सीटों का है। इसे खुद यूपी सरकार ने स्वीकार किया है कि शिक्षक भर्ती में आरक्षण की लूट हुई है।

# यूपी ने बिजली आपूर्ति में बनाया नया रिकॉर्ड : शर्मा

- बीते दिवस पूरे देश में बिजली की पीक डिमांड 260 गीगावाट की गई दर्ज



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में बिजली की मांग और खपत ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच रही है। भीषण गर्मी के बीच प्रदेश ने फिर रिकॉर्ड विद्युत आपूर्ति कर नई उपलब्धि हासिल की है।

बीते दिवस शाम प्रदेश की पीक डिमांड 30160 मेगावाट रही, जिसे सफलतापूर्वक पूर्ण किया। पिछले तीन वर्षों की तरह प्रदेश में अब तक की सर्वाधिक बिजली आपूर्ति है तथा पूरे देश में भी उत्तर प्रदेश शीर्ष राज्यों में शामिल रहा।

देशभर में भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार बीते दिवस पूरे देश में बिजली की पीक डिमांड 260 गीगावाट दर्ज की गई। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में भी उत्तर प्रदेश द्वारा रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति ऊर्जा विभाग की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। श्री शर्मा ने विद्युत कर्मियों एवं अधिकारियों से आग्रह किया है कि गर्मी के चुनौतीपूर्ण समय में विद्युत आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने हेतु पूरी सजगता एवं समर्पण के साथ कार्य करें। प्रदेश सरकार जनता की सेवा के लिए दिन-रात कार्य कर रही है तथा सभी के सहयोग से प्रदेश में बेहतर बिजली व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

# विपक्ष की नकारात्मक, भ्रम फैलाने वाली राजनीति समझ चुकी है जनता : पंकज

- कांग्रेस-सपा को पच नहीं रहा मोदी का वैश्विक स्तर पर सम्मान



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयानों पर कहा कि देश और प्रदेश की जनता विपक्ष की नकारात्मक, भ्रम फैलाने वाली और अवसरवादी राजनीति को समझ चुकी है। जिन दलों ने दशकों तक देश की अर्थव्यवस्था, सामाजिक न्याय और संविधान को केवल परिवार और वोटबैंक की राजनीति का माध्यम बनाया, आज वही लोग जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रहे हैं।

श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वैश्विक स्तर पर बढ़ता सम्मान कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को पच नहीं रहा है। भारत दुनिया की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। दुनिया के बड़े-बड़े राष्ट्र भारत के साथ रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी साझेदारी बढ़ाने को उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी के विदेश दौरे भारत के हितों को मजबूत करने, निवेश लाने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए होते हैं, लेकिन राहुल गांधी हर राष्ट्रीय उपलब्धि में भी राजनीति, नकारात्मकता खोजने का कामकरते हैं। इटली में प्रधानमंत्री मोदी व प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के बीच सौहार्दपूर्ण संवाद को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी अपरिपक्व मानसिकता और हताशा को दर्शाती है। राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा जितनी आज बढ़ी है, उतनी पहले कभी नहीं रही। राहुल गांधी द्वारा देश में आर्थिक संकट की बात करना हास्यास्पद है। जब कांग्रेस की सरकार थी तब देश भ्रष्टाचार, घोटालों, नीति पक्षाघात और आर्थिक अस्थिरता से जूझ रहा था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी को आरक्षण और सामाजिक न्याय पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है। सपा सरकार के समय प्रदेश में भर्ती प्रक्रियाओं में भ्रष्टाचार, जातिवाद, परिवारवाद चरम पर था।

# आउटसोर्स कर्मियों के पारिश्रमिक वृद्धि को मिली स्वीकृति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

- निदेशक सूचना विशाल सिंह द्वारा दी गई इस स्वीकृति से लंबे समय से प्रतीक्षारत आउटसोर्स कर्मियों को मिली बड़ी राहत



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए निदेशक सूचना विशाल सिंह ने विभाग में कार्यरत आउटसोर्स जनशक्तियों को संशोधित एवं बढ़े हुए पारिश्रमिक का भुगतान किए जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

लगभग छह वर्षों से आउटसोर्स कर्मियों के पारिश्रमिक में कोई वृद्धि नहीं हुई थी, जिसके कारण कर्मचारियों द्वारा समय-समय पर इस संबंध में मांग उठाई जा रही थी।

विभागीय स्तर पर गठित समिति द्वारा इस विषय पर विस्तृत परीक्षण एवं शासनादेशों के अनुरूप संस्तुति तैयार की गई थी। शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम पारिश्रमिक एवं आउटसोर्स सेवा निगम की व्यवस्था के अनुसार विभाग में कार्यरत विभिन्न श्रेणी के कर्मियों के पारिश्रमिक पुनर्निर्धारित किए गए हैं। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार विभाग में कार्यरत विभिन्न पदों को श्रेणीवार निर्धारित न्यूनतम पारिश्रमिक का लाभ मिलेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह निर्णय आउटसोर्स कर्मियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ विभागीय कार्यों में उनकी कार्यक्षमता को भी और अधिक सुदृढ़ करेगा।

उल्लेखनीय है कि विभाग द्वारा शासन के विभिन्न आदेशों एवं आउटसोर्स सेवा निगम के प्रावधानों का अनुपालन करते हुए प्रस्ताव तैयार किया गया था। निदेशक सूचना विशाल सिंह द्वारा दी गई इस स्वीकृति से लंबे समय से प्रतीक्षारत आउटसोर्स कर्मियों को बड़ी राहत मिली है तथा उन्हें बढ़े हुए पारिश्रमिक का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

# मायावती से मिलने पहुंचे कांग्रेस नेताओं की बढ़ी मुश्किलें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



- पार्टी ने जारी किया कराण बताओ नोटिस

बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती के लखनऊ स्थित आवास पर मंगलवार शाम कांग्रेस के कई नेताओं का बिना तय कार्यक्रम और बिना आधिकारिक अनुमति के पहुंचना विवाद का कारण बन गया है और इस मामले में पार्टी ने उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा है।

कांग्रेस नेतृत्व के लिए और अधिक असहज स्थिति इस वजह से बनी कि यह दौरा पार्टी नेता राहुल गांधी की रायबरेली यात्रा के दौरान हुआ, लेकिन प्रतिनिधिमंडल मायावती से मुलाकात नहीं कर सका। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ, जब कुछ घंटे पहले ही समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने संकेत दिया था कि उनकी पार्टी का कांग्रेस के साथ गठबंधन 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव तक जारी रहेगा। मायावती के आवास पहुंचे नेताओं में कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम और विभाग की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं सांसद तनुज पुनिया शामिल थे। पुनिया ने बुधवार को कहा कि यह दौरा सद्भावना भेंट के तौर पर था। उन्होंने कहा, मंगलवार शाम लखनऊ में राजेंद्र पाल जी के नेतृत्व में पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग की बैठक हुई थी। हमारा पार्टी कार्यालय बसपा प्रमुख के आवास के पास ही है। बैठक के बाद जब हम मायावती के घर के सामने से गुजर रहे थे, तो हमने सोचा कि उनसे शिष्टाचार मुलाकात कर ली जाए। वह भी हमारे ही समाज से आती हैं और वरिष्ठ नेता हैं। हालांकि, पुनिया ने स्वीकार किया कि प्रतिनिधिमंडल मायावती से मुलाकात नहीं कर सका। उन्होंने उन खबरों को भी खारिज किया, जिनमें कहा गया था कि दलित नेता राहुल गांधी का कोई संदेश लेकर मायावती के पास पहुंचे थे। पुनिया ने फोन पर कहा, यह सही नहीं है। मैं अभी राहुल जी के कार्यक्रम में रायबरेली में ही हूं। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि पार्टी ने इस मामले का संज्ञान लिया है।

**सराहनीय**

## 13,500 से अधिक बसों को वीएलटीडी से जोड़ा

# रोडवेज बसों की लाइव ट्रैकिंग से सुरक्षित होगा सफर

- बस के साथ ड्राइवरों की हर गतिविधि की हो रही कमांड सेंटर से निगरानी
- मार्गदर्शी पोर्टल पर यात्री भी बसों की देख पा रहे लाइव लोकेशन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगातार प्रयास करती आ रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम यूपीएसआरटीसी यात्रियों को सुरक्षित, सुगम यात्रा का अनुभव देने के लिए बड़े पैमाने पर नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। यूपीएसआरटीसी की बसों की लाइव ट्रैकिंग हो रही है ताकि प्रतिदिन बसों में सफर करने वाले 16 लाख से अधिक यात्रियों की सुरक्षा पुख्ता की जा सकेयूपीएसआरटीसी के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक प्रदेश में परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए 13,500 से अधिक बसों को व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस वीएलटीडी से जोड़ा जा चुका है।

इसकी ट्रैकिंग लखनऊ स्थित मुख्यालय के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से हो रही है। बसों में प्रतिदिन 16 लाख से अधिक लोग यात्रा कर रहे हैं। बसों की ट्रैकिंग के लिए हर रोज 24 घंटे मुख्यालय का कमांड सेंटर और 20 रीजनल मॉनिटरिंग सेंटर एक्टिव रहते हैं। यहां से बस की ओवर स्पीड, तेज ब्रेक लगाने, तेज गति में बस मोड़ने, तय सीमा से अधिक रफ्तार पर बस चलाने, तय रूट समेत अन्य पर नजर रखी जा रही है। इसकी मुख्यालय से रोज रिपोर्ट तैयार होती है और गलती पाए जाने पर बस ड्राइवर को चेतावनी या कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

लाइव ट्रैकिंग के साथ इन बसों में हादसे या आपात स्थिति के लिए पैनिक बटन भी लगाए गए हैं। इनका इस्तेमाल होते ही अलर्ट यूपीएसआरटीसी कमांड सेंटर के साथ यूपी पुलिस के कंट्रोल रूम को भी जाता है। यूपीएसआरटीसी के मार्गदर्शी पोर्टल और निगम की वेबसाइपट पर ट्रैक माई बस के जरिए यात्रियों को काफी सुविधा मिल रही है। यात्री बस की लोकेशन कहीं से भी लाइव देख सकते हैं।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-279/ई.ई.-3/निविदा/2026-27 दिनांक- 20.05.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 27.05.2026 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किए जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27.05.2026 को समय 01:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुयी सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सायंकाल खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/ आपूर्ति का विवरण | धरोहर राशि | निविदा का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying & Jointing Work of 140 Meter 90 mm P.V.C. pipeline Chandganj Aliganj Lko | 3300.00 | 200+18% GST=236 | 07 दिवस |
| 2. | Laying & Jointing Work of 300 Meter 90 mm P.V.C. pipeline Kendiry vidhyala Sector P Aliganj | 5500.00 | 300+18% GST=354 | 07 दिवस |
| 3. | Laying & Jointing Work of 140 Meter 90 mm P.V.C. pipeline Indra Nagari Aliganj Lko | 3400.00 | 200+18% GST=236 | 07 दिवस |

नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्यदिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम**
**लखनऊ**

# शाहजहांपुर में गूंजा नदियों को बचाने का संकल्प

**जल चौपाल में भैंसी नदी के पुनरुद्धार की हुई चर्चा**



**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नदियों और जल स्रोतों के अस्तित्व को बचाने तथा आने वाली पीढ़ी को जल संकट से उबारने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में जिला गंगा समिति शाहजहाँपुर के बैनर तले विकास खंड बंडा के ग्राम देवकली स्थित सुभाष चंद्र बोस कालेज में जल संरक्षण हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं और जल चैपाल का आयोजन किया गया। जिला परियोजना अधिकारी डॉ. विनय कुमार सक्सेना के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर युवाओं और आम जनमानस को जल एवं नदी संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर लोक भारती के महानगर संयोजक आलोक मिश्रा ने एक जनपद, एक नदी की तर्ज पर जिले में पुनर्जीवित हो रही भैंसी नदी के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भैंसी नदी का पुनरुद्धार पूरे क्षेत्र के लिए एक मिसाल है और पर्यावरण संतुलन के लिए हमारी नदियों का निर्मल व अविरल होना बेहद जरूरी है। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. संजय अवस्थी ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नमामि गंगे परियोजना पर प्रकाश डाला। उन्होंने जिला प्रशासन और लोक भारती के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि तालाबों और नदियों का संरक्षण केवल सरकार की नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। जागरूकता अभियान के तहत कालेज में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर पर जल की महत्ता को उकेरा, जिसमें शीतल ने प्रथम, सेजल ने द्वितीय एवं साक्षी देवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, जल सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दर्शिका, राधिका और यश रस्तोगी विजयी रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रधानाचार्या कुसुम मिश्रा एवं सम्मानित मंच द्वारा पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर छात्र-छात्राओं द्वारा एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें जल है तो कल है और नदी बचाओ-जीवन बचाओ जैसे गगनभेदी नारों से पूरा इलाका गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकगण, आशीष मिश्रा, हिमांशु सक्सेना सहित समस्त स्टाफ और जिला गंगा समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# बजाज मिल और वैज्ञानिकों ने किया गन्ना की फसल का निरीक्षण

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल इकाई मकसूदपुर व गन्ना शोध संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा संयुक्त रूप से चीनी मिल परिक्षेत्र में गन्ना फसल का निरीक्षण कर किसानों को जानकारी दी। बजाज हिन्दुस्थान शुगर मकसूदपुर द्वारा गन्ना किसानों के भविष्य को सुरक्षित और समृद्ध बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की गई। विभागाध्यक्ष गन्ना सुग्रीव पाठक के नेतृत्व में गन्ना शोध संस्थान से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. सुजीत प्रताप सिंह, डा. नीलम कुरील, डा. अरविन्द कुमार द्वारा चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम मकसूदापुर, भगवन्तापुर, अम्बा बुजुर्ग, बरगदा, ढकुरी बुजुर्ग, चिकटिहा, कुण्डरा, धरमगदापुर, उगनापुर, पट्टीछज्जूपुर, देवकली, गज्जूखेड़ा, सिंघापुर कुरसण्डा, बीठा जमालपुर आदि ग्रामों में कृषक के गन्ना खेतों पर जाकर किसान भाइयों को जागरूक किया, वैज्ञानिकों ने गन्ने की प्रचलित एवं नवीन गन्ना किस्मों की सही पहचान, प्रजाति चुनाव, क्षेत्र में उपयुक्त किस्मों का विस्तार, उत्पादन क्षमता में वृद्धि, पेड़ी प्रबन्धन आदि विषयों पर किसान भाइयों से विस्तार से चर्चा की। एवं गन्ने की फसल में लगने वाले प्रमुख रोग एवं कीट की पहचान व बचाव की जानकारी दी। इस मौके चीनी मिल के सतीश कुमार सिंह, निर्मल सिंह, शोभित शुक्ला सहित तमाम किसान भाई मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### प्रधान पर दुष्कर्म और धमकी देने का आरोप

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** महिला ने ग्राम प्रधान पर दुष्कर्म और धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थाना सदर बाजार क्षेत्र की रहने वाली महिला ने सिधौली थाना क्षेत्र के गांव भायपुर निवासी प्रधान रघुबीर यादव के खिलाफ तहरीर दी है। महिला का आरोप है कि उसके पति सफाई कर्मचारी थे, जिनकी मृत्यु के बाद उसे नौकरी मिली थी। महिला ने बताया कि प्रधान काफी समय से उस पर गलत नजर रखता था और बहाने से बुलाने की कोशिश करता रहता था। महिला के अनुसार 18 मई की सुबह करीब 11.30 बजे प्रधान ने फोन कर कहा कि उसकी वेतन स्लिप पर हस्ताक्षर कराने हैं और जल्दी से सड़क किनारे बने उसके मकान पर पहुंच जाए। आरोप है कि जब वह वहां पहुंची तो प्रधान ने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि डर और बदनामी के भय से उसने तत्काल किसी को घटना की जानकारी नहीं दी। बाद में आरोपी द्वारा फोन पर दोबारा धमकी दिए जाने पर उसने पुलिस से शिकायत की। महिला ने यह भी बताया कि घटना के दौरान उसके कपड़ों पर दाग पड़ गए थे।

### बच्चों ने प्रकृति वन्य जीव एवं पानी के महत्व को समझा




**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के मुड़िया मोड़ स्थित एम ए पब्लिक स्कूल एवं ग्लोरियस माइनॉरिटी पब्लिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चों एवं शिक्षकों ने शैक्षिक भ्रमण के तहत आज पीलीभीत जिले में स्थित टाइगर रिजर्व चूका बीच एवं खटीमा के समीप स्थित पानी के डैम को देखा, डैम को देखकर बच्चे एवं शिक्षक रोमांचित होते हो उठे प्रकृति को करीब से देखकर सभी शिक्षकों एवं बच्चों ने प्रकृति को बचाने का संकल्प लिया। स्कूल के सह प्रबंधक अब्दुल रहमान खान, कोऑर्डिनेटर जशनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में गए बच्चों ने प्रकृति वन्य जीव एवं पानी के महत्व को समझा वहां पर बच्चों ने हिरन भालू मगरमच्छ वन्य जीवों को देखकर प्रकृति को करीब से देखकर सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ एम ए पब्लिक स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने सभी बच्चों को प्रकृति एवं वन्यजीवों के संरक्षण का संकल्प दिलाया उन्होंने कहा कि वन्य जीव एवं प्रकृति हमारे पर्यावरण का अंग है इन्हें संरक्षित रखना इनकी प्राकृतिक सुंदरता को निहारना हमारे दिल को सुकून पहुंचाता है भ्रमण करने वाले बच्चे आनंद से रोमांचित हैं। स्कूल की प्रिंसिपल इरम मंसूरी, एम ए पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक सर्वेश सिंह कृष्ण पाल सिंह उप प्रबंधक राशिद अंसारी पल्लवी राठौर सिमरन कौर पल्लवी राठौर जैद मंसूरी अंशिका सिंह आदित्य सिंह अंशिका प्रजापति श्याम अग्निहोत्री अथर्व अग्निहोत्री वरुण राज सौरभ राठौर आयुष गौतम आफताब खान वासुदेव सिंह जितेंद्र कुशवाहा शिवम वर्मा ऋषभ पाल वीरपाल यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### दहेज लेना-देना अपराधः अमृता




**शाहजहांपुर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत खुटार की ग्राम पंचायत रामपुर में दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 के प्रावधानों की जानकारी दी।उन्होंने बताया गया कि दहेज लेना, देना और मांगना तीनों कानूनन अपराध हैं। इसके लिए 5 साल तक की जेल और 15,000 रुपये तक जुर्माना या दहेज की राशि, जो भी अधिक हो, का प्रावधान है। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे संकल्प लें कि न दहेज लेंगे न देंगे। दहेज प्रथा तभी खत्म होगी जब लड़के खुद आगे आकर इसका विरोध करेंगे। शिक्षा व संस्कार ही असली दहेज है। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा ने बताया कि दहेज उत्पीड़न की शिकायत वूमेन हेल्पलाइन 181, 1090 व पुलिस हेल्पलाइन 112 पर दर्ज कराई जा सकती है। अंत में सभी उपस्थित महिलाओं व पुरुषों ने दहेज न लेने और न देने की शपथ ली। इस अवसर पर जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा, जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा, पंचायत सहायक प्रदीप कुमार सहित ग्रामीण महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे।

# पंचायत चुनाव से पहले प्रधानों को मिल सकता है बड़ा जिम्मा, प्रशासक बनाए जाने के लगाए जा रहे कयास

**खुटार,शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। प्रदेशभर में यह कयास लगाए जा रहे हैं कि ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद सरकार उन्हें ही ग्राम पंचायतों का प्रशासक नियुक्त कर सकती है। हालांकि अभी तक शासन स्तर से कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है, लेकिन पंचायती राज विभाग से जुड़े सूत्रों के अनुसार इस संबंध में जल्द निर्णय लिया जा सकता है। बताया जा रहा है कि प्रदेश में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल मई के अंतिम सप्ताह में समाप्त हो रहा है। ऐसे में पंचायत चुनाव होने तक ग्राम पंचायतों के संचालन को लेकर सरकार नई व्यवस्था लागू कर सकती है। चर्चाएं हैं कि ग्राम पंचायत सचिवों के बजाय वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर विचार किया जा रहा है, ताकि गांवों में विकास कार्य प्रभावित न हों। प्रदेश के कई जिलों में प्रधान संगठनों के पदाधिकारियों ने भी इस संभावना पर खुशी जताई है। उनका कहना है कि प्रधान गांव की समस्याओं और जरूरतों से सीधे जुड़े रहते हैं, इसलिए प्रशासनिक व्यवस्था उनके हाथ में रहने से योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। राजनीतिक जानकार इसे आगामी विधानसभा चुनावों से जोड़कर भी देख रहे हैं। माना जा रहा है कि सरकार ग्राम प्रधानों के माध्यम से गांव स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखना चाहती है। फिलहाल सभी की नजर शासन के संभावित आदेश पर टिकी हुई है। यदि ऐसा फैसला होता है तो प्रदेश के हजारों ग्राम प्रधानों को पंचायत चुनाव तक बड़ी प्रशासनिक जिम्मेदारी मिल सकती है।

### एसपी से लगाई गुहार, तो बंडा पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**बंडा, शाहजहांपुर।** थाना बंडा क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। बंडा पुलिस द्वारा समय पर उचित कार्रवाई न किए जाने से परेशान होकर पीड़िता की मां ने अब पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने आरोपियों पर स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के चलते कार्रवाई को रुकवाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थाना बंडा क्षेत्र के ग्राम विपरा जप्ती की रहने वाली मिथिलेश कुमारी पत्नी अनिल शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते 11 मई 2026 को दोपहर करीब 2 बजे उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री आरुषी का अपहरण कर लिया गया। आरोप है कि ग्राम भायपुर थाना सिंधौली निवासी शिवम पुत्र रामनिवास, विपिन कुमार पुत्र लल्ला सिंह और उनका बहनोई सुनील पुत्र शिशुपाल, निवासी अज्ञात एक गाड़ी लेकर मिथिलेश के दरवाजे पर आए और उसकी नाबालिग बेटी को जबरन उठाकर ले गए। पीड़िता ने बताया कि घटना के बाद वह लगातार अपनी बेटी को तलाशती रही। सुराग मिलने पर उसने स्थानीय थाना बंडा में 12 मई, 16 मई और 19 मई को लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि शुरुआत में थाना बंडा पुलिस ने पहले तो कार्यवाही करने की बात कही लेकिन बाद में कथित तौर पर आरोपियों ने अपने धनबल का इस्तेमाल कर पुलिसिया कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डलवा दिया। आरोप है कि जब बंडा पुलिस ने उसकी एक न सुनी तो वह हताश होकर बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने एसपी से मांग की है कि उक्त सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ तत्काल सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसकी नाबालिग पुत्री को सकुशल बरामद कर उसे सुपुर्द किया जाए। वहीं इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की रिपोर्ट दर्ज हो गई है, जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# धरना-प्रदर्शन स्थल पहुंचीं महापौर, सफाई कर्मियों से किया संवाद

**निगम के एक अधिकारी द्वारा टिप्पणी को लेकर किया जा रहा था प्रदर्शन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर निगम परिसर में सफाई कर्मियों द्वारा निगम के एक अधिकारी द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर चल रहे धरना-प्रदर्शन किया जा रहा था। जानकारी पर धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर महापौर अर्चना वर्मा ने वहां उपस्थित सफाई कर्मियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं मांगों को सुना। महापौर ने सभी कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाए संबंधित मुद्दों पर संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। महापौर ने कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को सुचारु एवं प्रभावी बनाए रखने में सफाई कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने में उनका योगदान सराहनीय है तथा नगर निगम उनके हितों, सम्मान एवं समस्याओं के समाधान के प्रति पूर्ण रूप से संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों से जुड़े विषयों का समाधान संवाद एवं आपसी समन्वय के माध्यम से किया जाएगा तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए हैं, ताकि समस्याओं का शीघ्र एवं सकारात्मक समाधान सुनिश्चित हो सके।

# ट्यूलिप चिल्ड्रेन अकेडमी में समर कैंप आयोजित



**पुवायां, शाहजहांपुर।** ट्यूलिप चिल्ड्रेन अकैडमी में समर कैंप का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के शैक्षणिक, रचनात्मक और मानसिक विकास को बढ़ावा देना था। कैंप के दौरान बच्चों ने ड्राइंग, डांस, खेलकूद, क्राफ्ट गतिविधियों तथा बच्चों को आरएमएल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में स्विमिंग भी कराई गई जिसमें सभी बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय की प्रिंसिपल शिवानी सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। समर कैंप को सफल बनाने में विद्यालय के अध्यापकों श्रेया मिश्रा, दीपु शुक्ला, प्रिया मिश्रा, अदिति गुप्ता, जसकीरत कौर, अर्पिता सिंह, शगुन गुप्ता, रिमझिम गुप्ता, नम्रता अवस्थी, बादल मिश्रा, छाया गुप्ता, कल्पना शर्मा, ज्योतिका पांडेय एवं ललिता देवी का विशेष योगदान रहा। इसके साथ-साथ आरएमएल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के शिक्षक भी शामिल रहें। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहना दी गई। समर कैंप ने बच्चों को सीखने, खेलने और नई प्रतिभाओं को निखारने का एक बेहतर मंच प्रदान किया। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को सफल और यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ब्यूटी पार्लर का 35 दिवसीय प्रशिक्षण पंजीकरण आज से

**शाहजहांपुर।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान नियामतपुर में ब्यूटी पार्लर का 35 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का पंजीकरण आज गुरुवार 21 मई से शुरू हो रहा है , इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण हो रहे हैं, इच्छुक कैंडिडेट 18-50 वर्ष संस्थान में आकर अपना पंजीकरण करा कर कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण में सम्पूर्ण जिले से 35 सीट निर्धारित हैं। स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक युवतियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड-जॉब कार्ड, चार फोटो ,बैंक पासबुक की फोटो कॉपी, जाति प्रमाण पत्र यदि उपलब्ध हो,निवास प्रमाण पत्र यदि उपलब्ध हो। उक्त दस्तावेज आवेदक लेकर संस्थान के में सुबह 9रू30 से 5 बजे तक संस्थान में आकर आवेदन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मलित हो। प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतया निरूशुल्क है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9695701376, 8736057424, 8756391284 कर सकते हैं। प्रशिक्षण के उपरांत ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। जानकारी बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान के निदेशक विशाल शुक्ला ने दी।

# परिवार परामर्श केंद्र पर दो परिवारों का समझौता कराया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एसपी सौरभ दीक्षित के कुशल निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन पुलिस लाइन में किया गया। 18 पत्रावली पर सुनवाई की गयी तथा 2 दम्पति को सकुशल विदा किया गया। थाना रामचंद्र मिशन के एक दंपति, जिनका विवाह लगभग 2 वर्ष पूर्व हुआ था। पीड़िता पिछले 6 माह से अपने मायके में रह रही थी। पीड़िता द्वारा बताया गया कि उसके पति अपने माता-पिता की बातों को अधिक महत्व देते हैं तथा उसे घर से बाहर आने-जाने की स्वतंत्रता नहीं देते थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के मध्य विवाद उत्पन्न हो गया, जिसके कारण आवेदिका नाराज होकर अपने मायके चली गई थी। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाकर समझाया गया। परामर्श के दौरान द्वितीय पक्ष द्वारा अपनी गलती स्वीकार कर ली गई। परामर्श उपरांत दोनों पक्ष आपसी सहमति से पुनः साथ रहने के लिए तैयार हो गए तथा आपस में समझौता कर लिया। इसके उपरांत दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। इसके अलावा थाना रामचंद्र मिशन एक दंपति जिनका विवाह लगभग 2 वर्ष पूर्व हुआ था। पीड़िता पिछले 02 माह से अपने मायके में रह रही थी। पीड़िता द्वारा बताया गया कि उसके पति अपनी बहन की बातों को अधिक महत्व देते हैं तथा वह जैसा कहती हैं, पति वैसा ही करते हैं। पीड़िता के अनुसार जब भी वह मायके जाने की बात करती थी, तो पति द्वारा उसे जाने से रोका जाता था तथा विवाद होने के बाद ही वह अपने मायके आ पाती थी। द्वितीय पक्ष द्वारा बताया गया कि उसकी पत्नी बिना बताए अपने मायके चली जाती है, जिस कारण दोनों के मध्य विवाद उत्पन्न हुआ था और आवेदिका नाराज होकर अपने मायके चली गई थी। दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र बुलाकर समझाया गया। परामर्श के दौरान द्वितीय पक्ष द्वारा अपनी गलती स्वीकार कर ली गई। परामर्श उपरांत दोनों पक्ष आपसी सहमति से पुनः साथ रहने के लिए तैयार हो गए तथा आपस में समझौता कर लिया। इसके उपरांत दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र से सकुशल विदा किया गया। इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र म.उ.नि. मधु यादव, महिला मुख्य आरक्षी चंद्रकांता शर्मा, म.आ. मोनिका कुमारी, महिला आरक्षी शीतल चैहान, महिला आरक्षी निशा मिश्रा, महिला आरक्षी रश्मि चैधरी आदि मौजूद रहें।

### बाइक और साइकिल की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल, बालक भी चोटिल



**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव हरनाई में बुधवार को मुख्य मार्ग पर बाइक और साइकिल की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि साइकिल सवार बालक को भी चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार भेजा गया।

जानकारी के अनुसार प्रतापपुर निवासी विनोद कुमार पुत्र नारायण लाल किसी काम से बाइक द्वारा हरनाई गांव आए हुए थे। काम निपटाने के बाद वह वापस अपने गांव प्रतापपुर लौट रहे थे। इसी दौरान हरनाई गांव में रामकुमार गुप्ता की दुकान के सामने सामने से आ रहे साइकिल सवार बालक अंकुश पुत्र रामनिवास से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार विनोद कुमार सड़क पर गिर पड़े और उनकी नाक से खून बहने लगा। वहीं साइकिल सवार अंकुश को भी चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घायलों की मदद में जुट गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार विनोद कुमार को अधिक चोटें आई हैं। घटना के बाद कुछ समय तक मार्ग पर लोगों की भीड़ लगी रही।

# लखनऊ की घटना की जांच कराकर दोषी पुलिस अधिकारियों पर हो कार्रवाई

**सीबीए के अधिवक्ताओं ने सीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरनाम सिंह यादव और महासचिव नन्द किशोर उर्फ राजेश अवस्थी के नेतृत्व में तमाम अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम न्यायिक सदर चित्रा निर्वाल को सौंपा। इससे पूर्व अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। दिए गए ज्ञापन में बताया कि लखनऊ के अधिवक्ताओं पर पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज से अधिवक्ताओं में काफी रोष व्याप्त हैं, जिसकी सभी अधिवक्ता घोर निंदा व भर्त्सना करते है। उन्होंने मांग कि उत्तर प्रदेश शासन लखनउ की उक्त घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करे। इसके अलावा मांग की लाठी चार्ज में घायल हुए अधिवक्ताओं को पांच-पांच लाख की आर्थिक मुआवजा दिया जाए, और ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। इस दौरान उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार मिश्रा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष वैभव श्रीवास्तव, विवेक कुमार यादव, अक्षय अवस्थी, अभिषेक मिश्रा, ओम सिंह, रफत जहां, राकेश शर्मा, अंचल दीक्षित आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# थाने के बाहर खड़े ट्रक से डीजल चोरी

**चालक ने पुलिस कार्रवाई पर उठाए सवाल**



**खुटार, शाहजहांपुर।** खुटार थाने के मुख्य गेट के पास खड़े एक ट्रक से सैकड़ों लीटर डीजल चोरी होने का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था और रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खास बात यह है कि चोरी की वारदात उसी स्थान पर हुई जहां दिन-रात पुलिस कर्मियों की आवाजाही बनी रहती है। ट्रक किसी दुर्घटना संबंधी मामले में थाने के बाहर खड़ा कराया गया था। ट्रक चालक का आरोप है कि देर रात अज्ञात लोग एक कार से पहुंचे और ट्रक के डीजल टैंक का लॉक तोड़कर करीब 350 लीटर डीजल निकाल ले गए। सुबह जब चालक ट्रक के पास पहुंचा तो उसे घटना की जानकारी हुई। इसके बाद उसने तत्काल पुलिस को सूचना दी। चालक का कहना है कि पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें कुछ संदिग्ध लोग दिखाई भी दिए हैं। बावजूद इसके पुलिस किसी ठोस कार्रवाई के बजाय उसी से सवाल-जवाब कर रही है। चालक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि चोरी का शिकार होने के बाद भी उसे ही संदेह की नजर से देखा जा रहा है। उसने चेतावनी दी कि यदि स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं हुई तो वह मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में करेगा। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि जब थाने के बाहर खड़े वाहन सुरक्षित नहीं हैं तो आम नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच किए जाने की बात कह रही है। अब देखना यह होगा कि पुलिस आरोपियों तक पहुंच पाती है या मामला जांच तक सीमित रह जाता है।

# 13 केंद्रों पर लेखपाल भर्ती परीक्षा आज, खुफिया एजेंसियां अलर्ट

▸ एडीएम प्रशासन व एसपी सिटी ने बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आज गुरुवार को जनपद में 13 परीक्षा केंद्रों पर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की लेखपाल मुख्य परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक ही पाली में होगी। परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन व शांतिपूर्ण तरीके से संपंन कराने के लिए कड़े इंतजाम किए गए हैं। डीएम-एसपी द्वारा निरंतर परीक्षा की तैयारियों पर नजर रखी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षार्थियों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड व बरेली मोड़ पर कन्ट्रोल रुम की स्थापना की गई है, जहां पर बैठकर अधिकारी लोग बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाने की मदद करेगें। केंद्रों पर पेयजल, टायलेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित रखने को केन्द्र व्यवस्थापकों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक एक सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की तैनाती की गई है। शाहजहांपुर में 5424 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं।

एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा व एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने कलेक्ट्रेट में बैठकर परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। एडीएम प्रशासन ने बताया कि नकलचियों से निपटने के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। कलेक्ट्रेट कन्ट्रोल रुम से सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट है।

## पशु मित्र पर इलाज के नाम पर रुपए मांगने का आरोप, जांच के निर्देश

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव हरिहरपुर में आवारा और बीमार गौवंशों के इलाज को लेकर ग्रामीणों ने गांव बेला निवासी एक पशु मित्र पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पशुओं के उपचार के नाम पर उनसे रुपए मांगे जाते हैं और पैसे न देने पर इलाज नहीं किया जाता। मामले को लेकर गांव में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में कई गौवंश बीमार अवस्था में पड़े हैं। सूचना देने पर संबंधित पशु मित्र मौके पर पहुंचते हैं, लेकिन उपचार शुरू करने से पहले रुपए की मांग करते हैं। आरोप है कि इससे पहले भी गौशाला में बीमार पशुओं के इलाज के नाम पर पैसे लिए गए थे, जबकि मौके पर केवल फोटो खींचकर औपचारिकता पूरी कर दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि कई पशुओं को समय पर समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। मामले की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। खंड विकास अधिकारी खुटार आशीष सिंह ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर बीमार पशुओं की स्थिति का निरीक्षण करेंगे और उनका बेहतर उपचार कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों की भी जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एबीवीपी के सकोरा अभियान से पक्षियों को मिली राहत, सीओ ने भी बढ़ाया हाथ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जलालाबाद नगर इकाई के द्वारा भीषण गर्मी में पक्षियों और बेजुबान जीवों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बुधवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी परिसर में सकोरा अभियान चलाया गया। परिषद के विकासार्थ विद्यार्थी (SFD) आयाम के तहत आयोजित परिषद कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण पक्षियों एवं अन्य जीव-जंतुओं को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। ऐसे में यह पहल केवल जल उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति संवेदनशीलता का संदेश भी देती है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने विद्यार्थी परिषद की इस पहल की सराहना की और आमजन से अपील की कि वे भी अपने घरों, छतों और आसपास खुले स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें, ताकि भीषण गर्मी में बेजुबानों को राहत मिल सके।

## महेंद्रा टी स्टॉल पर छापामार कर भरे गए सैंपल

▸ अधिवक्ता श्रवण कुमार सिंह की शिकायत पर हुई कार्रवाई, जिला खाद्य निरीक्षक के निर्देश में भरे गए कई सैंपल

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



संयुक्त बार एसोसिएशन अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह द्वारा मुख्यमंत्री से गई शिकायत के तारतम्य में महेंद्रा टी स्टॉल पर खाद्य विभाग की टीम ने छापामार कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। इस दौरान शोर शराबा होने के बाद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। बुधवार को जिला खाद्य निरीक्षक वागीश मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम तहसील गेट के समीप स्थित महेंद्र टी स्टॉल पहुंची। और खाद्य विभाग की टीम ने यहां से वनस्पति, वेसन और दूध का सैंपल भरे। जिन्हें सील कर जांच के लिए भेज दिया गया है। गौर तलब है कि संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह द्वारा बीती 1 मई को मुख्यमंत्री से महेंद्र टी स्टॉल में साफ सफाई न होने, नाबालिक कर्मचारियों से काम कराने तथा घटिया सामग्री से खाद्य पदार्थ निर्मित कराकर बेचने की शिकायत करते हुए जांच कराए जाने की मांग की थी। श्री त्रिपाठी ने बताया कि इसके साथ ही टी स्टाल मालिक को होटल में साफ सफाई रखने बर्तनों की बेहतर तरीके से धुलाई कराने के साथ ही सफाई वाले स्थान को अलग सुरक्षित करने के लिए नोटिस दिया गया है। खाद्य विभाग की कार्यवाही के दौरान अधिकारियों को शांति बनाए रखने के लिए कोतवाली से पुलिस फोर्स भी बुलाना पड़ा। इस दौरान खाद्य निरीक्षक मनोज कुमार, विनय कुमार मौजूद रहे।

## एलपीजी सिलेंडर न मिलने पर उपभोक्ताओं ने किया हंगामा

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एलपीजी गैस उपभोक्ताओं ने एजेंसी पर सिलेंडर उपलब्ध न होने से कुपित होकर एजेंसी से लेकर सड़क तक जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम में समझा बझाकर उपभोक्ताओं को शांत कराया। बुधवार को इंडेन गैस एजेंसी ग्राम राजनपुर रोड स्थित पर एलपीजी उपभोक्ता सुबह से ही जुटना शुरू हो गए जिसके चलते यहां पर काफी भीड़ हो गई।उपभोक्ताओं में आक्रोश तब और फैल गया जब उन्हें गैस एजेंसी कर्मचारियों के द्वारा बताया गया कि अभी स्टाक में एलपीजी सिलेंडर मौजूद नहीं है और वह लोग गुरुवार को आए। पिछले कई दिनों से सिलेंडर लेकर गैस एजेंसी के चक्कर लगा रहे उपभोक्ताओं में जिसके चलते आक्रोश फैल गया। और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया उपभोक्ता यहीं पर शांत नहीं हुई बल्कि ग्राम राजनपुर को जाने वाले रोड पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया और गाड़ियों को रोकने लगे। हंगामा और सड़क मार्ग अवरुद्ध करने की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और गैस उपभोक्ताओं को समझा बूझाकर रोड से अलग हटाते हुए शांत किया।सड़क पर हंगामा कर रहे लोगों के हटते ही यातायात फिर एक बार सुचारू रूप से चालू हो गया।ऑपरेटर मौजूद न होने के चलते केवाईसी की सुविधा भी यहां पर ठप पड़ी थी। साथ ही उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग भी नहीं हो पा रही थी। नगर के मोहल्ला नजरपुर निवासी शकील ने बताया कि वह कई दिनों से गैस एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं उन्हें सिलेंडर नहीं मिल पाया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपालपुर नगरिया के शोभित ने बताया कि उनकी मां ईश्वरवती के नाम पर गैस कनेक्शन है और वह कई दिनों से एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं, रोज उन्हें यह कहकर वापस कर दिया जाता है कि सिलेंडर अभी उपलब्ध नहीं है।

## एसडीएम, सीओ व कोतवाल ने रात कई घंटे तक बालू खनन पकड़ने को खाक छानी

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बालू खनन की शिकायत के चलते देर रात एसडीएम जीत सिंह राय ने सीओ इशिका सिंह व कोतवाल के साथ कई गांवों से सटे गर्रा नदी घाटों पर दौरा किया। जिसकी खनन माफियाओं को भनक लग जाने से पकड़ा धकड़ी संभव नहीं हो सकी। जानकारी के मुताबिक के मंगलवार रात करीब 12 बजे एसडीएम श्री राय को गांव चीती बोझी व रटा क्षेत्र में खनन किए जाने की शिकायत मिली थी। एसडीएम ने

▸ टीम पहुंचने की भनक लगते ही माफिया हुए भूमिगत

सीओ इशिका सिंह को बुलाया। और कोतवाल प्रिंस शर्मा व पुलिस बल के साथ गंतव्य की ओर प्रस्थान किया। उधर इस छापामार कार्यवाही के लिए पुलिस व प्रशासनिक अमले के पहुंचे से पूर्व ही खनन माफियाओ को भनक लग गई और खनन में जुटे ट्रेक्टर ट्रालियां अधिकारियों के पहुंचने तक हटवा दिया गया। अंततः गांव चीती बोझी , प्रहलादपुर विट्ठल पुर , चक बरेंचा , रटा आदि घाटों की रात तीन बजे तक खाक छानने के बाबजूद खनन किए जाने की धर पकड़ नहीं हो सकी। और टीम को बैरंग लौटना पड़ा। वहीं खनन माफियाओं में खासा हड़कमो मचा रहा।

## शिक्षकों ने समायोजन में अनियमितताओं का लगाया आरोप



▸ विधायक, डीएम व बीएसए से मिल कर समायोजन प्रक्रिया स्थगित किए जाने की मांग की

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में संचालित उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की समायोजन प्रक्रिया के अंतर्गत ददरौल, भावलखेड़ा, निगोही सहित अन्य विकास खंडों में गंभीर एवं व्यापक अनियमितताएं प्रकाश में आई हैं। अनेक शिक्षकों के मानव सम्पदा पोर्टल पर अंकित विषयों से भिन्न विषय समायोजन के लिए जारी सूचियों में उन्हें नियम विरुद्ध लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदर्शित किए गए हैं। कुछ जगह एक ही विषय के सभी शिक्षकों को विद्यालय में रखा गया है जबकि कुछ जगह एक विषय के 2 शिक्षक होने पर भी एक शिक्षक को सरप्लस दिखा दिया गया है, जिससे समायोजन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता संदिग्ध हो गई है। मानव सम्पदा पोर्टल पर अंकित विषय ही अधिकृत एवं प्रमाणिक अभिलेख है, किन्तु इसके विपरीत गलत विषय अंकित कर सूची जारी किया जाना यह दर्शाता है कि कुछ शिक्षकों को उनके विषय परिवर्तित कर समायोजन से बचाने का प्रयास किया गया है। इसमें रूपये के लेन - देन संबंधी भ्रष्टाचार की आंशका भी है। शिक्षकों ने डीएम को दिए गए पत्र में 23 शिक्षकों के विषय परिवर्तन उन्हें अनुचित लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से सरप्लस सूची में नहीं दिखाए जाने का आरोप लगाया है। जबकि वास्तविकता में जांच कराने पर पूरे जनपद में अति गंभीर अनिमियता प्रकाश में आएगी। जिन शिक्षकों ने अपने विषय बदलकर समायोजन से बचने का प्रयास किया है, उनमें विनय गुप्ता, मसूद कमाल, चेतना वर्मा, फरहत जहां, निर्मला देवी, सिर्ताज जहां, नवनीत कौर, आंचल, गुलशन आरा, राजकुमारी, मोहम्मद फिरोज, अनीता वर्मा, अर्पना, रीना भास्कर, मो. वासिफ, फरजाना परवीन, अवधेश मैथिल, ममता गुप्ता, हुमा आफताब आदि के नाम शिकायती प्रार्थनापत्र में दिखाए गए हैं। शिक्षकों ने डीएम को पत्र देकर मांग की है कि उच्चतम न्यायालय के आदेश में होने वाले समायोजन में धोखाधड़ी करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध न्यायालय की अवमानना के आरोप में कार्रवाई की जाए। क्योंकि विषय और छात्र संख्या की सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक और खंड शिक्षा अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से मांगी गई थी। ज्ञापन देने वालों में डा. विनय भट्ट, सुमन राठौर, मनोज राठौर, विजय कुमार, नीलिमा शर्मा, पूनम कन्नौजिया, श्रुति शर्मा, सत्यपाल सिंह, विनोद कुमार, विमला देवी, शशि कुमार, शिखा, सुलक्षणा, नीलिमा आदि शिक्षक शामिल रहे।

## एसडीएम ने ईद-उल-अजहा को लेकर कोतवाली में की पीस कमेटी बैठक

▸ सीओ इशिका सिंह , ईओ सत्येंद्र प्रकाश भी रहे मौजूद

**तिलहर-शाहजहांपुर**



एसडीएम की अध्यक्षता में कोतवाली हुई पीस कमेटी की बैठक में ईद उल अजहा के मद्देनजर मोमिन धर्मगुरुओं से विचार विमर्श किया गया। बुधवार शाम छह बजे एसडीएम श्री राय व सीओ इशिका सिंह कोतवाली पहुंचीं। यहां मौजूद लोगों से ईद उल अजहा के मद्देनजर किसी समस्या अथवा सुझाव मांगे गए। जिस पर सभी ने पूर्व में ईद के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जाहिर की। एसडीएम ने

जानवरों की कुर्बानी का बाद बचे अवशेषों को निस्तारित किए जाने की बाबत ईओ सत्येंद्र प्रकाश को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मोमिन भाइयों से अपील की कि कुर्बानी अवशेष को ढकने के लिए सर्व मान्य रंग के कपड़े आदि को ही इस्तेमाल में लाया जाए। किसी भी कुर्बानी की फोटो अथवा वीडियो न बनाई जाए। उन्होंने बच्चों की शरारतों पर नजर बनाए रखने पर बल देते हुए त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। सीओ इशिका सिंह ने बताया कि बड़े जानवरों की कुर्बानी के 12 स्थल हैं। ध्यान रहे कि खुले में कोई कुर्बानी न हो। ताकि कोई भी दूर से उसकी फोटो या वीडियो बनाकर वायरल कर सके।

उन्होंने इस दौरान किसी भी समस्या के लिए कोतवाल अथवा उन्हें सूचना देने या फिर पीआरवी को बुलाकर निस्तारण कराएं। खुद हैंडल करने की कोशिश न करें। घर में की जाने वाली कुर्बानी के चलते नाली में रक्त न बहाएं। इस मौके पर नेव तहसीलदार मनु माथुर, कोतवाल प्रिंस शर्मा व स्टाफ मौजूद रहा। बैठक का संचालन व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि ने किया।

## सीएम योगी से मिलीं विधायक सलोना कुशवाह, तिलहर के विकास कार्यों पर हुई चर्चा



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

तिलहर विधानसभा की विधायक सलोना कुशवाह ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। लखनऊ में हुई इस मुलाकात के दौरान विधायक ने तिलहर विधानसभा क्षेत्र में सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष कई प्रस्ताव रखे। उन्होंने क्षेत्र की जनसमस्याओं और लंबित विकास कार्यों से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का भरोसा दिलाया। विधायक सलोना कुशवाह ने कहा कि तिलहर विधानसभा के समग्र विकास और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य कराए जाएंगे।

## गांव-गांव पहुंची ज्योति कलश रथयात्रा, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

**शाहजहांपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में तहसील तिलहर क्षेत्र में निकाली जा रही ज्योति कलश रथयात्रा का दूसरे दिन मंगलवार को विभिन्न गांवों में उत्साह और श्रद्धा के साथ स्वागत किया गया। दयूरिया, बतलैया, नेवादा, मलकापुर, बाबूपुर और नगरिया समेत कई गांवों में ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर रथयात्रा का अभिनंदन किया। रथयात्रा के दौरान सीताराम जी ने ग्रामीणों को यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि ज्योति कलश रथयात्रा समाज में आध्यात्मिक जागरण, संस्कार निर्माण और विचार क्रांति का संदेश लेकर चल रही है। उन्होंने कहा कि यह अभियान लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम है। पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। यात्रा के दौरान ग्रामीणों को पूज्य गुरुदेव का सद्साहित्य, अखंड ज्योति और युग निर्माण साहित्य वितरित किया गया। साथ ही लोगों से विचार क्रांति अभियान से जुड़ने का आह्वान किया गया। सायंकाल बाबूपुर नगरिया में कृष्णपाल सिंह के आवास पर भव्य दीपयज्ञ का आयोजन हुआ। दीपयज्ञ संपन्न कराते हुए सीताराम जी ने कहा कि दीपयज्ञ केवल दीपों का प्रकाश नहीं, बल्कि मानव जीवन से अज्ञान और नकारात्मकता दूर कर ज्ञान एवं संस्कारों का संदेश देने का माध्यम है। व्यक्ति के भीतर सकारात्मक परिवर्तन होने पर ही समाज और राष्ट्र में वास्तविक बदलाव संभव है। इस अवसर पर श्याम, सीताराम कपूर, रथ सारथी राकेश, गायत्री परिवार तिलहर प्रभारी संजीव सक्सेना, रामकुमार रस्तोगी, भानुप्रताप मिश्रा, बांकेलाल, प्रेमपाल सक्सेना और आशीष रस्तोगी समेत बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य मौजूद रहे। रथयात्रा के दौरान पुलिसकर्मियों का भी सराहनीय सहयोग रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मनोज कुमार पुत्र मुक्ता प्रसाद व उसकी पत्नी सविता पत्नी मनोज कुमार जो आये दिन झगड़ा-फसाद कर मुझे व पूरे परिवार को अकारण परेशान करते हैं उनके आचरण ठीक न होने एवं दुर्व्यवहार से तंग आकर मैंने उन्हें अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने समस्त सम्बंध विच्छेद कर लिया हैं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगे।जिनके द्वारा किये गये कृत्यों से मेरा कोई लेना-देना नहीं होगा। **मुक्ता प्रसाद पुत्र स्व. नरेश चंद्र मिश्रा निवासी ग्राम सिसौरा थाना फूलबेहड़ जिला लखीमपुर खीरी।**

**अदालती सूचना**

**ता.पेशी 15-07-2026 इश्तहार**
**मुजरिया न्यायालय सिविल जज जू.डि. तिलहर- शाहजहांपुर**
मूल वाद संख्या- 223, वर्ष 2025
सुनीता देवी पत्नी रंजीत सिंह
नि.ग्रा.फरीदापुर पर. व तह.
तिलहर शाहजहांपुर..
**वादिनी**
**बनाम**
**जनसाधारण.. प्रतिवादीगण।**

अंतर्गत धारा भा. उ. द. अधि.सन् 1925ई.दरख्वास्त मुसम्मी सुनीता देवी वादिनी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व. रंजीत सिंह नि.ग्रा. फरीदापुर पर. व तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधि.सन् 1925ई.हरगाह मुसम्मी सुनीता देवी वादिनी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टीफिकेट वतारीख 15-07-2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है, लिहाजा इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को दरख्वास्त हाजा की निस्वत उजर हो तो स्वंय या वकील वतारीख 15-07-2026 पेश होकर उजर पेश करे। दरसूरत इन्काजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज वतारीख 07-05-2026 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज (जू.डि.)/न्या. मजिस्ट्रेट तिलहर- शाहजहांपुर**

## पहल: 1 करोड़ 17 लाख से बनेगा डिजिटल स्टडी सेंटर

▸ नगर पालिका परिषद पुवायां की पहल, युवाओं को देगी निखरने का अवसर

**प्रभाकर मिश्रा**

**शाहजहांपुर।** नगर पालिका परिषद पुवायां में एक बड़ी सौगात युवाओं, विद्यार्थियों को मिलने जा रही है। जहां पर मुख्यमंत्री वैश्विक नगर उदय योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 17 लाख की लागत से एक डिजिटल स्टडी सेंटर बनने जा रहा है। जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जल्द ही स्टडी सेंटर का निर्माण कार्य खुटार रोड स्थित गांधी पार्क में शुरू हो जाएगा। बताते चलें कि यह डिजिटल स्टडी सेंटर पर देश के भविष्य के कह जाने वाले होनहार युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का अवसर मिलेगा। इसमें शहर के साथ साथ आसपास के गांव के बच्चे भी आकर अपनी पढ़ाई कर सकेगें। नगर पालिका की ओर से एक पहचान पत्र लाइब्रेरी आने वाले छात्र-छात्राओं व अन्य लोगों को जारी किया जाएगा। नगर पालिका प्रशासन की यह पहल उन युवाओं के लिए बेहतर साबित होगी, जोकि अपनी पढ़ाई के लिए शांतिपूर्ण वातावरण चाहते हैं। इसके लिए वह प्राइवेट लाइब्रेरी या कोचिंग सेंटर ज्वाइन करते हैं,लेकिन सरकारी डिजिटल लाइब्रेरी बनने से युवाओं को सहूलियत मिलेगी। सब कुछ ठीकठाक रहा तो इस वर्ष नगरवासियों को डिजिटल स्टडी सेंटर तैयार होकर मिल जाएगा।

ईओ कल्पना शर्मा ने बताया कि नगर पालिका की ओर से गांधी पार्क में डिजिटल लाइब्रेरी निर्माण कराया जाएगा। भविष्य अगर और डिजिटल स्टडी सेंटर बनाने की आवश्यकता लगी तो उस पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमतौर पर प्राइवेट लाइब्रेरी तो यहां है, लेकिन डिजिटल तरह की यह पहली सरकारी लाइब्रेरी खुलेगी।



कल्पना शर्मा

## घुंघचाई थाना क्षेत्र में घरेलू परमिशन की आड़ में खुलेआम अवैध खनन

▸ प्रति ट्रैक्टर 1,000 की वसूली का आरोप

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**

घुंघचाई थाना क्षेत्र में मिट्टी खनन का खेल दिन-दहाड़े चल रहा है। घरेलू उपयोग की परमिशन लेकर बड़े पैमाने पर व्यावसायिक खनन किया जा रहा है और इससे उपजाऊ भूमि बर्बाद हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि थाना प्रशासन की मिलीभगत से यह खेल फल-फूल रहा है। लोगों के अनुसार, कबीरपुर कसगंजा, भूपसिंह गुलड़िया, सिकरहना, सिमरिया, अजीतपुर बिल्हा, माधौपुर, घुंघचाई, सिमराया समेत कई गांवों में खनन माफिया सक्रिय है। इन लोगों ने बताया कि मात्र घरेलू परमिशन पर 100 घन मीटर मिट्टी निकालने की अनुमति ली जाती है, लेकिन खुलेआम सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली मिट्टी निकालकर बेची जा रही है।

स्थानीय ट्रैक्टर चालकों में चर्चा है कि प्रति ट्रैक्टर रु.1000 की दर से रोजाना वसूली की जा रही है। एक ट्रैक्टर मालिक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि दिन के हिसाब से रु.1000 देने पड़ रहे हैं। अगर परमिशन सिर्फ 100 घन मीटर की है तो फिर वसूली क्यों? मिट्टी की बिक्री 1100 से 1200 रुपये प्रति ट्रैक्टर के हिसाब से हो रही है। तेज गति से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली चलने से क्षेत्र की सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं।

खनन करने वाले किसानों की उपजाऊ भूमि को खोद-खोदकर बेच रहे हैं, जिससे कृषि योग्य जमीन तेजी से नष्ट हो रही है। स्थानीय लोगों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि खनन माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, जिस कारण खनन का दायरा लगातार बढ़ रहा है।पीड़ितों का कहना है कि प्रशासन और पुलिस अगर चाहे तो एक दिन में इस अवैध खनन पर रोक लग सकती है, लेकिन अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई है। घुंघचाई थाना प्रभारी राजीव कुमार से इस संबंध में प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया, लेकिन इस खबर के प्रकाशन तक कोई जवाब नहीं मिला।जिले के अधिकारियों से अपेक्षा की जा रही है कि वे इस गंभीर मामले में तुरंत संज्ञान लें, अवैध खनन पर रोक लगाएं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें, ताकि उपजाऊ भूमि और सड़कों का आगे और नुकसान रोका जा सके।

**दारोगा को पता नहीं, सिपाही ने रात में चलवा दिए डंपर**

चर्चा हो रही है कि घुंघचाई थाना क्षेत्र में खनन कराने में पुलिसकर्मी ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। पुलिसकर्मी ने दरोगा जी को बताया भी नहीं और उनके हल्के में डंपरो से रात के अंधेरे में टूटा पुल हरदोई ब्रांच नहर के पास खेत में मिट्टी का पटान करवा दिया। जब मामला शिकायत के बाद थाने पहुंचा तो पोल खुलकर सामने आ गई, मौके पर पुलिस के पहुंचने पर खनन माफिया डंमपर लेकर मौके से फरार हो गए। अब चर्चा है की दरोगा जी के हल्के में पुलिसकर्मी के द्वारा खनन कराने पर रार चल रही है।

## किस ब्रह्मांड में हैं ट्रंप

प्रधानमंत्री मोदी ने नीदरलैंड के एक मंच से आगाह किया है कि यह आपदाओं का दशक बन गया है। यदि पश्चिम एशिया युद्ध के हालात नहीं बदले, युद्ध नहीं थमा, तो दशकों की कई उपलब्धियों पर पानी फिर जाएगा। दुनिया की बड़ी आबादी फिर से गरीबी के दलदल में फंस जाएगी। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वॉग ने भी कहा है कि ऊर्जा-संकट अभी इतना बढ़ेगा कि दुनिया में आर्थिक महामंदी का दौर शुरू हो सकता है। होर्मुज अभी खुलता नहीं लग रहा, बल्कि समंदर का तनाव और बढ़ेगा। जंग अभी जारी रहेगी, लिहाजा हमें इन स्थितियों के लिए तैयार रहना है और मुकाबला भी करना है। जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, इटली सरीखे विकसित देशों की अपनी चिंताएं हैं, क्योंकि तेल-गैस की उनकी सप्लाई चेन भी बहुत प्रभावित हुई है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप न जाने किस ब्रह्मांड में रहते हैं? कैसे आत्म-मुग्ध, साम्राज्यवादी, आक्रांता किस्म के, कब्जेबाज राष्ट्रपति हैं, जिसे दुनिया की चिंता भी नहीं है और उसके प्रति सरोकार भी 'शून्य' है। ट्रंप चीन प्रवास से खाली हाथ, नाकाम, फ्लॉप, समझौते के बिना, ईरान युद्ध के किसी समाधान के बिना और ताइवान पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की 'युद्ध-सी' चेतावनी सुनकर लौटे हैं और ईरान पर नए आक्रमण की रणनीति में जुट गए हैं। उनके अपने देश अमरीका में मुद्रास्फीति बढ़ गई है। पेट्रोल-डीजल 44-48 फीसदी तक महंगे हो गए हैं, जबकि अमरीका खुद तेल-उत्पादक और निर्यातक देश है। विश्व में हाहाकार मची है। जापान जैसे देश को अपना तेल रिजर्व खोलना पड़ा है, ताकि देश में आपूर्ति बराबर बनी रहे। कच्चे तेल की कीमतें 108 डॉलर प्रति बैरल तक उछल चुकी हैं। कच्चा तेल औसतन 51 फीसदी महंगा हुआ है। यूरिया और अमोनिया 65 फीसदी और बुटान (हाइड्रोकॉर्बन गैस) 51 फीसदी से अधिक महंगे हुए हैं। यह कोई अस्थायी बाधा और सामान्य स्थिति नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी का आकलन है कि ईरान युद्ध के कारण दुनिया के 4.5 करोड़ लोग भुखमरी के शिकार हो सकते हैं। क्या ट्रंप को इन स्थितियों का एहसास तक नहीं है? क्या वह विश्व-विजयी आक्रांता साबित होना चाहते हैं? राष्ट्रपति ट्रंप के सौजन्य से ऐसी खबरें 'न्यूयॉर्क टाइम्स' जैसे मीडिया में छपी हैं कि ट्रंप ईरान के परमाणु कार्यक्रम और संवर्धित यूरेनियम (करीब 450 किग्रा.) पर कब्जा करने को सैन्य युद्ध-रचना करवा रहे हैं। यह कौन-सी कूटनीति है? अभी तक के युद्ध में तो अमरीका ईरान के परमाणु कार्यक्रम की परछाई तक ढूंढ नहीं सका है और अब तो रूस, चीन उसे बराबर मदद दे रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप चीन गए थे, लेकिन चीन के प्रति इतना घोर अविश्वास और संदेह है कि चीन ने जो उपहार दिए थे, उन्हें हवाई अड्डे पर ही कूड़ेदान में डलवा कर नष्ट करा दिया गया। हैकिंग और जासूसी के उपकरणों का शक! चीन ने सेमीकंडक्टर चिप, दुर्लभ खनिज, बोइंग विमान, बिजली के वाहन, आपसी व्यापार समझौते आदि पर कोई ठोस बात ही नहीं की, समझौता तो दूर की कौड़ी है। राष्ट्रपति ट्रंप तो अपने ही ब्रह्मांड में रहते हैं, बेशक गालबजाई करते रहें कि चीन दौरा बेहद सफल रहा। हकीकत यह है कि ट्रंप चीन से खाली हाथ लौटे हैं, लिहाजा गुस्से और कुंठा में ईरान पर नए आक्रमण की बात कर रहे हैं। पेंटागन के कमांडरों को युद्ध की तैयारियां करने के अघोषित आदेश दिए जा चुके हैं। हकीकत यह भी है कि चीन और रूस की मदद से ईरान युद्ध के मोर्चे पर अब भी डटा है और पलटवार की चेतावनियां भी जारी कर रहा है। भारत में लोगों की तल्ख प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी हैं। शनिवार को देश के अलग-अलग हिस्सों में गिग वर्कर्स ने दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतीकात्मक हड़ताल रखी। गिग की संख्या देश भर में 1.2 करोड़ से अधिक बताई जाती है। कैब सेवाएं, ट्रक आदि ने भी हड़ताल के संकेत दिए हैं। हमारे देश में तेल कंपनियों ने 2022 के बाद पेट्रोल-डीजल के दाम 3-3 रुपए बढ़ाए हैं। उसी पर चीखा-चिल्ली मची है। विशेषज्ञ मानते हैं कि ये दाम 20-30 रुपए तक बढ़ेंगे, तभी तेल कंपनियों के घाटे पूरे होंगे और वे मुनाफा कमाने लगेंगी। अगर हालात सामान्य नहीं हुए तो आने वाला समय और ज्यादा संकट वाला होगा। फिलहाल तो वैश्विक संकट देखते रहिए।

# प्रयागराज में दो लेन फ्लाईओवर निर्माण से 50 लाख लोग प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से हुए लाभान्वित


*अभिषेक सिंह*

उत्तर प्रदेश में तीव्र गति से हो रहे शहरी विकास और बढ़ती जनसंख्या के साथ यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। धार्मिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण प्रयागराज भी लंबे समय से इस चुनौती का सामना कर रहा था। विशेष रूप से माघ मेला, कुंभ मेला और अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान शहर की प्रमुख सड़कों पर भारी भीड़ और जाम की स्थिति आम हो जाती थी। इसी समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा शहर उत्तरी विधानसभा क्षेत्र में आलोपी देवी मंदिर से बघाड़ा चौराहे तक आलोपीबाग फ्लाईओवर के समानांतर दो लेन फ्लाईओवर का निर्माण कराया गया है। यह परियोजना प्रयागराज की यातायात व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और अधिक सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

प्रयागराज का आलोपीबाग क्षेत्र शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल है। यहां प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है और धार्मिक आयोजनों के समय यह संख्या कई गुना बढ़ जाती है। पहले एकमात्र फ्लाईओवर पर अत्यधिक दबाव के कारण लोगों को लंबे समय तक जाम में फंसना पड़ता था। नए समानांतर दो लेन फ्लाईओवर के निर्माण से अब यातायात का भार विभाजित होगा, जिससे आवागमन अधिक तेज, सुरक्षित और व्यवस्थित हो सकेगा। इससे स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

रूपये 54.31 करोड़ की लागत से निर्मित यह फ्लाईओवर लगभग 780.484 मीटर लंबा और 7.50 मीटर चौड़ा है। इसे आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों और उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि भविष्य में बढ़ते यातायात दबाव को भी प्रभावी ढंग से संभाला जा सके। परियोजना का निर्माण कार्य मार्च 2024 में प्रारंभ हुआ और नवंबर 2024 में सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया। कम समय में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूरा होना उत्तर प्रदेश सेतु निगम की कार्यकुशलता, तकनीकी क्षमता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों, यातायात प्रबंधन और स्थानीय नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। यही कारण है कि परियोजना न केवल समयबद्ध तरीके से पूरी हुई, बल्कि निर्माण गुणवत्ता के स्तर पर भी यह एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरी है।

प्रयागराज विश्व प्रसिद्ध धार्मिक आयोजनों का केंद्र है। कुंभ और माघ मेले में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। ऐसे अवसरों पर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होती है। आलोपीबाग क्षेत्र में नए फ्लाईओवर के निर्माण से अब संगम स्नान व मेले और अन्य बड़े आयोजनों के दौरान यातायात संचालन अधिक व्यवस्थित और नियंत्रित हो सकेगा। इससे श्रद्धालुओं की यात्रा आसान होगी और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को भी मजबूती मिलेगी।



यह परियोजना केवल यातायात सुधार तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रयागराज के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी नई गति प्रदान करेगी। बेहतर सड़क और पुल अवसंरचना किसी भी शहर की प्रगति की आधारशिला होती है। फ्लाईओवर बनने से व्यापारिक क्षेत्रों, शैक्षणिक संस्थानों और आवासीय इलाकों के बीच संपर्क अधिक मजबूत हुआ है। इससे स्थानीय व्यापारियों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और आम नागरिकों को तेज और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल रही है और समय और संसाधनों दोनों की बचत हो रही है।

इस परियोजना का लाभ केवल प्रयागराज तक सीमित नहीं है बल्कि रीवा, जौनपुर, लखनऊ, वाराणसी और मिर्जापुर जैसे क्षेत्रों से आने-जाने वाले यात्रियों को भी बेहतर कनेक्टिविटी और कम यात्रा समय का लाभ मिल रहा है। इस फ्लाईओवरपुल से लगभग 50 लाख लोग प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रहे है। इससे क्षेत्रीय संपर्क और आर्थिक गतिविधियों को भी नई ऊर्जा मिल रही है।

### प्रयागराज में आधुनिक यातायात व्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम
### जीटी रोड-एयरपोर्ट रोड रेल उपरिगामी सेतु परियोजना

उत्तर प्रदेश में आधारभूत संरचना के तीव्र विकास के क्रम में प्रयागराज जनपद में निर्मित की जा रही जीटी रोड से एयरपोर्ट रोड तक की रेल उपरिगामी सेतु परियोजना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सामने आई है। यह परियोजना न केवल शहर के यातायात दबाव को कम करेगी, बल्कि प्रयागराज को अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक यातायात सुविधा प्रदान करने में भी सहायक सिद्ध होगी। तेजी से बढ़ते शहरीकरण, वाहनों की संख्या में निरंतर वृद्धि तथा रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुए इस परियोजना की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। अब इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूर्ण होने से लाखों नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

प्रदेश सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दिए जाने के परिणामस्वरूप यह परियोजना आज धरातल पर साकार हो रही है। यह परियोजना प्रयागराज शहर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र तथा फूलपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है। यह परियोजना जनपद प्रयागराज में जीटी रोड से एयरपोर्ट रोड के निकट सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु तथा जीटी रोड जंक्शन पर चौफटका से कानपुर की ओर 02 लेन फ्लाईओवर के निर्माण से संबंधित है। परियोजना का उद्देश्य शहर के पश्चिमी क्षेत्र में यातायात को सुगम बनाना तथा रेलवे क्रॉसिंग के कारण होने वाली देरी और दुर्घटनाओं की संभावनाओं को समाप्त करना है। यह सेतु परियोजना प्रयागराज के शहरी विकास को नई दिशा देने वाली मानी जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत बनने वाला सेतु रेल उपरिगामी सेतु (आरओबी) के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस प्रकार के सेतु का मुख्य उद्देश्य रेलवे लाइन के ऊपर से निर्बाध यातायात उपलब्ध कराना होता है। इससे लोगों को रेलवे फाटक बंद होने की स्थिति में लंबे समय तक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी। साथ ही आपातकालीन सेवाओं जैसे एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं सुरक्षा वाहनों की आवाजाही भी अधिक तेज और सुरक्षित हो सकेगी। प्रदेश सरकार परियोजना की गुणवत्ता और दीर्घकालिक उपयोगिता को सुनिश्चित करने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है।

इस परियोजना की लागत लगभग 398.28 करोड़ रुपये है। इतनी बड़ी धनराशि का निवेश प्रयागराज के शहरी यातायात तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। परियोजना की कुल लंबाई 1583.876 मीटर है, जिससे भारी वाहनों सहित सामान्य यातायात का सुचारु संचालन संभव हो सकेगा। निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण होने पर यह परियोजना प्रयागराज के यातायात ढांचे में क्रांतिकारी परिवर्तन लायेगी। आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों के उपयोग से तैयार किया जा रहा यह सेतु मजबूत, सुरक्षित तथा दीर्घकालिक उपयोग के अनुरूप बनाया गया है। इस परियोजना से लगभग 80 लाख जनसंख्या प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होगी। प्रयागराज जैसे धार्मिक, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर में सुगम यातायात व्यवस्था का व्यापक प्रभाव दिखाई देगा। विशेष रूप से एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन तथा प्रमुख संस्थानों तक पहुंच आसान होने से नागरिकों, छात्रों, पर्यटकों और व्यापारियों को अत्यधिक सुविधा प्राप्त होगी।

परियोजना के लाभार्थी क्षेत्रों में एयरपोर्ट एन्क्लेव, इंडियन ऑयल परिसर, ट्रिपल आईटी, शम्भूनाथ तकनीकी संस्थान, भारतीय तिब्बत पुलिस मुख्यालय, वायुसेना कॉलोनी तथा चित्रकूट धाम, बांदा और मध्य प्रदेश की ओर जाने वाले मार्ग शामिल हैं। यह परियोजना क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करने के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों को भी गति प्रदान करेगी। इससे व्यापार, पर्यटन और शिक्षा क्षेत्र को प्रत्यक्ष लाभ मिलने की संभावना है। जीटी रोड, सूबेदारगंज मार्केट, प्रीतमनगर, धूमनगंज मार्केट तथा मुंडेरा मंडी जैसे व्यस्त क्षेत्रों में अक्सर भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न होती रही है। रेलवे फाटक बंद होने के दौरान वाहनों की लंबी कतारें लग जाती थीं, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होती थी। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद इन क्षेत्रों में ट्रैफिक दबाव काफी कम हुआ है तथा लोगों को जाम से राहत मिली है। इसके अतिरिक्त सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी भी आई है।

प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही आधुनिक एवं सुरक्षित सड़क अवसंरचना विकास की नीति के अंतर्गत यह परियोजना एक आदर्श उदाहरण है। प्रयागराज में विकसित इस रेल उपरिगामी सेतु परियोजना से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर हुई है, बल्कि शहर के समग्र विकास, आर्थिक प्रगति और नागरिक सुविधाओं को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया है। यह परियोजना भविष्य के प्रयागराज की आधुनिक तस्वीर प्रस्तुत करती है, जहां विकास, सुविधा और सुरक्षा तीनों का संतुलित समावेश दिखाई देता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथजी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में आधुनिक आधारभूत संरचना के विकास को प्राथमिकता दे रही है। सड़क, पुल और फ्लाईओवर निर्माण की अनेक परियोजनाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं। प्रयागराज में निर्मित यह दो लेन फ्लाईओवर उसी विकासवादी दृष्टिकोण का सशक्त उदाहरण है, जिसका उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित, सुविधाजनक और समयबद्ध यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना है। फ्लाईओवर निर्माण का सकारात्मक प्रभाव पर्यावरण पर भी दिखाई देगा। यातायात जाम कम होने से वाहनों का अनावश्यक ईंधन खर्च घटेगा और प्रदूषण में कमी आएगी।

पहले जहां लोगों का बहुमूल्य समय जाम में व्यर्थ होता था, अब वे कम समय में अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। इससे नागरिकों के जीवन स्तर और शहरी यातायात व्यवस्था दोनों में सुधार होगा।

विचार

# बाल सेवा योजना ने अनाथ व संकटग्रस्त बच्चों को दिया मजबूत आधार

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आज उन हजारों बच्चों के जीवन में आशा की एक नई और उज्ज्वल किरण बनकर उभरी है जिनके सिर से माता-पिता का साया असमय ही उठ गया था। किसी भी समाज की प्रगति का पैमाना इस बात से आंका जाता है कि वह अपने सबसे कमजोर और असहाय वर्ग के प्रति कितना संवेदनशील है। इसी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए प्रदेश सरकार ने अनाथ और संकटग्रस्त बच्चों के भरण-पोषण, शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के लिए इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की है। यह योजना केवल एक आर्थिक अनुदान मात्र नहीं है, बल्कि यह उन मासूमों को समाज की मुख्यधारा में सम्मानजनक स्थान दिलाने का एक सशक्त माध्यम है। प्रदेश में यह योजना अत्यंत व्यापक स्वरूप में है जिसे दो मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया गया है ताकि समाज के हर जरूरतमंद बच्चे तक सहायता पहुंच सके। पहली श्रेणी उन बच्चों के लिए है जिन्होंने कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान अपने माता-पिता या अभिभावकों को खो दिया। ऐसे बच्चों की मानसिक और आर्थिक स्थिति को समझते हुए सरकार ने उन्हें प्रति माह चार हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान करने का निर्णय लिया है। दूसरी श्रेणी 'मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना - सामान्य' के रूप में है, जो उन बच्चों को समर्पित है जिनके माता-पिता की मृत्यु कोविड के अलावा अन्य कारणों से हुई है, या जिनके माता-पिता जेल में हैं, अथवा जिन्हें बाल श्रम और भिक्षावृत्ति जैसे अंधकारमय जीवन से मुक्त कराया गया है।

इसी क्रम में प्रतापगढ़ जनपद की दो बहनों, नैना श्रीवास्तव और अर्पिता श्रीवास्तव की कहानी इस योजना की सार्थकता का एक जीवंत और प्रेरक उदाहरण है। आवास विकास कॉलोनी के मीरा भवन क्षेत्र में रहने वाली इन बहनों का जीवन वर्ष 2023 में तब पूरी तरह बदल गया जब उनके पिता का निधन हो गया। परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य के चले जाने से घर की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई और बच्चों की शिक्षा पर संकट के बादल मंडराने लगे। ऐसे कठिन समय में जब रिश्तेदारों और समाज से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा था, तब प्रदेश सरकार की इस योजना ने एक अभिभावक की भूमिका निभाते हुए इन बालिकाओं का हाथ थामा। नैना और अर्पिता की माता ने जिला प्रशासन के सहयोग से इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन किया। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जब दोनों बहनों को प्रति माह ढाई हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिलने लगी, तो परिवार के भीतर एक नया आत्मविश्वास आ गया। यह धनराशि न केवल उनकी स्कूल की फीस और किताबों का सहारा बनी, बल्कि इसने उन बालिकाओं को यह संदेश भी दिया कि वे समाज में अकेली नहीं हैं। आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई छूटने का जो भय उनके मन में था, वह सहायता प्राप्त होने से धीरे-धीरे आत्मविश्वास में बदल गया और दोनों बहनें अपनी शिक्षा के प्रति और अधिक समर्पित हो गईं।




पूरे आत्मसम्मान के साथ परिवार को जो सहायता प्राप्त हुई उसका सकारात्मक प्रभाव नैना के शैक्षणिक परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जिन्होंने हाईस्कूल की परीक्षा में 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सरकार से सही समय पर मिली सहायता ने विपरीत से विपरीत परिस्थितियों में भी परिवार को सम्बल दिया। छोटी बहन अर्पिता भी अपनी बड़ी बहन के पदचिन्हों पर चलते हुए कक्षा 9 उत्तीर्ण कर हाईस्कूल में प्रवेश ले चुकी हैं और अपने भविष्य को लेकर उत्साहित हैं। इन दोनों बहनों के बढ़ते कदम आज जनपद के अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रहे हैं। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। प्रदेश सरकार द्वारा कक्षा 12 तक के पात्र बच्चों को मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए उन्हें अटल आवासीय विद्यालयों या कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही, आधुनिक युग की आवश्यकताओं को देखते हुए कक्षा 9 या उससे ऊपर के छात्रों को टैबलेट और लैपटॉप भी प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि वे डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में किसी से पीछे न रहें। यह दूरदर्शी सोच बच्चों को न केवल शिक्षित बना रही है, बल्कि उन्हें तकनीकी रूप से भी सक्षम बना रही है। योजना का एक और महत्वपूर्ण मानवीय पक्ष पात्र बालिकाओं के विवाह के लिए दी जाने वाली आर्थिक सहायता है। जब इन निराश्रित बालिकाओं की आयु विवाह के योग्य होती है, तब प्रदेश सरकार द्वारा उनके कन्यादान हेतु एक लाख एक हजार रुपये की एकमुश्त राशि प्रदान की जाती है। यह प्रावधान सुनिश्चित करता है कि आर्थिक अभाव किसी बेटी के जीवन की नई शुरुआत में बाधा न बने। जिला प्रशासन के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही ये सुविधाएं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के उन अंतिम छोर पर खड़े परिवारों तक पहुँच रही हैं, जिनके पास आय का कोई स्थायी स्रोत नहीं है।

पात्रता की शर्तों को भी अत्यंत व्यवहारिक रखा गया है ताकि वास्तविक लाभार्थियों को लाभ मिल सके। सामान्य श्रेणी की योजना में 0 से 18 वर्ष तक के अनाथ बच्चों के साथ-साथ विशेष परिस्थितियों में 23 वर्ष तक के युवाओं को भी शामिल किया गया है, बशर्ते परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम हो। इससे उन युवाओं को भी संबल मिला है जो अपनी उच्च शिक्षा पूरी करना चाहते हैं। जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से इस योजना का प्रचार-प्रसार किया जाता है ताकि कोई भी पात्र बच्चा जानकारी के अभाव में इस लाभ से वंचित न रह जाए।

प्रदेश सरकार का यह संकल्प कि 'कोई भी बच्चा आर्थिक तंगी के कारण शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा', आज धरातल पर उतरता दिखाई दे रहा है। नैना और अर्पिता जैसे हजारों बच्चे आज अपनी आंखों में डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशासनिक अधिकारी बनने का सपना संजो पा रहे हैं, तो इसके पीछे सरकारी योजनाओं का मजबूत कवच है। यह योजना बच्चों को केवल वित्तीय सुरक्षा ही नहीं प्रदान करती, बल्कि उन्हें स्वावलंबन और आत्म-सम्मान के साथ जीने का अवसर भी देती है। जब राज्य एक अभिभावक बनकर बच्चों के साथ खड़ा होता है, तो समाज में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण निर्मित होता है।

समाज के सर्वांगीण विकास की राह इन बच्चों की खुशहाली से होकर ही गुजरती है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य ने प्रतापगढ़ सहित पूरे प्रदेश के संकटग्रस्त परिवारों के जीवन में एक नया अध्याय लिखा है, जहाँ संघर्ष की जगह अब सफलता की कहानियाँ आकार ले रही हैं। यह पहल उन समस्त बाधाओं को दूर करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है जो एक अनाथ या बेसहारा बच्चे की प्रगति के मार्ग में दीवार बनकर खड़ी होती थीं। आज इन बच्चों का आत्मविश्वास और उनकी शैक्षणिक उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार की नीतियां जब सेवाभाव और पारदर्शिता के साथ लागू होती हैं, तो वे वास्तव में मानवता की सेवा का सबसे बड़ा अनुष्ठान बन जाती हैं।

नैना और अर्पिता की उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं हैं, बल्कि यह उस व्यवस्था की जीत है जो हर बच्चे को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। आज यह दोनों बहनें अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर जिस दृढ़ता के साथ कदम बढ़ा रही हैं, वह अन्य वंचित बच्चों के लिए एक मशाल की तरह है। सरकार द्वारा प्रदान किया गया यह सहयोग इन बच्चों के जीवन में संबल का वह आधार बना है, जो इन्हें आने वाले समय में समाज के जिम्मेदार और सशक्त नागरिक के रूप में स्थापित करेगा। यह विकासपरक सोच और बच्चों के प्रति यह अटूट प्रतिबद्धता आने वाली पीढ़ियों के लिए एक समृद्ध, शिक्षित और सुरक्षित उत्तर प्रदेश की नींव को निरंतर सुदृढ़ कर रही है।

साहित्य



## पुरुषोत्तम मास आया...!


**संजय एम तराणेकर**

*पुरुषोत्तम मास आया है, भक्ति का उपहार,*
*हरि स्मरण से भर उठे, सारा जीवन संसार।*
*अधिक मास कहलाता, पुण्य महीना खास,*
*जप-तप, दान व साधना से मिटे सारे त्रास।*

*गंगा-सा निर्मल बने, मन का हर एक विचार,*
*राम-कृष्ण के नाम से, जगमग होता संसार।*
*भक्ति की इस राह में, स्नेह बने बड़ा आधार,*
*दीन-दुखियों की सेवा कर मिलें सुख अपार।*

*वेद-पुराणों में गूँजे इसकी महिमा अपरम्पार,*
*विष्णुजी का प्रिय महीना, देता शुभ उपहार।*
*जो श्रद्धा से उपवास करें, रखते सच्चा ध्यान,*
*उसके जीवन में सदा बरसे हरिनाम का ज्ञान।*

*ये पुरुषोत्तम मास सिखाए, सेवा और सद्भाव,*
*तब मन मंदिर में दीप जले, मिट जाए दुर्भाव।*
*हरि चरणों में शीश धर, करें सभी का सत्कार,*
*पुरुषोत्तम मास लेके आया, मंगलमय त्योहार।*



## राशिफल

**मेषः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कार्य में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा।

**वृषभः-** रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा।

**कर्कः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतः इसे सुधारें। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य को समय से पूर्ण करें।

**सिंहः-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में विलम्ब कतई न करें।

**कन्याः-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**तुलाः-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिकः-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी।

**धनुः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकरः-** मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियंत्रण रखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभः-** महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता से प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**मीनः-** नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# बदलते फैशन, बदलती सोच और समाज की असली चिंता

*डॉ. सत्यवान सौरभ*

समाज में समय के साथ बहुत कुछ बदलता है। भाषा बदलती है, रहन-सहन बदलता है, तकनीक बदलती है और पहनावा भी बदलता है। हर युग की अपनी पहचान होती है। कभी घूँघट और साड़ी को आदर्श माना गया, फिर सलवार-सूट सामान्य हुआ, उसके बाद जींस और आधुनिक परिधान युवाओं की पसंद बने। आज सोशल मीडिया और वैश्विक संस्कृति के प्रभाव से फैशन लगातार नए रूप ले रहा है। ऐसे में स्वाभाविक है कि समाज में इस बदलाव को लेकर चर्चा भी हो और मतभेद भी। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्टर तेजी से वायरल हुआ जिसमें महिलाओं के पहनावे में आए बदलाव को संस्कारों की हार और नग्न होती नारी जैसे शब्दों से जोड़ा गया। पोस्टर में 1980 से 2025 तक के फैशन परिवर्तन को दिखाकर यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि आधुनिकता ने भारतीय संस्कृति को कमजोर कर दिया है। यह विषय केवल कपड़ों का नहीं बल्कि समाज की सोच, मानसिकता, स्वतंत्रता, नैतिकता और स्त्री के प्रति दृष्टिकोण का भी है। इसलिए इस विषय पर गंभीर और संतुलित चर्चा आवश्यक है।

सबसे पहले यह समझना होगा कि पहनावा केवल शरीर ढँकने का माध्यम नहीं होता बल्कि यह संस्कृति, मौसम, सुविधा, पेशा, परिवेश और व्यक्तिगत पसंद का भी हिस्सा होता है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में अलग-अलग राज्यों की महिलाओं का पहनावा सदियों से भिन्न रहा है। कहीं साड़ी प्रमुख रही, कहीं घाघरा-चोली, कहीं मेखला, कहीं फुलकारी और कहीं सलवार-सूट। यदि परंपरा ही एकमात्र मानदंड होती, तो इतने विविध रूप कभी विकसित नहीं होते। इसका अर्थ स्पष्ट है कि समाज हमेशा बदलता रहा है और पहनावे में परिवर्तन कोई नई घटना नहीं है। आज की युवा पीढ़ी ऐसे दौर में जी रही है जहाँ वैश्विक संस्कृति का प्रभाव पहले से कहीं अधिक है। मोबाइल फोन, इंटरनेट, फिल्मों, वेब सीरीज और सोशल मीडिया ने दुनिया को छोटे से मंच में बदल दिया है। फैशन अब महानगरों तक सीमित नहीं रहा बल्कि गाँवों और कस्बों तक पहुँच चुका है। ऐसे में युवाओं का नए पहनावे की ओर आकर्षित होना अस्वाभाविक नहीं है। लेकिन समस्या तब पैदा होती है जब इस बदलाव को सीधे चरित्र, संस्कार और नैतिकता से जोड़ दिया जाता है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज भी समाज का एक बड़ा वर्ग महिलाओं के कपड़ों को ही उनकी मर्यादा का पैमाना मानता है। यदि कोई लड़की आधुनिक कपड़े पहनती है तो उसके संस्कारों पर प्रश्न उठा दिए जाते हैं, जबकि वही समाज पुरुषों के पहनावे को इतनी कठोर दृष्टि से नहीं देखता। यह दोहरा मापदंड लंबे समय से हमारे समाज में मौजूद है। सवाल यह है कि क्या किसी व्यक्ति का चरित्र केवल उसके वस्त्र तय करते हैं? यदि ऐसा होता, तो अपराध कभी परंपरागत कपड़े पहनने वालों द्वारा नहीं किए जाते। वास्तविकता यह है कि नैतिकता मनुष्य के व्यवहार, सोच और कर्मों से निर्धारित होती है, न कि केवल उसके पहनावे से।

हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि आधुनिकता और अश्लीलता दोनों अलग बातें हैं। हर आधुनिक परिधान अश्लील नहीं होता और हर पारंपरिक वस्त्र संस्कारों की गारंटी नहीं देता। कई बार समाज अपनी असहजता को संस्कृति की रक्षा का नाम देकर प्रस्तुत करता है। जबकि असली चुनौती कपड़ों से अधिक मानसिकता की है। यदि किसी महिला को सड़क पर असुरक्षा महसूस होती है, तो उसके पीछे कारण उसके वस्त्र नहीं बल्कि समाज के कुछ लोगों की विकृत सोच है। यह भी सच है कि फैशन उद्योग और सोशल मीडिया ने शरीर को प्रदर्शन की वस्तु की तरह प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। लाइक्स, फॉलोअर्स और वायरल होने की होड़ में कई बार लोग सीमाओं को भूल जाते हैं। बाजारवाद ने सुंदरता को एक उत्पाद बना दिया है। युवाओं पर आकर्षक दिखने का दबाव बढ़ा है। यह चिंता का विषय अवश्य है क्योंकि इससे आत्मविश्वास की जगह दिखावे की संस्कृति मजबूत होती है। परंतु इसका समाधान महिलाओं को दोष देना नहीं, बल्कि समाज में संतुलित और स्वस्थ दृष्टिकोण विकसित करना है। परिवार और शिक्षा की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि बच्चों को बचपन से ही सम्मान, समानता और संवेदनशीलता के संस्कार दिए जाएँ, तो वे किसी व्यक्ति को उसके कपड़ों से नहीं बल्कि उसके व्यक्तित्व से पहचानेंगे। लड़कों को यह सिखाना अधिक आवश्यक है कि महिलाओं का सम्मान करें, बजाय इसके कि लड़कियों को हर समय अपने पहनावे के लिए दोषी महसूस कराया जाए। भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता उसकी विविधता और सहनशीलता रही है। हमारी सभ्यता ने हमेशा परिवर्तन को अपनाया है। कभी महिलाओं की शिक्षा का विरोध हुआ, फिर वही शिक्षा समाज की शक्ति बनी। कभी नौकरी करने वाली महिलाओं को गलत माना गया, आज वही महिलाएँ परिवार और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं इसलिए केवल बदलाव के आधार पर किसी चीज को गलत ठहराना उचित नहीं कहा जा सकता। हालाँकि इसका अर्थ यह भी नहीं कि समाज में मर्यादा और संतुलन का कोई महत्व नहीं रह गया। स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। हर व्यक्ति को अपने परिवेश, अवसर और सामाजिक संवेदनशीलता का ध्यान रखना चाहिए। लेकिन यह निर्णय भय या दबाव से नहीं बल्कि समझ और आत्मसम्मान से होना चाहिए। संस्कार का अर्थ बंधन नहीं बल्कि विवेक है।

सोशल मीडिया के इस युग में संवाद की जगह आरोपों ने ले ली है। लोग तुरंत किसी की तस्वीर देखकर निर्णय सुना देते हैं। महिलाओं के पहनावे पर बहस करना आसान है लेकिन महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार और समान अवसरों पर गंभीर चर्चा कम होती है। यदि समाज वास्तव में संस्कृति और भविष्य को लेकर चिंतित है तो उसे सबसे पहले महिलाओं के प्रति सम्मानजनक वातावरण बनाना होगा। हमें यह समझना होगा कि संस्कृति केवल कपड़ों में नहीं रहती। संस्कृति हमारे व्यवहार, भाषा, परिवारिक मूल्यों, बुजुर्गों के सम्मान, ईमानदारी, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी में बसती है। यदि कोई व्यक्ति आधुनिक कपड़े पहनकर भी दूसरों का सम्मान करता है, अपने कर्तव्यों का पालन करता है और मानवीय मूल्यों को महत्व देता है तो वह उतना ही संस्कारी है जितना कोई पारंपरिक वस्त्र पहनने वाला व्यक्ति। आज आवश्यकता किसी एक पक्ष को सही या गलत साबित करने की नहीं, बल्कि संतुलित दृष्टिकोण अपनाने की है। न अंधी आधुनिकता उचित है और न ही कट्टर सोच। समाज को यह स्वीकार करना होगा कि नई पीढ़ी अपनी पसंद और पहचान के साथ जीना चाहती है। वहीं युवाओं को भी यह समझना होगा कि आत्मविश्वास केवल फैशन से नहीं, बल्कि ज्ञान, व्यक्तित्व और व्यवहार से आता है। महिलाओं को सम्मान देना केवल देवी कह देने से पूरा नहीं होता। वास्तविक सम्मान तब होगा जब उन्हें अपने जीवन, शिक्षा, करियर और पहनावे के निर्णय लेने की स्वतंत्रता मिलेगी। यदि कोई महिला साड़ी पहनना चाहती है तो वह उसका अधिकार है और यदि कोई जींस पहनना चाहती है तो वह भी उसका अधिकार है। समाज का कार्य निर्णय थोपना नहीं, बल्कि सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाना होना चाहिए।

अंततः, बदलते फैशन को देखकर घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर पीढ़ी अपने समय के अनुसार जीवन जीती है। हमें केवल इतना सुनिश्चित करना है कि आधुनिकता के बीच मानवीय मूल्य कमजोर न हों। संस्कृति तब तक जीवित रहती है जब तक समाज में सम्मान, संवेदना और नैतिकता बनी रहती है। कपड़े बदल सकते हैं लेकिन यदि हमारी सोच संतुलित और मानवीय बनी रहे तो समाज कभी नग्न नहीं होगा। असली संकट वस्त्रों का नहीं, दृष्टि का है।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### भाकियू अराजनैतिक बैठक में किसान चिंतन शिविर में जाने की बनी रणनीति



फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक नहर कॉलोनी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम ने किया। इस दौरान 9 जून, 10 जून एवं 11 जून को तीन दिवसीय किसान चिंतन शिविर हरिद्वार में पहुंचने की रूपरेखा तय की गई तो वही रात्रि में बिजली रोस्टिंग का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा और नहरों में अंतिम छोर तक पूरा पानी पहुंचाने की चर्चा की गई। इस दौरान संगठन की ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक की रूपरेखा भी तय की गई तो वही विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। बैठक में प्रीतम सिंह, छोटे सिंह, डॉक्टर लल्लन, अंकित सिंह चौहान, महेंद्र सिंह भदौरिया, दीपक गुप्ता, बबलू सिंह, अजय प्रजापति, उमेश परमार, गुलाब सिंह यादव, सोनू सिंह, संजय तिवारी, रवि मौर्य, अंगद सिंह,उत्तम दुबे, आशु सिंह, रज्जन सिंह चौहान, रणजीत सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### बिना फिटनेस/परमिट के स्कूली वाहन मिलने पर करें कारवाई: जिलाधिकारी



महोबा। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में अपरान्ह 1:00 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी, जिसमे जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को आदेश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा जिन विद्यालयों में स्कूली वाहन बंद/खराब अवस्था में खड़े है, उनको विद्यालय से हटवाया जायें या उनकी मरम्मत कराते हुये फिटनेस/परमिट प्राप्त कर ही पुनः संचालित किया जायें। बिना फिटनेस/परमिट के संचालित वाहनों पर स्कूली वाहन के विरुद्ध सीज करने की कार्यवाही तथा विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही की जायें। यातायात पुलिस द्वारा भी स्कूली वाहनों के फिटनेस/परमिट की जाँच की जायें। यदि चेकिंग के दौरान बिना फिटनेस/परमिट के कोई वाहन पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/एआरटीओ महोबा को सूचित किया जायें। जनपद के समस्त स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरों एवं अग्निशमन यंत्रों को शत-प्रतिशत लगाये जाने का शपथ-पत्र उपलब्ध कराये जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी(वि/रा) कुंवर पंकज, क्षेत्राधिकारी पुलिस महोबा, उपजिलाधिकारी महोबा/कुलपहाड़, अधिशासी अभियन्ता, निखं-1/प्रांख, लोनिवि, महोबा, एनएचएआई कानपुर/छतरपुर, उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक, अवर अभियन्ता, एनएच, लोक निर्माण विभाग, झाँसी, सहित दाऊ तिवारी अध्यक्ष आल्हा परिषद महोबा, अल्ताफ हुसैन अध्यक्ष ट्रक एसोसिएशन, शिवकुमार गोस्वामी, समाजसेवी, रामजी गुप्ता, अध्यक्ष, व्यापार मण्डल महोबा एवं अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### अधिवक्ताओं ने रोड जाम कर किया विरोध-प्रदर्शन, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



उरई (जालौन)। लखनऊ में नगर निगम कर्मचारियों द्वारा अधिवक्ताओं के चैंबर तोड़े जाने तथा विरोध करने पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने के विरोध में जिला बार संघ ने बुधवार को कालपी बस स्टैंड पर जाम लगाकर पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए एक घंटे तक जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए लखनऊ के अधिवक्ताओं को न्याय दिलाने के नारे लगाए इसके बाद रोड पर पैदल चलकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिला बार संघ की महासचिव डॉ. साधना त्रिपाठी ने बताया कि 17 मई को लखनऊ में नगर निगम और पुलिस प्रशासन की कार्रवाई के दौरान अधिवक्ताओं के चैंबर तोड़ दिए गए। इस कार्रवाई का विरोध करने पर अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज भी किया गया। उन्होंने बताया कि इसी घटना के विरोध में जिला बार संघ के पदाधिकारी एवं अधिवक्तागण बुधवार सुबह 9 बजे विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला बार संघ अध्यक्ष ऋषि कुमार पटेल, महासचिव डॉ साधना त्रिपाठी, अक्षय निरंजन, कौशल किशोर अमन वर्मा, सुरेंद्र पाल सिंह, बृजेंद्र कुशवाहा, अनमोल, विनय चौरसिया निर्दोष परिहार, इरशाद मंसूरी, कमलेश अवस्थी, ऋषि प्रिया गौतम, विनीत, आलम, विकाश कुमार, निकेतन अहिरवार, अतर यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### व्यापारियों के आह्वान पर उरई का बाजार रहा बंद, पुलिस रही चौकन्नी

**उरई मेडिकल कॉलेज में 'इलाज' की जगह लाठी-घूंसे, घायल बेटी को लेकर पहुंचे व्यापारी परिवार पर टूटा जूनियर डॉक्टरों का कहर**



उरई (जालौन)। बीती रात्रि राजकीय मेडिकल कालेज में बेटी का उपचार कराने पहुंचे व्यापारी नेता बृजकिशोर गुप्ता के परिवार के साथ जिस तरह से वहां के चिकित्सकों व सुरक्षा कर्मियों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया और फिर उल्टा पीड़ित परिवार के विरुद्ध सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज होने की जानकारी मिलते ही बुधवार को लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया इसी के चलते व्यापारियों द्वारा बाजार बंदी का ऐलान किया जो पूरी तरह से सफल रहा। इस दौरान व्यापारियों ने स्टेशन रोड से घंटाघर तक विरोध मार्च निकालकर धरना सभा का आयोजन किया। इस दौरान पुलिस के विरुद्ध मुर्दाबाद के नारे भी जमकर लगाये गये। मौके पर पहुंचे एसपी ने व्यापारियों को एफआईआर दर्ज कराने का आश्वासन दिया लेकिन समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था। बताया जाता है कि जालौन के उरई स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में सोमवार देर रात जो कुछ हुआ, उसने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की संवेदनहीनता और जूनियर डॉक्टरों की कथित गुंडागर्दी पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। एक घायल बच्ची इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाई गई थी, लेकिन आरोप है कि डॉक्टरों और स्टाफने प्राथमिक उपचार शुरू करने के बजाय पहले पर्चा बनवाने की औपचारिकता पूरी करने पर जोर दिया। इस बीच युवती दर्द से कराहती रही और परिजन इलाज की गुहार लगाते रहे। पीड़ित परिवार के अनुसार, 15 से 20 मिनट तक केवल पर्चा बनाने की प्रक्रिया चलती रही। जब परिजनों ने तत्काल इलाज शुरू करने की मांग की तो अस्पताल स्टाफऔर जूनियर डॉक्टर नाराज हो गए। मामला इतना बढ़ा कि अस्पताल परिसर देखते ही देखते रणक्षेत्र में बदल गया था। घटना के केंद्र में शहर के व्यापारी बृजकिशोर गुप्ता का परिवार बताया जा रहा है। परिवार अपनी घायल बेटी को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा था। परिजनों का आरोप है कि जब युवती के भाई ने डॉक्टरों से कहा कि पहले इलाज शुरू कर दीजिए, तभी कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि कुछ जूनियर डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफने युवक को घेर लिया और उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। जिसका इलाज कानपुर चल रहा है। इतना ही नहीं, परिवार का दावा है कि विधायक से बात कराने के दौरान मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया।

# केमिस्ट एसोसिएशन ने ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ खोला मोर्चा

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।



जिले के केमिस्ट एवं दवा व्यापारियों ने ऑनलाइन माध्यम से हो रही दवाओं की बिक्री, फर्जी ई-प्रिस्क्रिप्शन और अत्यधिक छूट (डीप डिस्काउंटिंग) के खिलाफ गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। संगठन का कहना है कि बिना किसी स्पष्ट वैधानिक प्रावधान के दवाइयों की होम डिलीवरी और क्विक कॉमर्स कंपनियों की मनमानी करोड़ों मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। साथ ही, इससे देशभर के लाखों लाइसेंशधारी छोटे केमिस्टों के अस्तित्व पर सीधा संकट खड़ा हो गया है। दवा व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 एवं नियम 1945 में ऑनलाइन दवा बिक्री का कोई प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद ई-फार्मेसी कंपनियां नियमों की धज्जियां उड़ा रही हैं। इन लोगों ने मांग किया किअवैध ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ तत्काल कठोर दंडात्मक कार्यवाही हो। बिना वैध व सत्यापित ई-प्रिस्क्रिप्शन के दवाओं की होम डिलीवरी पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। व्यापारियों ने याद दिलाया कि कोविड महामारी जैसे कठिन समय में भी उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर देश में निर्बाध दवा आपूर्ति सुनिश्चित की थी। अतः जनस्वास्थ्य और छोटे व्यापारियों के हित में सरकार को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए इस अवसर पर मुख्य रूप से केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट संगठन के चेयरमैन किशन मेहरोत्रा, अध्यक्ष सुमित रस्तोगी, महामंत्री राजेश सोनी, व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष शिव चंद्र शुक्ला, राजीव गुप्ता, अनिल साहू, अजीत कुमार, गगन अग्रवाल, राजा गुप्ता, यतीश रायजादा, सैय्यद मोनू, ज्ञानेन्द्र श्रीवास्तव, राहुल, मनीष श्रीवास्तव, वीरेन्द्र गुप्ता, हरीश रायजादा, प्रदीप रायजादा, आरिफ अहमद, करण रस्तोगी, राम प्रताप, रवि सोनी, योगेंद्र राजा गुप्ता,प्रभाकर सहित तमाम दवा विक्रेता उपस्थित रहे।

## ग्रीष्मकालीन शिविर में पाठ्य सहगामी कौशल विकास का प्रशिक्षण



फतेहपुर। नगर स्थित महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में प्राइमरी वर्ग के लिए पांच दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने बिना किसी पढ़ाई के बोझ के खेल-खेल में बहुत कुछ नया करने के तरीके सीखे। यह बच्चों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए एक प्रशिक्षण और मनोरंजन के लिए निःशुल्क कार्यक्रम रहा। इसमें बच्चों ने आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट्स प्रतियोगिता में भाग लेकर बहुत ही सुन्दर रंग बिरंगे चित्र प्रस्तुत किए। योग और ध्यान द्वारा बच्चों ने शारीरिक और मानसिक लाभ प्राप्त करने के तरीके सीखे। क्ले मॉडलिंग द्वारा अपनी सृजनात्मक एवं रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही साथ नृत्य एवं गायन, फायर लेस कुकिंग, गतिविधियों में बच्चों ने भेलपुरी, फ्रूट चाट, ब्रेड सैंडविच, स्प्राउट चाट आदि बनाए। ग्रुप डिस्कसन और स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने भाषण दक्षता और लेखन दक्षता का परिचय दिया। पांचवे दिवस में कार्यक्रम का आकर्षण बीट द हीट रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में अपने मित्रों एवं शिक्षकों के बीच एक सामाजिक जुड़ाव, प्रेम और सौहार्द बढ़ता है। उनमें आपसी सहयोग की भावना, सृजनात्मक शक्ति आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और कौशल दक्षता जैसे गुण विकसित होते है। जिसे बच्चे खेल-खेल में सीख जाते है। अन्य बच्चों को भी रचनात्मक गतिविधियों में प्रतिभाग करने की प्रेरणा मिलती है।

### हरीगंज चौराहे पर बढ़ता अतिक्रमण बना मुसीबत, रोज जाम से जूझते राहगीर

कालपी (जालौन)। नगर के व्यस्ततम हरीगंज चौराहे से दुर्गा मंदिर एवं जुलहटी मार्ग की ओर जाने वाला मार्ग इन दिनों अतिक्रमण और जाम की समस्या से जूझ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे बढ़ते अस्थायी कब्जों, अव्यवस्थित वाहन पार्किंग और कूड़ा फैलाव के कारण राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग नगर का महत्वपूर्ण रास्ता माना जाता है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में आम नागरिकों के साथ प्रशासनिक एवं जनप्रतिनिधियों के वाहन भी गुजरते हैं। इसके बावजूद सड़क के दोनों ओर सब्जी एवं फल विक्रेताओं द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण से आवागमन प्रभावित हो रहा है। कई स्थानों पर नालियों के ऊपर स्थायी निर्माण और फुटपाथ तक फैली दुकानों के कारण सड़क संकरी होती जा रही है।

## कल्याणपुर पुलिस ने किया बड़ा खुलासा, गैंग का शातिर गिरफ्तार



फतेहपुर। थाना कल्याणपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी की घटनाओं में वांछित चल रहे एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान निर्भय सिंह पुत्र सूरजभान सिंह निवासी ग्राम लक्ष्मणपुर थाना राधानगर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 305/317(2) सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं और उसका आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। कल्याणपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष सुमित देव पांडे, उप निरीक्षक विवेक कुमार, कांस्टेबल धनंजय यादव, कांस्टेबल नीतीश कुमार, हेड कांस्टेबल रोहित कुमार विश्वकर्मा सहित पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को उस समय गिरफ्तार किया जब वह चोरी के कॉपर तार को बेचने के लिए कानपुर जाने की फिराक में था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी गया कॉपर का तार और 610 रुपये नगद बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। उसने बताया कि अपने साथियों के साथ मिलकर न्यू मलवा स्टेशन के पास डीएफसीसीआईएल रेलवे लाइन के कैमरे और कॉपर वायर चोरी किए गए थे। चोरी के बाद कॉपर तार को काटकर अलग-अलग हिस्सों में बेचा गया। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि चोरी के माल को कानपुर की कबाड़ी मार्केट में बेचकर लाखों रुपये कमाए गए थे। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं और वह लंबे समय से पुलिस की नजर में था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कल्याणपुर पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। थानाध्यक्ष के नेतृत्व में लगातार चल रहे अभियान से क्षेत्र में अपराधियों पर शिकंजा कसता नजर आ रहा है।

## गर्मी से पनवाड़ी सब स्टेशन के हीट ट्रांसफॉर्मर पर छिड़का जा रहा पानी

पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।



भीषण गर्मी के कारण विद्युत उपकरण भी गर्म हो रहें हैं व्यवस्था को बनाए रखने के विद्युत कर्मचारी टांसफार्मर में पानी का छिड़काव करने में लगे हैं, जिससे विद्युत सप्लाई में कोई समस्या न हो सके। बता दें पनवाड़ी क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी का असर अब बिजली व्यवस्था पर भी साफ दिखाई देने लगा है। लगातार बढ़ते तापमान और तेज धूप के कारण पनवाड़ी विद्युत सब स्टेशन में लगा मुख्य ट्रांसफॉर्मर अत्यधिक गर्म हो रहा है। ट्रांसफॉर्मर के अधिक हीट होने से बिजली आपूर्ति बाधित होने की आशंका बनी हुई है, जिसे देखते हुए बिजली विभाग के कर्मचारी लगातार सतर्कता बरत रहे हैं। जानकारी के अनुसार इन दिनों तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे विद्युत उपकरणों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। अधिक लोड और तेज गर्मी के चलते ट्रांसफॉर्मर का तापमान बढ़ने लगा है। ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी या ट्रांसफॉर्मर फुंकने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इसी को ध्यान में रखते हुए सब स्टेशन पर तैनात कर्मचारी समय-समय पर ट्रांसफॉर्मर में पानी का छिड़काव कर रहे हैं ताकि उसका तापमान सामान्य बना रहे और बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से चलती रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में बिजली की खपत काफी बढ़ जाती है। दिन और रात में लगातार पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण चलने से लोड अधिक हो रहा है। यदि ट्रांसफॉर्मर में कोई खराबी आती है तो क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो सकती है और लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।बिजली विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि विभाग पूरी तरह सतर्क है और ट्रांसफॉर्मर की लगातार निगरानी की जा रही है। समय-समय पर पानी का छिड़काव कर तापमान नियंत्रित रखने का प्रयास किया जा रहा है । लोगों ने बिजली विभाग से मांग की है कि ट्रांसफॉर्मर और अन्य विद्युत उपकरणों की नियमित जांच कराई जाए ताकि गर्मी के कारण किसी बड़ी समस्या से बचा जा सके।

## चेयरमैन ने तहसील पहुंचकर सुनी अधिवक्ताओं की समस्याएं



कुलपहाड़/महोबा। नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया ने तहसील पहुंचकर अधिवक्ताओं से मुलाकात की, और उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर वहां पर मौजूद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व सदस्यों ने उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया ने तहसील बार एसोसिएशन के सभागार में पहुंचकर अधिवक्ताओं से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुनकर दूर किये जाने का भरोसा दिया। वहीं बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने चेयरमैन का फूल-माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान नगर के विकास कार्यों और अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर सकारात्मक चर्चा भी की गई। पानी की टंकी आर ओ सहित इंटरलोकिंग लगाने का चेयरमैन द्वारा आश्वासन दिया गया। इस कार्यक्रम में बार अध्यक्ष लक्ष्मन सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष भारत सिंह, सुरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र यादव, खेमचंद कुशवाहा, नरेश रिछारिया, रविंद्र उपाध्याय आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा, जनहित में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: संजय सिंह

- पीएम सूर्य घर योजना से लेकर आवास, पेंशन को दिये निर्देश
- आयुष्मान और फैमिली आईडी अभियान तक हर योजना की हुई गहन समीक्षा

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।




प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कानून-व्यवस्था की व्यापक समीक्षा बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पहुँचना सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, पोषण, पेंशन और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था का अंतिम उद्देश्य आमजन को राहत देना होना चाहिए। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना को जनआंदोलन के रूप में संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि नगर निकायों में वार्डवार अभियान चलाकर प्रत्येक वार्ड को संतृप्त किया जाए, ताकि अधिकाधिक परिवारों को सौर ऊर्जा योजना का लाभ मिल सके। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि किसानों को समय से खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए तथा खरीद केंद्रों और कृषि केंद्रों पर पेयजल, छाया एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित रहें। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर एमएलसी रमा निरंजन, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, कालपी विधायक के प्रतिनिधि आशुतोष चतुर्वेदी, एमएलसी शिक्षक के प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह, बीजेपी जिलाध्यक्षा उर्विजा दीक्षित सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

### स्व. बहादुर सिंह महाविद्यालय माधौगढ़, जालौन (उत्तर प्रदेश)

आवश्यकता है

**प्राचार्य**-01, **विभागाध्यक्ष (बीएड संकाय)**-01, **प्रवक्ता (भौतिक विज्ञान)**-04, **प्रवक्ता (रसायन विज्ञान)**-06, **प्रवक्ता (बीएड संकाय)**-06

**नोट:-** योग्यता, वेतन एवं आरक्षण यूजीसी व शासनादेशानुसार।

2. प्रार्थना पत्र समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की प्रमाणित प्रक्रियां एवं 2 नवीनतम फोटो के साथ 7 दिवस के अंदर प्रबंधक के नाम प्रेषित करें।

**प्रबंधक/प्राचार्य**
स्व.बहादुर सिंह महाविद्यालय माधौगढ़(जालौन) उत्तर प्रदेश
मोबाइल 9415032182 7355 987119

---

### स्व. बहादुर सिंह महाविद्यालय
माधौगढ़, जालौन (उत्तर प्रदेश)

**डी.एल.एड. संकाय में आवश्यकता है**

**शैक्षणिक स्टाफ, प्रशासनिक और व्यावसायिक स्टाफ की पद एवं संख्या निम्नवत है:-**

**विभागाध्यक्ष**-01, **शिक्षा में परिप्रेक्ष/शिक्षा के आधार**-03, **विज्ञान**-02, **मानविकी और समाज विज्ञान**-02, **गणित**-02, **भाषाएं**-03, **ललित कलाएं/निस्पादक कलाएं**-02, **स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा**-01, **उच्च श्रेणी लिपिक/कार्यालय अधीक्षक**-01, **कंप्यूटर ऑपरेटर एवं सह स्टोर कीपर**-01,**कंप्यूटर लैब असिस्टेंट**-01, **पुस्तकालयाध्यक्ष**-01

**योग्यता:-** राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के अधिसूचना दिनांक 28-11-2014 एवं राज्य सरकार के नियमानुसार।

**नोट:-** 1. आरक्षण वेतन तथा शर्तें शासन के नियमानुसार होगी। 2. प्रार्थना पत्र एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की प्रामाणिक छायाप्रतियां एवं 2 नवीनतम फोटो के साथ 21 दिन के अंदर प्रबंधक एवं प्राचार्य के नाम प्रेषित करें।

**सचिव/प्रबंधक**
स्व.बहादुर सिंह महाविद्यालय माधौगढ़ (जालौन)
संपर्क सूत्र:- 6394049672 9452601392

---

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी तेलियानी, फतेहपुर।

पत्रांक- 471(A)रा.वि./2026-27 — दिनांक- 18.05.2026

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना / 2025-26

विकास खण्ड तेलियानी फतेहपुर के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 व 2025-26 में पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं पंचम वित्त योजना में स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों के द्वारा कार्य कराये जाने हेतु निविदार विकास खण्ड तेलियानी मे दिनांक 19.05.2026 से 09.06.2026 को दो बजे तक आमंत्रित की जाती है। उसी दिन तीन बजे अपरान्ह में गठित समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं उनके प्रतिनिधियों के समक्ष विकास खण्ड कार्यालय में खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र दिनांक 19.05.2026 से 09.06.2026 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से मु0 590/- रू0 मात्र नकद जमाकर प्राप्त किये जा सकते है।

प्रस्तावित कार्य का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | योजना का नाम | कार्य का नाम स्थल विवरण | प्राक्कलन में सामग्री लागत लाख रू0 में | एफ.डी.आर | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पन्द्रवा/पंचम वित्त आयोग | विकास खण्ड परिसर में स्टोर कक्ष का मरम्मतीकरण जीर्णोद्वार एवं विस्तारीकरण कार्य 2024-25 | 6.70 | 14000 | 590 | 3 माह |
| 2 | पन्द्रवा/पंचम वित्त आयोग | ग्राम भरसवां मे छोटू के दरवाजे से नदबा मेन रोड मे खण्डजा निर्माण कार्य 2024-25 | 9.98 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 3 | पन्द्रवा/पंचम वित्त आयोग | ग्राम मोहनखेडा पंचायत भवन से अगला मइया मन्दिर तक खण्डजा निर्माण 2024-25 | 9.99 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 4 | पन्द्रवा/पंचम वित्त आयोग | सेमरहटा में काधई के घर से महादेव के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। 2025-26 | 8.25 | 17000 | 590 | 3 माह |
| 5 | पन्द्रवा/पंचम वित्त आयोग | ग्राम पंचायत सरांय सहिजादा में चौरड्या तालाब ने चारो तरफ खण्डजा निर्माण कार्य। 2025-26 | 9.97 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 6 | पन्द्रवा/पंचम वित्त आयोग | अभैया लक्ष्मणपुर मे शिवकिशोर पासवान के दरवाजे से जयपाल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। 2025-26 | 9.98 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 7 | पन्द्रवा/पंचम वित्त आयोग | रावतपुर में विश्वनाथ चौहान के घर से प्रधानमंत्री रोड तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। 2025-26 | 9.93 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 8 | पन्द्रवा/पंचम वित्त आयोग | विकास खण्ड परिसर मे इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। 2025-26 | 8.25 | 17000 | 590 | 3 माह |
| 9 | पन्द्रवा/पंचम वित्त आयोग | विकास खण्ड तेलियानी मे बाउन्ड्रीवाल मरम्मत कार्य। 2025-26 | 9.96 | 20000 | 590 | 3 माह |
| 10 | पन्द्रवा/पंचम वित्त आयोग | ग्राम पंचायत पनई इनायतपुर में कुबर सिंह के दरवाजे से गडरियन पुरवा तक खण्डजा निर्माण कार्य। 2025-26 | 9.98 | 20000 | 590 | 3 माह |

**नियम एवं शर्तें:-**

1. निर्धारित मात्रा में मानकीय श्रेष्ठ गुणवत्ता वाली की आपूर्ति कार्यस्थल पर निर्माण कराये जाने हेतु स्वीकार की जायेगी।
2. टेण्डरदाता कार्यस्थल का पूर्व में ही भली-भाँति परीक्षण कर ले बाद में कोई तथ्य मान्य नही होगा।
3. न्यूनतम दरों वाली फर्म के ही टेण्डर/निविदा स्वीकार की जायेगी, लेकिन गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होगा।
4. समाधान योजना के अन्तर्गत आने वाली फर्म टेण्डर/निविदा में भाग नहीं ले सकती है।
5. स्वीकृत निविदादाता को निविदा के साथ 100/- के स्टाम्प पेपर पर रू. रसीदी टिकट से हस्ताक्षर युक्त अनुबन्ध प्रस्तुत करना होगा।
6. धरोहर धनराशि अनुमानित लागत का दो प्रतिशत एफ.डी.आर/टी.डी.आर/एन.एस.सी./पोस्ट आफिस के द्वारा किये जा सकते है जो खण्ड विकास अधिकारी तेलियानी के नाम अनुबन्धित होगी। एवं 8 प्रतिशत जमानत की राशि की कटौती भुगतान के समय कर ली जायेगी ।
7. कार्यादेश के अधिकतम 15 दिवस के अन्दर कार्य प्रारम्भ करना होगा।
8. अधोहस्ताक्षरी अपरिहार्य कारणों में टेण्डर निरस्त करने का अधिकार होगा।
9. शासकीय नियमानुसार सभी करों आयकर एवं 2 प्रतिशत जी.एस.टी. आदि की कटौती बिलो से की जायेगी।
10. सामग्री की गुणवत्ता आपूर्ति के समय निर्देशों के विचलन पर अधोहस्ताक्षरी को तत्काल निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
11. किसी भी प्रकार की रॉयलटी का भुगतान स्वीकृत फर्मों द्वारा करना होगा।
12. फर्म का श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन व हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र एवं किसी भी संस्था में रजिस्टर्ड होना आवश्यक है रजिस्ट्रेशन की प्रति टेण्डर के समय उपलब्ध कराई जाये।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**तेलियानी-फतेहपुर**

# पूर्व मंत्री कौशल किशोर के प्रदर्शन में जाने वाले पारख महासंघ के जिलाध्यक्ष हुए हाउस अरेस्ट



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** मलिहाबाद को बसाने वाले मल्ली पासी के स्मृति द्वार उखाड़े जाने का विरोध प्रदर्शन भारत सरकार के पूर्व मंत्री कौशल किशोर द्वारा बीते एक पखवाड़े से किया जा रहा है। इस विरोध प्रदर्शन के चलते प्रशासन ने उखाड़े गए स्मृति द्वार को पुनः स्थापित कराया लेकिन इसका विरोध बदस्तूर जारी है। कौशल किशोर के आह्वान पर पारख महासंघ के जिलाध्यक्ष सहित संघ के तमाम कार्यकर्ता विरोध व आमरण अनशन में भाग लेने जाने से पुलिस ने सभी को रोक दिया। पारख महासंघ के जिलाध्यक्ष सुशील रावत को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया,जिससे वे प्रदर्शन में भाग नहीं ले सके। गौरतलब है कि गजेटियर में उल्लेख है कि कसमंडी कला को बसाने वाले महाराजा कंशा पासी के दो पुत्र थे महाराजा मल्ली पासी एवं महाराजा सल्ली पासी। इनमें क्रमशः महाराजा मल्ली पासी ने मलिहाबाद तथा महाराजा सल्ली पासी ने संडीला को बसाया। इसी गौरवशाली इतिहास और विरासत को सम्मान देने हेतु मलिहाबाद की वर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री कौशल किशोर की धर्मपत्नी जयदेवी कौशल द्वारा मलिहाबाद में महाराजा मल्ली पासी के नाम पर एक भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराया गया था। इस प्रवेश द्वार को कुछ लोगों द्वारा रातों रात उखाड़ दिया गया था।

इसके उपरांत पिछले अप्रैल माह से पूर्व मंत्री कौशल किशोर ने विरोध प्रदर्शन व आमरण अनशन किया जिससे प्रशासन ने पुनः प्रवेश द्वार स्थापित करा दिया। लेकिन प्रवेश द्वार लगने के दूसरे ही दिन कुछ लोग वहाँ एकत्र होकर कौशल किशोर एवं पासी समाज के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे तथा प्रवेश द्वार हटाने की मांग करने लगे। इस विरोध के चलते पासी समाज केके सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा के लिए कौशल किशोर द्वारा एक विशाल 'स्वाभिमान सभा' का आयोजन किया गया था, इस सभा में प्रदेश के सभी जनपदों से पासी महासंघ के कार्यकर्ताओं सहित अन्य समाजों के लोग भी शामिल होने वाले थे। सभा को रोकने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने बाराबंकी के पारख महासंघ के जिलाध्यक्ष को घर में शाम से ही हाउस अरेस्ट कर लिया। इसके बावजूद भी हजारों की संख्या में पासी समाज एवं अन्य सभी समाजों के लोग वहाँ उपस्थित हुए और स्वाभिमान सभा सफल करने में भाग लिया।

## पेड़ से गिरकर अधेड़ की मौत

**फतेहपुर, बाराबंकी।** बड्डूपुर थाना क्षेत्र के तरावां गांव निवासी 55 वर्षीय किसान बृजेश कुमार की पेड़ से गिरकर मौत हो गई। वह मंगलवार दोपहर से लापता थे। देर शाम परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की तो फतेहपुर थाना क्षेत्र के गौरा चौकी गांव के पास एक बाग में वह गंभीर घायल अवस्था में पड़े मिले। परिजन उन्हें सीएचसी फतेहपुर ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि बृजेश कुमार लकड़ी तोड़ने बाग गए थे, जबकि पुलिस के अनुसार वह आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े थे और पैर फिसलने से गिर गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल अमित प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## अग्निकांड के पीड़ितों को वितरित की गई राहत सामग्री



**समृद्धि न्यूज़, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** अल्लीपुरवा मजरे शेषपुरटूटर गांव में 10 मई को हुए अग्निकांड में छह घर व बच्चों की किताबें, कॉपियां और अन्य शैक्षिक सामग्री भी नष्ट हो गई,जिससे उनकी पढ़ाई पर संकट आ गया।बुधवार को सिरौलीगौसपुर की ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने प्रभावित छात्रों को शैक्षिक सामग्री भेंट कर मदद की।अग्निकांड में गृहस्थी का सारा सामान जल गया था।श्री विद्यापीठ इंटर कॉलेज कोटवाधाम में पढ़ने वाली पवन कुमार की दो पुत्रियां, शिवानी कक्षा-11 और रोली कक्षा-11 और प्रियांशु कक्षा 12 भी इससे प्रभावित हुईं। उनकी सभी किताबें,कॉपियां और स्कूल ड्रेस आग में नष्ट हो गए।मामले की जानकारी मिलने पर ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने तत्काल संज्ञान लिया।उन्होंने शिवानी और रोली को हिंदी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, इतिहास,नागरिक शास्त्र सहित सभी विषयों की नई किताबें, 10-10 कॉपियां और अन्य आवश्यक शैक्षिक सामग्री प्रदान की।

# केंद्रीय मंत्री से मिले राजा शिवगढ़, क्षेत्र की प्रमुख समस्या के लिए दिया पत्र



**बछरावा रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार देर रात जनपद के पूर्व विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता व शिवगढ़ रियासत के राजा, राजा राकेश प्रताप सिंह ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेटकर उन्हें रायबरेली जनपद से गुजरने वाले बांदा बहराइच राजमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में सम्मिलित किए जाने हेतु पत्र दिया है। पत्र के माध्यम से राजा राकेश प्रताप सिंह के द्वारा बताया गया कि उपरोक्त बांदा बहराइच राजमार्ग जो रायबरेली जनपद से गुजरता है, जनपद में इसकी दूरी कुल 56 किलोमीटर है और यह राजमार्ग पाँच राष्ट्रीय राजमार्गों के संपर्क से निकलता है। साथ ही साथ उनके द्वारा यह भी बताया गया की सर्व विदित है कि उक्त राजमार्ग पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से राहगीरों की मौतें हो रही है जिसके कारण लोग आंदोलित हैं एवं राजमार्ग किनारे रहने वाले कुछ ग्रामीणों के द्वारा विगत माह सड़क जाम कर अपना विरोध प्रदर्शन दर्ज कराते हुए सख्त कार्यवाही की मांग भी की गई है। इसी कड़ी में उन्होंने नितिन गडकरी से उक्त राजमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में जल्द ही सम्मिलित किए जाने की गुजारिश की है, ताकि राहगीरों को उक्त राजमार्ग पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं से निजात दिलाई जा सके।

# एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी गांवों में नहीं पहुंची बिजली

**भीषण गर्मी में ग्रामीण बेहाल किया प्रदर्शन**



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** एक सप्ताह पूर्व आए आंधी तूफान के बाद बेपटरी हुई विद्युत व्यवस्था अभी तक पटरी पर वापस नहीं लौट सकी। आसमान से बरस रही आज से ग्रामीण बेहाल है उमष भरी गर्मी में लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है लोगों को ना ना तो दिन में राहत मिल रही है और ना ही रात में इतना ही नहीं बिजली की समस्या के चलते लोगों के मोबाइल डिस्चार्ज पड़े हुए हैं तथा पीने के लिए पानी भी नसीब नहीं हो पा रहा है आंधी तूफान से बर्बाद हुई विद्युत व्यवस्था एक सप्ताह बीत जाने बाद भी पटरी पर नहीं लौट सकी। आलम यह है कि विभाग के कर्मचारी ग्रामीणों की सुध लेने के लिए भी नहीं पहुंच रहे हैं बार-बार शिकायत के बाद भी लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है ध्वस्त हुई बिजली व्यवस्था से नाराज ग्रामीणों ने गांव में प्रदर्शन कर विभाग के खिलाफ नारेबाजी की है। बीते बुधवार को आए तेज आंधी तूफान से गदागंज उपकेंद्र के लगभग 500 से अधिक गांव की बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई थुलरई फीडर से जुड़े लगभग 200 गांव में अभी तक बिजली नहीं पहुंच सकी है गुरुवार को सराय लखनी गांव के दर्जनों नाराज ग्रामीणों ने विद्युत व्यवस्था के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया ग्रामीण अमित यादव वीरेंद्र अभिषेक कांति राजेंद्र का कहना है कि एक सप्ताह बाद भी बिजली की लाइन नहीं दुरुस्त हो सकी पोल टूटे पड़े हुए हैं विभाग का कोई भी कर्मचारी हालात को देखने तक नहीं पहुंचा बार-बार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हो पा रही है बिजली न आने से लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है। अवर अभियंता नितीश दुबे का कहना है टूटी हुई विद्युत लाइन को दुरुस्त कराया जा रहा है कर्मचारी लगे हुए हैं अत्यधिक बिजली लाइन खराब होने से समय लग रहा है जल्द ही विद्युत व्यवस्था बहाल कराई जाएगी।

## लाखों रुपये की लागत से निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र निष्क्रिय पड़े

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों में लाखों रुपये की लागत से निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र निष्क्रिय पड़े हैं। इन केंद्रों पर न तो घर-घर से कूड़ा एकत्र किया जा रहा है और न ही जैविक खाद का उत्पादन हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप गांवों में गंदगी फैल रही है।इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य गांव से एकत्र कचरे की छंटनी कर जैविक खाद बनाना और अजैविक प्लास्टिक कचरे का निस्तारण कर उसे बिक्री योग्य बनाना था। इससे ग्राम पंचायतों की आय में वृद्धि होनी थी। हालांकि, अधिकांश आरआरसी केंद्रों में अब तक एक बार भी कचरा नहीं डाला गया है, और उनकी दीवारों में दरारें भी आ गई हैं।उदाहरण के तौर पर, ग्राम पंचायत मौलाबाद में स्थित एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र बंद पाया गया।

## खबरें एक नजर में

### आंधी-तूफान से उद्यान फसलों को क्षति होने पर सूचना दें: जिला उद्यान अधिकारी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में हाल ही में आए आंधी-तूफान से औद्यानिक फसलों को हुए नुकसान के संबंध में जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि जिन कृषकों की उद्यान फसलों अथवा बागों में 33 प्रतिशत से अधिक क्षति हुई है, वे तत्काल विभाग को इसकी सूचना उपलब्ध कराएं, जिससे समयबद्ध सर्वेक्षण कर आवश्यक अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि यदि किसी बाग में समूह के रूप में पेड़ गिर गए हैं अथवा कुल पौधों का 33 प्रतिशत या उससे अधिक नुकसान परिलक्षित हो रहा है, तो संबंधित कृषक क्षति की सूचना फोटो सहित जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, कृषि भवन ताला, अमेठी में उपलब्ध कराएं। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर विभागीय टीम द्वारा स्थलीय सर्वेक्षण कराया जाएगा तथा शासन की मंशानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे क्षति से संबंधित जानकारी एवं फोटोग्राफ यथाशीघ्र कार्यालय में जमा करें, ताकि प्रभावित कृषकों को राहत एवं सहायता दिलाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके।

### एक जून से लगेगा रोजगार शिविर, सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की होगी भर्ती

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद के सभी विकासखंडों में 1 जून से रोजगार भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे। एसआईएस इंडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित इस भर्ती में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर और ऑफिसर ग्रेड पदों पर चयन किया जाएगा। जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह ने बताया कि भर्ती शिविर 1 से 16 जून तक विभिन्न ब्लॉक मुख्यालयों पर आयोजित होंगे। अभ्यर्थी अपनी सुविधा अनुसार किसी भी ब्लॉक में शामिल हो सकते हैं। भर्ती के लिए सुरक्षा सैनिक पद हेतु हाईस्कूल, जबकि सुपरवाइजर पद के लिए इंटरमीडिएट पास होना जरूरी है। आयु 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को जौनपुर में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद देश के विभिन्न शहरों में तैनाती की जाएगी। नौकरी के दौरान पीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, बीमा और पेंशन जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी।

### नवीन आवेदन केवल ऑनलाइन ही किए जाए स्वीकारः डीएम



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत आवेदनों की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, सुगम एवं त्वरित बनाने के उद्देश्य से योजना का आधिकारिक पोर्टल https://mbsyup.in दिनांक 19 मई 2025 से पूर्ण रूप से लाइव (सक्रिय) हो गया है। उक्त के क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाले समस्त नवीन आवेदन अब अनिवार्य रूप से केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। किसी भी दशा में कार्यालय/ब्लॉक स्तर पर कोई भी आवेदन ऑफलाइन स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि कोई आवेदक कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन लेकर आता है, तो उसे योजना के ऑनलाइन पोर्टल की जानकारी देते हुए ऑनलाइन आवेदन कराने हेतु उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाए।

## सड़क हादसे में युवक की मौतः विद्युत पोल से टकराई बाइक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। घटना थाना क्षेत्र जामों के अंतर्गत पूरब गौरा के कटारी मोड़ के पास रात लगभग 11 बजे हुई, जब तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सभा गौरा निवासी अजय कुमार उम्र 24 वर्ष पुत्र राज बहादुर पासी बाजार से अपने घर लौट रहे थे तभी कटारी मोड़ के पास उनकी बाइक अचानक असंतुलित हो गई और सीधे बिजली के पोल से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अजय कुमार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामो पहुंचाया।

## आक्रोशित वकीलों ने विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**सलोन रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** तहसील बार एसोसिएशन के अधिवताओं ने प्रदेश में अधिवताओं पर हुए कथित लाठीचार्ज तथा चेबर्स तोड़े जाने की घटना को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिला।अधिवताओं ने तहसील परिसर में एकत्र होकर सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।तथा घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई।इस दौरान अधिवताओं ने कहा कि अधिवता समाज न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ है।यदि अधिवताओं की आवाज को दबाने का प्रयास किया जाएगा तो इसका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाएगा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष/महामंत्री सहित अन्य पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि अधिवताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा उनके चेबर्स को नुकसान पहुंचाया गया जो निंदनीय है अधिवताओं ने राज्यपाल एवं मुयमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपते हुए निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों पर कार्रवाई करने तथा अधिवताओं की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की।

# सार्वजनिक रास्ते पर देसी शराब की दुकान खुलने से ग्रामीणों में आक्रोश




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तहसील तिलोई अंतर्गत ग्राम सभा बहुआ व मत्तेपुर के बीच नहर विभाग की पटरी पर संचालित हो रही देसी शराब की दुकान को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला है। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किया और शराब ठेका हटाने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने 'दारू का ठेका बंद करो ', 'ठेका हटाओ-क्षेत्र बचाओ' जैसे नारे लगाए।

ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर शराब की दुकान खोली गई है वहां आसपास बाजार क्षेत्र होने के कारण महिलाओं, बच्चों व आम राहगीरों का लगातार आना-जाना लगा रहता है। ऐसे सार्वजनिक स्थान पर शराब की दुकान खोला जाना सामाजिक माहौल को प्रभावित करेगा।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नहर विभाग की पटरी पर अवैध रूप से दुकान संचालित की जा रही है, जो नियमों के विपरीत है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से तत्काल जांच कर कार्रवाई करने तथा शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है।

## गुरु गोरखनाथ मंदिर मार्ग विवाद खत्म, हटाया गया कब्जा



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जायस कस्बा स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर के वर्षों पुराने प्रस्तावित रास्ते को लेकर चला आ रहा विवाद आखिरकार प्रशासनिक कार्रवाई के बाद समाप्त हो गया। पर्यटन विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रस्तावित मार्ग से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई की। प्रशासन ने जेसीबी चलाकर रास्ते को पूरी तरह साफ करा दिया। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा और सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखी गई। अधिकारियों की मौजूदगी में पूरे अभियान को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया। लंबे समय से मंदिर तक जाने वाले प्रस्तावित रास्ते पर कब्जे को लेकर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में नाराजगी थी, जिसके चलते मामला लगातार चर्चा में बना हुआ था। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद अब मंदिर तक पहुंचने का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। लोगों का कहना है कि वर्षों से लंबित इस समस्या के समाधान से क्षेत्र में धार्मिक गतिविधियों और श्रद्धालुओं की आवाजाही में आसानी होगी। अधिकारियों ने बताया कि सरकारी अभिलेखों और राजस्व विभाग की जांच के आधार पर कार्रवाई की गई है।

## चोरी की तीन मोटरसाइकिल व एक टुल्लू मोटर के साथ एक गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में बुधवार को थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त अरुन कुमार कश्यप पुत्र राम कुमार निवासी ग्राम हंसराजपुर थाना बाबा बाजार जनपद फैजाबाद को गिरफ्तार किया गया है। मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा न सका। तलाशी से मोटरसाइकिल में रखे प्लास्टिक की बोरी से एक पानी का टुल्लू मोटर बरामद हुआ है। पूछताछ में उसने बताया कि यह मोटरसाइकिल व टुल्लू मोटर चोरी की है। मोटरसाइकिल को वह कुछ दिन पहले गंगानगर में बरात से चोरी किया था और टुल्लू मोटर वह ग्राम बसन्तपुर में स्कूल के पीछे से चोरी किया था। अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की 2 अन्य मोटरसाइकिल सेमरौता कठौरा सड़क किनारे झाड़ियों से बरामद की गयी है। जिन्हें भिन्न भिन्न स्थानों से पूर्व में चोरी कराना बताया। हीरो स्पलेंडर प्लस व टुल्लू मोटर के संबंध में थाना शिवरतनगंज व एचएफ डीलक्स मोटरसाइकलि के संबंध में थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी पर अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## रायबरेली पुलिस गुड वर्क : बच्चा चोरी गिरोह का किया पर्दाफाश

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



रायबरेली पुलिस ने एक बड़े अंतर्राज्यीय बच्चा चोरी और बिक्री गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 4 महिलाओं समेत 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मामला तब सामने आया जब मध्य प्रदेश की रहने वाली एक महिला ने अपने 9 माह के बच्चे के अपहरण की शिकायत थाना कोतवाली नगर में दर्ज कराई। महिला दिल्ली से अपने मायके जा रही थी, तभी ट्रेन में मिले एक महिला और पुरुष ने बच्चे को खिलाने के बहाने गोद में लिया और रायबरेली स्टेशन पर मौका पाकर फरार हो गए।पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन में गठित टीम ने सीसीटीवी और सर्विलांस की मदद से पूरे गिरोह का खुलासा किया। पुलिस ने 9 माह के शिशु को सकुशल बरामद करते हुए एक कार भी सीज की। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह अस्पतालों और आशा बहुओं के माध्यम से निसंतान दंपत्तियों की जानकारी जुटाकर नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त करता था। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों से बच्चों का अपहरण कर लाखों में सौदे किए जाते थे। सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

# डीएम ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं



**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर0 ने प्राथमिक विद्यालय देवीपुर, विकास खण्ड कमसण्डा में वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने ए0एन0एम0 स्नेहनलता से वार्ता करते हुये एच0आर0पी0 ट्रैकिंग रजिस्टर का अवलोकन करते हुये त्रुटियां पाये जाने एवं दवाओं का रख-रखाव सही ढंग से न होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा अन्य रजिस्टरों का रख-रखाव भी सही नही पाया गया। गर्भवती महिला की बुकलेट देखते हुये टीकाकरण न होने पर कड़ी फटकार लगाते हुये जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि ए0एन0एम0 स्नेहलता का 06 माह तक वेतन रोकते हुये अनुशासनिक कार्यवाही अमल में लायें। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से वार्ता करते हुये उपकरणों एवं रजिस्टर का अवलोकन करते हुये रजिस्टर में कमियां पाये जाने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री कमला देवी के विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। साथ ही वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र संचालित है अथवा नही, की निगरानी न रखनें एवं आईस बाक्स की स्थिति सही न होने के कारण सुपरवाईजर को नोटिस जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। निरीक्षक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनूप श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित कार से बचने के लिए स्कूटी सवार गड्ढे में गिरा चार लोग घायल

**फतेहपुर बाराबंकी।** फतेहपुर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह तेज रफ्तार कार से बचने के प्रयास में एक स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी।हादसे मे स्कूटी सवार चार लोग घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरो की भीड़ जुट गई।हादसा फतेहपुर-रामनगर मार्ग पर साढ़ेमऊ बाजार स्थित नहर पुल के पास हुआ।जानकारी के अनुसार रामनगर थाना क्षेत्र के मनौरा गांव निवासी निधि 25 पुत्री संत बख्श, पूजा वर्मा 30 पत्नी राहुल वर्मा,अनिका 5 पुत्री आशीष तथा वर्तिका 11 पुत्री आशीष एक ही स्कूटी से किसी आवश्यक कार्य से तहसील फतेहपुर जा रहे थे।

हीरा लाल वीएन इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन

# पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मानित

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



हीरा लाल वीएन इंटर कॉलेज में गत सत्र में कक्षा 6 से 12 तक की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रबंधक मीनू आलोक गुप्ता एवं प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्र ने बच्चों को ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा मिठाई भी खिलाई। समारोह में कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में तैसीम प्रथम, हिमांशी बाथम द्वितीय, आकांक्षा तृतीय, मृदुला चौहान चतुर्थ तथा रमन पंचम स्थान पर रहे। कक्षा 10 में आनंदी शर्मा प्रथम, अवनी शर्मा द्वितीय एवं अजय कुमार तृतीय रहे। इसके अलावा कक्षा 6 में नुशरत जहां, कक्षा 7 में तनिष्का, कक्षा 8 में अर्जुन, कक्षा 9 में न्यासा उपाध्याय, कक्षा 11 में वैष्णवी पाठक एवं वैष्णवी मिश्रा सहित कुल 36 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राधा बल्लभ मिश्र ने नई पहल की घोषणा करते हुए डॉ. अभिषेक कुमार मिश्रा को वर्ष भर के उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने घोषणा की कि अगली बार जनपद या राज्य स्तर पर बोर्ड परीक्षा में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को बड़ी नकद राशि दी जाएगी। साथ ही कक्षा 10 के मेधावी छात्र को इंटर की निःशुल्क पढ़ाई एवं पुस्तकें मुफ्त उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रधानाचार्य ने कहा इससे विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और वह बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होंगे। गणित क्लब प्रभारी अजय कुमार चौरसिया के संचालन में हुए कार्यक्रम में सभासद रमाकांत तिवारी, मेजर संदीप माधव, विवेक दीक्षित, स्काउट मास्टर सत्यपाल सिंह, दीपक कुमार, वीरेन्द्र वर्मा, स्वदेश कुमार सहित समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# सवर्णों के लिए सवर्ण आयोग की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पुराना सौरिख बस स्टैंड स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में सवर्ण मुखिया विनोद कुमार दुबे ने अल्पसंख्यक होते जा रहे सवर्णों के लिए सवर्ण आयोग के गठन की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हाल ही में पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन की घोषणा की है लेकिन हम लोगों की सवर्ण आयोग के गठन की मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया।बढ़ती महंगाई ने सवर्णों की स्थिति को दयनीय बना दिया है। हिंदू जातियों में सवर्ण अब अल्पसंख्यक हो चुके हैं, इसलिए उन्हें अल्पसंख्यक का दर्जा मिलना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अन्य जातियों और धर्मों के लिए आयोग बने हैं, तो सवर्ण आयोग क्यों नहीं? दुबे ने कहा कि भाजपा को सवर्णों की पार्टी कहा जाता है, लेकिन वह सवर्णों को गुमराह कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से जातिगत जनगणना के साथ-साथ आर्थिक गणना की भी मांग की। उन्होंने बताया कि पहले सवर्णों के पास सौ-डेढ़ सौ बीघा जमीन होती थी, लेकिन पारिवारिक बंटवारे के कारण कई लोग भूमिहीन हो गए या उनके पास बहुत कम जमीन बची है। इससे भरण-पोषण की समस्या बढ़ गई है। आर्थिक गणना से सवर्णों को न्याय मिल सकता है। इस अवसर पर अजय दुबे, आसाराम, संजीव दीक्षित, रामेंद्र सिंह चौहान, सुरेश सिंह तोमर, राजीव अग्निहोत्री, दिनेश पांडेय, भैया लाल दुबे, राजेश, देवकीनंदन दुबे आदि मौजूद रहे।

## ब्लॉक का वाटर कूलर हुआ ठीक, बाबू का वेतन रोका

**छिबरामऊ, कन्नौज।** छिबरामऊ विकास खंड कार्यालय परिसर में कई दिनों से खराब पड़े वाटर कूलर को लेकर प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला। कई दिनों से खराब वाटर कूलर को सही कराया गया, साथ ही बाबू का वेतन भी रोक दिया गया। मालूम हो कि कर्मचारियों, ग्रामीणों और फरियादियों को भीषण गर्मी में पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा था, जिसे मीडिया द्वारा प्रमुखता से उठाया गया। खबर सामने आते ही प्रशासन हरकत में आया और खराब पड़े वाटर कूलर को तत्काल सही करा दिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए विकास खंड अधिकारी दीपांकर आर्य ने लापरवाही बरतने वाले संबंधित बाबू का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों की इस कार्रवाई से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। विकासखंड परिसर में आने वाले लोगों ने पेयजल व्यवस्था बहाल होने पर राहत महसूस की।

# 58 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिले स्मार्टफोन



- डिजिटल कार्य को बढ़ावा देने पर जोर
- स्मार्टफोन मिलने से कार्यकत्रियों को पहले की अपेक्षा कार्य करने में अधिक सुविधा होगी : सीडीपीओ

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड गुगरापुर में बुधवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सुपरवाइजरों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम में कुल 56 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा दो सुपरवाइजरों को 58 स्मार्टफोन प्रदान किए गए। ब्लॉक कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी रतीराम, सीडीपीओ शेषमणि यादव और एसबीआई जलालाबाद शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार ने स्मार्टफोन वितरित किए।

बीडीओ रतीराम ने बताया कि विभागीय कार्यों को डिजिटल माध्यम से संचालित करने के उद्देश्य से स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए हैं। सीडीपीओ शेषमणि यादव ने कहा कि स्मार्टफोन मिलने से कार्यकत्रियों को पहले की अपेक्षा अधिक सुविधा होगी और ऑनलाइन रिपोर्टिंग सहित अन्य कार्य तेजी से किए जा सकेंगे।

उन्होंने डिजिटल कार्य को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस दौरान ब्लॉक कार्यालय के कर्मचारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम खल्ला नौगाई स्थित हनुमान मंदिर के पास पानी की टंकी परिसर में कृष्णा फाउंडेशन की प्रबंधक रंजू सिंह लकी ने अपने पति अनिल बाबू का जन्मदिन फूल एवं छायादार पौधे रोपित कर मनाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तापमान लगातार बढ़ रहा है और बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई हो रही है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि हम बड़े स्तर पर बदलाव नहीं ला सकते, तो कम से कम अपने जन्मदिन या खास अवसरों पर पांच पौधे अवश्य लगाएं। कार्यक्रम में प्रधान टोनी दुबे, धर्मेंद्र प्रजापति, अरविंद शाक्य एवं रतिका सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

- न्यू वीणा वादिनी स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

न्यू वीणा वादिनी स्कूल, असालत नगर में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में 94.91 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले सालेम ने सर्वोच्च पुरस्कार अपने नाम किया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के साथ शिक्षकों के योगदान को सराहा गया। विद्यालय के संस्थापक सत्यप्रकाश दुबे की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं और विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल बच्चों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय प्रबंधक उमेश चंद्र दुबे ने सभी अध्यापकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कवि दुबे के कुशल संचालन में चले इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य श्याम सिंह राजपूत, अनिल सर, उदय सर, गोविंद सर, बलराम सर, शिवम सर, रवि सर, शिखर सर, रमा, शिखा, आकांक्षा, सरिता, कव्या, पूजा सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# खबरें एक नजर में

## समर कैंप में भाषा आधारित कराई गई गतिविधियां



**छिबरामऊ, कन्नौज।** राजकीय हाईस्कूल भोजपुर निगोह में भारतीय भाषा समर कैंप के अन्तर्गत बच्चों को भाषा आधारित रोचक गतिविधियां अंताक्षरी, शब्द श्रंखला, रोल प्ले एवं विभिन्न मनोरंजक खेल खिलायें गये। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को गोलगप्पे,पेठा और आम आदि का वितरण किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ मदन बाबू चतुर्वेदी व मुख्य अतिथि सत्य बहादुर चतुर्वेदी (प्रदेश के पूर्व बालीबाल चैम्पियन) ने बच्चों को प्रेरणादायक सन्देश दिये। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य डॉ सुनील चतुर्वेदी ने धन्यवाद ज्ञापित करके किया। इस दौरान समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## लाइब्रेरी में छात्र के साथ की गई मारपीट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बनवारी नगर स्थित एक निजी लाइब्रेरी में छात्र के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित छात्र जयवीर सिंह जाटव निवासी मदारपुर ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। छात्र के अनुसार बुधवार दोपहर करीब दो बजे लाइब्रेरी में कुर्सी पर पैर रखने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इसी बात पर लाइब्रेरी प्रबंधन से जुड़े कुछ लोगों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। घटना के दौरान लाइब्रेरी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शोरगुल सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो और तहरीर के आधार पर पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव में नाटक देखने उमड़ी भीड़



**छिबरामऊ, कन्नौज।** गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल अल्पसंख्यक ट्रस्ट के तत्वावधान में 2570 वीं बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव एवं सद्भावना मैत्री मेला के अवसर पर रात्रि में शुद्धोधन बौद्ध अभिनय मंडल पैरार शाहपुर करहल मैनपुरी की नाटक पार्टी एवं धनंजय कुशवाहा पटना बिहार द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पाटाचारा नाटक देखने के लिए क्षेत्रीय भीड़ उमड़ पड़ी। पटाचारा नाटक में सेठ के घर में एक ही पुत्री होती है। वह भी अपनी मर्जी से शादी कर लेती है जिससे बाद में उसे बहुत ही दु ःख मिलता है। उसका पति और दोनों बच्चे भी खत्म हो जाते हैं। अंत में वह मानसिक रूप से पागल हो जाती है तब भगवान बुद्ध की शरण में जाती है और बहुत महान बौद्ध भिक्षुणी बनती है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य भिक्षु डॉ धम्मपाल महाथेरा, सिकंदरपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष हरिहर सिंह विशिष्ट अतिथि विपिन द्विवेदी ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर अगरबत्ती मोमबत्ती जलाकर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम संयोजक तीर्थराज बौद्ध और बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव समित ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर बौद्ध भिक्षु कमलबोधी भंते धम्म दीप, संरक्षक भंते आनंद कीर्ति, भंते बुद्ध दीप, भंते बुद्ध प्रिय, भंते आनंद सागर सहित लगभग 4 दर्जन बौद्ध भिक्षु, रामचरन उपाध्यक्ष, डॉ मनोज कुमार उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र कुमार महासचिव, सतीश चंद्र बौद्ध महासचिव, देवकीनंदन कोषाध्यक्ष, रवि कुमार, संतोषप्रिय बौद्ध, रॉबिन यादव, राघवेंद्र यादव, कवि हरिगोविंद शाक्य हरि सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पागल कुत्ते के आतंक से दहशत, कई लोगों को काटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर क्षेत्र में एक पागल कुत्ते के आतंक से लोगों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार कुत्ते ने अलग-अलग स्थानों पर कई लोगों को काटकर घायल कर दिया, जिसके बाद स्थानीय लोगों में भय व्याप्त हो गया। बताया गया कि कुत्ते के हमले में अनिल चंद्र शुक्ला, श्याम चंद्र शाक्य, सुरेखा त्रिवेदी, वीर प्रताप सिंह सहित कई लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज किया गया।

## ग्रीष्मावकाश में कार्य के बदले ईएल देने पर बनी सहमति

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्रीष्मावकाश में कार्य के बदले ईएल देने पर बनी सहमति, शीघ्र शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव सुरेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त मनोज द्विवेदी तथा भगवती सिंह से शिष्टाचार भेंट कर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में प्रमुख रूप से ग्रीष्मावकाश के दौरान कार्य लेने के बदले शिक्षकों को श्व.रु (अर्जित अवकाश) प्रदान किए जाने का मुद्दा उठाया गया। यह जानकारी जिला महामंत्री डॉ एमके भारती न दी उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व में ही शासन को पत्र प्रेषित किया जा चुका है। इस पर अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक श्री मनोज द्विवेदी ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए संगठन की मांग पर सहमति जताई तथा शीघ्र ही प्रस्ताव शासन को भेजे जाने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि संगठन लंबे समय से शिक्षकों के हितों के लिए संघर्षरत है और उन्हें विश्वास है कि सरकार शिक्षकों की इस महत्वपूर्ण मांग पर जल्द निर्णय लेकर सभी शिक्षकों को श्व.रु का लाभ प्रदान करेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रयागराज अनुज कुमार पांडे, पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश पांडे, जिला मंत्री जगदीश प्रसाद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ वसीम अहमद सिद्दीकी, राज्य परिषद सदस्य राजेश शुक्ला, लक्ष्मीकांत शुक्ला तथा डॉ अभिषेक मिश्रा सहित संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर में शुरू हुआ कूलिंग सेंटर, गर्मी से मिलेगी राहत

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

बढ़ती गर्मी, हीट वेव और लू के प्रकोप को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कन्नौज एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज ने नगर के प्रमुख चौराहे स्थित श्रीराम प्रतीक्षालय को कूलिंग सेंटर के रूप में संचालित कर दिया है। इसका उद्देश्य राहगीरों, श्रमिकों, बुजुर्गों और आम नागरिकों को गर्मी से राहत प्रदान करना है। नगर पालिका परिषद द्वारा कूलिंग सेंटर में दो बड़े कूलरों की व्यवस्था की गई है, वहीं स्वच्छ पेयजल के लिए घड़ों की भी समुचित व्यवस्था कराई गई है। भीषण गर्मी के बीच यह केंद्र लोगों को शीतल विश्राम स्थल उपलब्ध कराएगा, जिससे लू और हीट वेव के खतरे से बचाव हो सके। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि केंद्र पर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है, जो साफ-सफाई, पेयजल उपलब्धता और नागरिकों की सहायता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाएगी। नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज ने नागरिकों से अपील की है कि तेज धूप और लू के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतें तथा जरूरत पड़ने पर कूलिंग सेंटर का उपयोग कर स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

## आवास विकास योजना को शासन से भेजा गया प्रस्ताव

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना संख्या-02, कन्नौज के अंतर्गत धारा-31(2) का प्रस्ताव परिषद मुख्यालय लखनऊ द्वारा शासन को भेज दिया गया है। अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-02 कानपुर ने बताया कि शासन से अनुमोदन मिलने के बाद धारा-32 के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी तथा योजना का गजट अधिसूचना के माध्यम से प्रकाशन होगा। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद करीब छह माह में भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू हो सकती है। योजना के तहत मौसमपुर मौरारा, युसुफपुर भगवान, ताजपुर नौखास्त तथा गदनपुर बद्धू गांवों की कुल 34.3978 हेक्टेयर यानी लगभग 85 एकड़ भूमि प्रस्तावित की गई है। अधिशासी अभियंता ने कहा कि प्रभावित किसानों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। शासन द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार पारदर्शी और समयबद्ध मुआवजा दिया जाएगा।

# आईटीआई बेहरिन में प्लेसमेंट ड्राइव 78 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बेहरिन-कन्नौज परिसर में बुधवार को एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में राजकीय एवं निजी आईटीआई से उत्तीर्ण 127 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड% द्वारा युवाओं के अप्रेंटिस एवं रोजगार के लिए साक्षात्कार लिए गए, जिसमें 78 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित युवाओं में खुशी का माहौल देखने को मिला। संस्थान के प्रधानाचार्य अनुज कुमार मौर्या ने कहा कि संस्थान युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के कौशल विकास और उज्ज्वल भविष्य निर्माण में सहायक साबित होते हैं।

इसी क्रम में डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय कन्नौज के रक्त केंद्र विभाग के सहयोग से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कर्मचारी प्रीति रानी, अश्विनी गौतम, जितेंद्र एवं प्रशिक्षार्थी पूनम देवी ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में संस्थान के कर्मचारियों और चिकित्सा विभाग की टीम ने सक्रिय सहयोग दिया।

## पति के जन्मदिन पर पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बढ़ती गर्मी और लगातार कट रहे पेड़ों के बीच पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए खल्ला नौगाई स्थित हनुमान मंदिर के पास पानी की टंकी परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रन्जू सिंह लकी ने अपने पति अनिल बाबू का जन्मदिन फूल एवं छायादार पौधे रोपित कर मनाया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कहा गया कि आज तापमान लगातार बढ़ रहा है और लाखों की संख्या में पेड़ काटे जा रहे हैं। ऐसे में यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जन्मदिन या परिवार के विशेष अवसरों पर पौधरोपण करे, तो पर्यावरण को सुरक्षित रखने में बड़ी मदद मिल सकती है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि कम से कम पांच पौधे अवश्य लगाएं और उनकी देखभाल भी करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# लू से राहत, बस स्टैड पर बने कूलिंग जोन

- 30 जून तक रहेगी व्यवस्था, जरूरत पड़ने पर बढ़ाई जाएगी अवधि

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कन्नौज में लगातार बढ़ रही गर्मी, हीटवेव और लू से बचाव के लिए शासन के निर्देश पर जिले के सभी बस स्टैंडों पर कूलिंग जोन और स्वच्छ शीतल पेयजल की व्यवस्था शुरू कर दी गई। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बस स्टैंड पहुंचे यात्रियों को गुड़ के साथ घड़े का ठंडा पानी वितरित किया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से ओआरएस की भी व्यवस्था कराई गई। इस दौरान परिवहन विभाग के एआरएम अभिषेक बाजपेयी, अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह, सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केपी त्रिपाठी तथा नगर पालिका ईओ श्यामेन्द्र चौधरी मौजूद रहे।

पत्रकारों से बातचीत में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि हीटवेव और लू से बचाव के लिए जिले के सभी बस स्टैंडों पर कूलिंग जोन बनाए गए हैं। यहां यात्रियों के बैठने के लिए ठंडी हवा की व्यवस्था के साथ शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन के आदेश पर यह व्यवस्था फिलहाल 30 जून तक संचालित रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर इसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। व्यवस्था की निगरानी संबंधित नगर पालिकाओं द्वारा की जाएगी।

## सादगी का संदेश,पैदल कार्यालय पहुंचे डीएम



**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने मितव्ययिता, संसाधनों के समुचित उपयोग और प्रशासनिक दक्षता का संदेश देते हुए बुधवार को अपने कैंप कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल पहुंचकर अनूठी पहल की। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के आह्वान पर जिलाधिकारी की इस पहल को प्रशासनिक सादगी और अनुशासन का प्रतीक माना जा रहा है। उन्होंने अपने व्यवहार से यह संदेश देने का प्रयास किया कि सीमित संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग और जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की इस पहल की जिले में चर्चा रही। लोगों ने इसे पर्यावरण संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली और सरकारी संसाधनों की बचत की दिशा में सकारात्मक कदम बताया।

# बिजली कटौती से नाराज किसानों ने किया प्रदर्शन, दी चेतावनी

**तालग्राम, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और किसानों को हो रही परेशानियों को लेकर मंगलवार को किसानों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि समय पर बिजली आपूर्ति न मिलने से सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है।

धरने के दौरान किसानों ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच खेतों में पानी की अत्यधिक आवश्यकता है, लेकिन लगातार बिजली कटौती के कारण ट्यूबवेल नहीं चल पा रहे हैं। इससे किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द समस्या का समाधान कराने की मांग की। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। धरना प्रदर्शन में अमर तिवारी, अभिषेक यादव, राजीव मिश्रा, विनय तिवारी, दिलीप तिवारी, अवधेश यादव, राहुल तिवारी, राम प्रकाश यादव, नरेंद्र दुबे, शैलेश पाल, शकील अहमद, पप्पू इद्दर्शी, महेंद्र कुशवाहा, महेश दोहरी, सतीश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# टला बड़ा हादसा,चलती कार बनी आग का गोला

**तिर्वा/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

- तिर्वा बेला वाया औरैया मार्ग पर तिर्वा कोतवाली के अहेर गांव के निकट का मामला

बेला की ओर से तिर्वा की ओर आ रही एक कार अचानक आग लगने के बाद उन पर सवार लोगों में हड़कंप मच गया। चंद मिनट बाद ही आग जलकर राख का ढेर बन गई। जानकारी के मुताबिक बीती देर रात एक कार सवार लोग औरैया की ओर से तिर्वा की ओर आने के लिए रवाना हुए थे। जैसे ही कार सवार तिर्वा कोतवाली के अहेर गांव के निकट पहुंचे, इसी दौरान कार में तेज धुएं के साथ चिंगारी निकलने लगी। अनहोनी घटना को भांप जहां कार सवार लोग तुरंत ही कार को रोककर बाहर निकल आए और घटना को लेकर कुछ सोच समझ पाते इससे पहले ही कार में तेज आग लग चुकी थी। देखते ही देखते आग के बवंडर ने कार को राख का ढेर बन दिया। मामले की सूचना पर दमकल की टीम और स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। जिसके बाद दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि, कार सवारों के घटना के तुरंत बाद बाहर निकल आने से बड़ा हादसा टल गया। बताया गया है कि, कार ठठिया थाना क्षेत्र की है।

# सपा का भ्रष्टाचार,महंगाई, बिजली संकट पर प्रदर्शन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



महंगाई, बिजली संकट, भ्रष्टाचार, नीट परीक्षा में अनियमितताओं सहित अन्य जनसमस्याओं पर समाजवादी पार्टी के नेताओं और समर्थकों का हुजूम विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़कों पर उतर आया। नारेबाजी के साथ जोरदार प्रदर्शन करते हुए सपाइयों ने कलेक्ट्रेट गेट पर ही अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी भी नजर आई।

बताते चलें कि,विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष पीपी सिंह बघेल और सपा नेत्री शशिमा सिंह दोहरे के नेतृत्व में बुधवार को सपाई नेताओं और कार्यकर्ताओं का हुजूम पार्टी कार्यालय पर इकट्ठा हुआ। यहां से पैदल ही सड़को पर उतरा सपाई नेताओं का हुजूम नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट मुख्यालय पहुंचा। इस दौरान पुलिस बल की बड़ी संख्या में मौजूदगी के कारण सपाई कलेक्ट्रेट गेट तक ही पहुंच सके। जलूस में शामिल महिला सपा नेता जहां अपने हाथों में मक्के के सूखे पौधे लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची, वहीं कुछ सपाई बैलगाड़ी के साथ भी नजर आए। सपा नेताओं ने बढ़ती हुई महंगाई, बिजली कटौती, भ्रष्टाचार, पेपर लीक, किसानों की समस्याओं सहित अन्य जनसमस्याओं को लेकर सरकार पर तंज कसते हुए प्रदर्शन के दौरान अपनी बात रखी। सपा नेताओं का कहना था कि, ग्रामीण हों या शहरी इलाके बिजली कटौती से परेशान हैं। किसानों की आलू की फसल में नुकसान के बाद मक्का से उम्मीद थी,लेकिन बिजली की किल्लत के कारण सिंचाई नहीं हो पा रही है, जिससे फसलें सूख रही हैं। देश और प्रदेश में लगातार बढ़ती हुई महंगाई से आम जनमानस पर प्रभाव पड़ा है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य पदार्थों, खाद बीज, कीटनाशक, से लेकर दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर महंगाई के कारण किसान, व्यापारी, मजदूर, कर्मचारी, युवा, महिलाएं, से लेकर मध्यम वर्गीय परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

सपा नेताओं का कहना था कि, सपा की सरकार में जिले को 24 घंटे बिजली मिलती थी, अब इस सरकार में बिजली की किल्लत जिले के लोग झेल रहे हैं। कहीं बिजली के बढ़े हुए बिल लोगों को परेशान कर रहे हैं तो कहीं किसान की की सूखती मक्का की फसल, किसान को बुरी तरह प्रभावित कर रही है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला अधेड़ महिला का शव

▸ गांव के बाहर बने नए मकान पर जाने की बात कहकर निकली थी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


मृतका का फाइल फोटो


मौके पर मौजूद पुलिस

थाना क्षेत्र के महमदपुर धनी गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक महिला ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौत हो गई। महिला का शव तीन टुकड़ों में बंटा हुआ मिला। यह घटना रेलवे पोल संख्या 155/21 से 155/22 के बीच हुई। शमसाबाद रेलवे स्टेशन के मेट सुरेंद्र सिंह सुबह 5: 30 बजे लाइन चेक करने निकले थे। करीब 5: 45 बजे उन्होंने रेलवे ट्रैक पर महिला का शव पड़ा देखा। सुरेंद्र सिंह ने तत्काल इसकी सूचना शमसाबाद के स्टेशन मास्टर पुतनलाल को दी। स्टेशन मास्टर पुतनलाल ने डायल 112 पर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही डायल 112 के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और मेट सुरेंद्र सिंह से घटना के संबंध में पूछताछ की। घटनास्थल पर आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों की भीड़ जमा हो गई। थाना नवाबगंज के दरोगा जगराम और कमलेश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों से जानकारी ली। भीड़ में मौजूद लोगों ने फोन से आसपास के गांवों में घटना की सूचना दी। इसी दौरान थाना शमसाबाद के गांव खुड़ना बैध निवासी अनूप गंगवार घटनास्थल पर पहुंचे और महिला की पहचान मोहल्ले की शशि प्रभा (50) के रूप में की। अनूप ने इसकी सूचना शशि प्रभा के परिजनों को दी। सूचना मिलने पर उनके पति बृजेश गंगवार मौके पर पहुंचे और साड़ी व चप्पल से अपनी पत्नी शशि प्रभा की पहचान की। बृजेश गंगवार ने बताया कि शशि प्रभा सुबह 5 बजे घर से निकली थीं और गांव के बाहर नए मकान पर जाने की बात कही थी। जब बृजेश वहां देखने गए तो वह नहीं मिलीं, जिसके बाद उन्होंने तलाश शुरू की।

उन्होंने शमसाबाद स्टेशन पर भी खोजबीन की थी। बृजेश ने यह भी बताया कि कुछ दिनों पहले उनके दामाद की मौत हो गई थी, जिसके कारण शशि प्रभा परेशान रहती थीं। मृतका के दो बच्चे हैं, बड़ी बेटी दीक्षा (30) और बेटा दीपक (26) है। दरोगा जगराम ने बताया कि परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मेट सुरेंद्र सिंह ने शव को रेलवे ट्रैक से हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखा था।

# बीडीओ ने गौशाला साहबगंज, रुखैया खालिदादपुर व कढ़िउली का किया निरीक्षण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


हरा चारा खाते गौवंश

जिलाधिकारी के निर्देशन में विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने गौशालाओं में पहुंचकर गोवंशों के लिए बंदोबस्त किया और हरा चारा खिलाया। ग्राम पंचायत साहबगंज में बनी गौशाला तथा ग्राम पंचायत रुखैया खालिद दादपुर में बनी गौशाला, ग्राम पंचायत कढ़िउली में बनी गौशाला में विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने बारी-बारी से निरीक्षण किया तथा गोवंशों के आश्रय स्थल पर तीन डलवाई। उसे पर गर्मी से राहत देने के लिए समरसेबल पंप से फब्बारे भी लगवाए। गोवंशों के आश्रय स्थल को गर्मी से राहत दिलाने व ठंडा करने के लिए व्यवस्थाएं की गई। वहीं गोपालकों को सभी सही व्यवस्था करने के निर्देश विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने दिए। गौपलकों को हिदायत देते हुए बताया कि गर्मी के मौसम में किसी भी गौवंश को पानी की कमी न होने पाए और हरे चारे की लगातार व्यवस्था जारी रहे। जिससे कि कोई भी गोवंश गर्मी की चपेट में ना आ सके। इस मौके पर साहिबगंज गौशाला में विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान, ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार तथा रुखैया खालिक दादपुर में विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ग्राम पंचायत सचिव अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, वहीं कढ़िउली में ग्राम प्रधान शैलेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत सचिव प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

## डंपर की टक्कर से बिजली का पोल टूटा, 80 मीटर केबल क्षतिग्रस्त

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम कनासी टॉवर के पास सुबह एक टाटा डंपर की टक्कर से बिजली विभाग का एलटी लाइन पोल और लगभग 80 मीटर स्पैन केबल क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद अठसैनी फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे क्षेत्र में बिजली संकट खड़ा हो गया। जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग के मुताबिक टाटा डंपर संख्या यूपी 76एटी/147 के चालक सुनील कुमार निवासी ग्राम कुरार थाना मेरापुर ने 19 मई को पोल और बंच केबल को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर संविदाकर्मी लाइनमैन विकास मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। सुरक्षा को देखते हुए तत्काल विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि हादसे से बिजली विभाग को राजस्व क्षति हुई है, साथ ही अठसैनी फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं की सप्लाई भी प्रभावित हुई। मामले में संबंधित चालक के खिलाफकानूनी कार्रवाई और विभाग को हुए नुकसान की भरपाई कराने के लिए पुलिस से मांग की गई है।

# जानलेवा हमले में 9 लोगों पर दोषसिद्ध, सजा 25 मई को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जानलेवा हमले के मामले में अपर जिला जज एंवं सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त अखिल गुप्ता नेता, अमित गुप्ता, भगत, निखिल गुप्ता पुत्रगण घनश्याम गुप्ता, राहुल गुप्ता, संदीप गुप्ता पुत्रगण मुन्नू गुप्ता, निहाल पुत्र राजवीर, रोहित गुप्ता पुत्र गिरीश चंद्र गुप्ता, हर्ष गुप्ता, जतिन गुप्ता पुत्रगण उमाकांत गुप्ता कमालगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 25 मई की तिथि नियत की गई है।

विगत 6 वर्ष पूर्व अनिल गुप्ता पुत्र रामप्रकाश गुप्ता निवासी शास्त्री नगर थाना कमालगंज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 13 नवम्बर 2020 तपस्वी बाग हनुमान मंदिर दर्शन कर समय लगभग साढ़े दस बजे अपनी मोटर साइकिल से घर आ रहा था, जैसे ही गंगागली चौराहे के पास पहुंचा, तभी पुरानी रंजिश के कारण अचानक रास्ते में रोक कर पहले से घात लगाए बैठे अखिल, अमित, निखिल, राहुल, संदीप, निहाल, रोहित, हर्ष, जतिन यह कहते हुए कि तू अपने को बहुत बढ़ा नेता समझता है, जान से मारने की नियत से तमंचे से अखिल गुप्ता ने फायर किया। मैं नीचे बैठ गया, गोली मेरे सिर के पास से निकल गई। इसके बाद अन्य सभी लोगों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियार व लात-घूसों से एकजुट होकर मारने लगे। जिससे मेरे गंभीर चोट आई। उक्त घटना को कस्बे के कई लोगों ने देखा है जान से मारने की धमकी देते हुए मेरी सोने की चैन व लगभग दस हजार रुपए जेब से लूट ले गए थे। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण करवाकर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में सभी आरोपी के खिलाफ न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त अखिल, अमित, निखिल, राहुल, संदीप, निहाल, रोहित, हर्ष, जतिन को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 25 मई की तिथि नियत की गई है।

# कलेक्ट्रेट परिसर में मिट्टी के घड़े रखवाकर प्याऊ व्यवस्था का हुआ शुभारम्भ

डीएम ने नगर पालिका को नियमित रूप से स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध रखने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


प्याऊ का शुभारम्भ करते ईओ

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देशानुसार भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा आमजन को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न स्थानों पर मिट्टी के घड़े रखवाकर प्याऊ व्यवस्था का शुभारंभ किया गया। गर्मी के मौसम में जनसामान्य, अधिवक्ताओं, फरियादियों एवं कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाले अन्य नागरिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। कलेक्ट्रेट परिसर के प्रमुख स्थानों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि लोगों को भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनहित से जुड़े ऐसे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि प्याऊ स्थलों पर नियमित रूप से स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में आमजन को राहत पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा नगर निकायों द्वारा जनसुविधाओं के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। उपस्थित लोगों ने प्रशासन की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए इसे गर्मी के मौसम में अत्यंत उपयोगी कदम बताया।

## बोलेरो की टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत


मृतक का फाइल फोटो

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव नंदसा निवासी 32 वर्षीय राहुल कुमार 8 मई की शाम अपनी मोटरसाइकिल से अपने भतीजे निखिल के साथ कायमगंज के गांव सस्तनापुर में अपने नाना की तेहरवीं में शामिल होकर वापस अपने घर नंदसा आ रहे थे। शाम लगभग 6 बजे जैसे ही वह नवाबगंज मोहम्मदाबाद मार्ग पर स्थित नगला दमू के पास पहुंचे, तभी नवाबगंज की तरफ से आ रही बोलेरो के चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। स्वजन उपचार के लिए घायल राहुल को निजी अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान 19 मई की शाम 7 बजे राहुल की मृत्यु हो गई। मृतक राहुल के भाई आकाश ने थाना नवाबगंज में बोलोरो गाड़ी व उसके चालक के विरुद्ध तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाकर भाई की मोटरसाइकिल में टक्कर मार देने से मृत्यु हो जाने का प्रार्थना पत्र दिया है। मृतक राहुल बुकिंग पर गाड़ी चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था। मृतक पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। पिता की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। मृतक के एक चार वर्षीय पुत्र लव, 3 वर्षीय पुत्री लवली एवं सात माह के दो जुड़वा बच्चे, एक पुत्र एवं एक पुत्री है। मां आशा देवी, पत्नी रश्मि एवं स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर नवाबगंज पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# लगातार हादसों के बाद जागा पीडब्लूडी विभाग, मुख्य चौराहे पर बनाए स्पीड ब्रेकर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


स्पीड ब्रेकर बनाते कर्मचारी

नवाबगंज नगर के मुख्य चौराहे पर लगातार हो रहे सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी ने आखिरकार कदम उठा लिया है। विभाग द्वारा चौराहे के आसपास स्पीड ब्रेकर गति अवरोधक बनाने का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है।

**डंपर की टक्कर से हुई थी बाइक सवार की मौत**

स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस मुख्य चौराहे और इसके आसपास के क्षेत्रों में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिनमें कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। सोमवार को नवाबगंज नगर के मोहम्मदाबाद रोड पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ था, जहाँ एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी।

**हादसे के बाद हरकत में आया विभाग**

इस दुखद घटना और स्थानीय स्तर पर बढ़ते आक्रोश के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग हरकत में आया। मंगलवार शाम को विभाग के कर्मचारियों ने मुख्य चौराहे के पास पहुंचकर युद्धस्तर पर स्पीड ब्रेकर बनाने का काम शुरू कर दिया।

स्थानीय निवासियों का कहना है यहाँ से गुजरने वाले भारी वाहन बेहद तेज गति में होते हैं। स्पीड ब्रेकर बनने से वाहनों की रफ्तार पर लगाम लगेगी और भविष्य में होने वाले हादसों को रोका जा सकेगा। हालांकि, यह कदम और पहले उठाया जाना चाहिए था, ताकि किसी की जान न जाती। विभाग का कहना है कि चौराहे के सभी संवेदनशील पॉइंट पर गति अवरोधक बनाने का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि यातायात को सुरक्षित बनाया जा सके।


जांच पड़ताल करती पुलिस

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने जाँच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के गाँव अमोगपुर ब्रह्मनान निवासी रंजीत पुत्र रमेश बाइक से गुजर रहा था। जैसे ही वह गाँव अलादादपुर के निकट पहुँचा, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौक हो गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, हल्का इन्चार्ज ज्ञान प्रकाश पाण्डेय ने मौके पर पहुँच कर जाँच पड़तात की। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# बीडीओ ने सचिवों की साप्ताहिक बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


बैठक में मौजूद सचिव

विकास खण्ड कार्यालय परिसर में बीडीओ की अध्यक्षता में सचिवों की साप्ताहिक बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान उन्होंने सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा ग्राम प्रधानों के कार्याकाल के बारे में चर्चा की।

विकासखंड कार्यालय पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने उच्च अधिकारियों के निर्देशन में साप्ताहिक बैठक बुलाई। जिसमें ग्राम पंचायत के सचिवों से सरकारी योजनाओं मुख्यमंत्री आवास के पात्र लाभार्थियों की सूची पर भी मंत्रणा की। एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर को लाभार्थियों के जॉब कार्ड तुरंत बनवाने के निर्देश दिए। फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी पर भी विशेषता से जोर दिया। बीडीओ ने सभी ग्राम पंचायत को बताया इस पर सरकार तथा अधिकारी अग्रसर हैं, इसलिए हर हाल में सरकारी योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य किया जाए। ग्राम पंचायत के सचिवों को चेताया कि पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, कर्मचारियों को लगाकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए। वहीं ग्राम पंचायत में कूड़ा कलेक्शन शुल्क अधिक से अधिक जमा करवाने के भी निर्देश दिए। विकासखंड कार्यालय से जुड़े सरकारी योजनाओं के बारे में जनता से विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर विकास खंडाधिकारी अमरेश चौहान वीडियो पंचायत किशन पाल सिंह एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार, ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला, अरविंद कुमार, कुलदीप कुमार राजपूत, अनुपम बाजपेई, बृजेश कुमार, मोतीलाल, आकांक्षा सक्सेना, सुनील कुमार, कामता प्रसाद पटेल, प्रवीण कुमार, वेद प्रकाश, एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर, कंप्यूटर ऑपरेटर मनरेगा सहायक विनीत कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# जिला बदर भाइयों को पुलिस ने जिले के बाहर का दिखाया रास्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


जिले के बाहर अपराधियों को छोड़ने जाती पुलिस

घर में रह रहे जिला बदर घोषित अपराधियों को पुलिस ने ढूंढकर माइक से एलाउंस कराकर जिले से बाहर का रास्ता दिखाया और हिदायत दी कि यदि जनपद की सीमा के अंदर दिखायी दिये तो तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

कोतवाली फर्रुखाबाद के मोहल्ला चौक बाजार खोया मंडी निवासी प्रशांत शुक्ला के पुत्र अनुभव व अभिनव को जिला मजिस्ट्रेट ने गुंडा एक्ट के मुकदमे की सुनवाई के दौरान 9 अप्रैल को 6 माह के लिए जिला बदर घोषित कर दिया था, लेकिन वह जिले से बाहर नहीं गये और अपने घर में रह रहे थे। तिकोना चौकी प्रभारी संजीव कुमार सिपाही गौरव के साथ दोनों शातिर भाइयों को ढूंढकर जिले से बाहर का रास्ता दिखाया और हिदायत दी कि जनपद में यदि दिखायी दिये तो कार्यवाही की जायेगी। पुलिस ने दोनों भाइयों को चौक बाजार स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया। पुलिस दोनों भाइयों को पैदल ही जिले के सीमा के बाहर ले गई। मालूम हो की जिला मजिस्ट्रेट ने जिला बदर संबंधी जारी किए गए आदेश में पुलिस को आदेश दिया था कि अपराधियों को जिले से बाहर निकाला जाए, यदि वह पुनः जिले में आते हैं तो उनकी गिरफ्तारी की जाये। दोनों अपराधी भाई करीब सवा माह से खुलेआम घर पर ही रह रहे थे। पुलिस ने जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर तुरंत ध्यान नहीं दिया। सूत्रों की माने तो किसी ने इसकी शिकायत की, तब पुलिस हरकत में आयी और दोनों को पकड़कर जिले के बाहर का रास्ता दिखाते हुए हिदायत दी कि समयावधि के अंदर जिले के अंदर दिखायी दिये तो जेल भेज देंगे। इस दौरान पुलिस ने माइक से एलाउंस भी किया।

# रामलीला मंच पर टीन शेड का वादा, आठ माह बाद भी हकीकत का इंतजार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


रामलीला मैदान का मंच

कस्बा नवाबगंज स्थित रामलीला मैदान का मंच आज भी उस वादे की बाट जोह रहा है, जो वर्ष 2025 में तत्कालीन अध्यक्ष द्वारा किया गया था। रामलीला मंचन के समापन के आठ माह बीत जाने के बाद भी मंच पर टीन शेड न लग पाने से नगरवासियों में मायूसी है और सवाल उठने लगे हैं कि क्या यह वादा केवल जुमला बनकर रह गया है।

**क्या था वादा?**

वर्ष 2025 में रामलीला मंचन के दौरान आयोजित एक बैठक में तत्कालीन अध्यक्ष ने मंच पर टीन शेड डलवाने का सार्वजनिक वादा किया था। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि इसके लिए जो भी खर्च आएगा, वह स्वयं वहन करेंगे और इसके लिए कमेटी के चंदे पर निर्भर नहीं रहेंगे। उद्देश्य यह था कि टीन शेड लगने से न केवल मैदान की शोभा बढ़ेगी, बल्कि मंचन के दौरान कलाकारों को होने वाली परेशानियों से भी मुक्ति मिलेगी।

**चुनाव करीब, मंच खामोश**

रामलीला संपन्न हुए करीब आठ महीने बीत चुके हैं और अब आगामी दो माह में कमेटी के नए चुनाव होने हैं। कार्यकाल समाप्ति की ओर है, लेकिन टीन शेड का काम अभी भी कागजों तक ही सीमित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले दो वर्षों में कमेटी के पास चंदे की अच्छी खासी बचत भी मौजूद है, जिससे एक बेहतर टीन शेड का निर्माण कराया जा सकता था, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता ने इस कार्य को लटका, रखा है।

**कमेटी की चुप्पी पर उठ रहे सवाल**

इस मामले में रामलीला कमेटी के सदस्य कुछ भी कहने से कतरा रहे हैं। कमेटी के इस मौन के कारण नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म है और रामलीला मंचन के भविष्य को लेकर भी लोग चिंतित नजर आ रहे हैं।

**जनता की उम्मीद**

नगर की जनता को अब भी उम्मीद है कि कार्यकाल समाप्त होने से पहले तत्कालीन अध्यक्ष अपने वादे को पूरा करेंगे। यदि समय रहते टीन शेड का निर्माण हो जाता है, तो यह न केवल कलाकारों के लिए सुविधाजनक होगा, बल्कि आयोजनों की गरिमा में भी चार चांद लगाएगा।

# लेखपाल मुख्य परीक्षा में आज, 6720 अभ्यार्थी होंगे शामिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


जानकारी देती एसपी

▸ रूट डायवर्जन, फतेहगढ़-फर्रुखाबाद मार्ग पर नहीं निकलेंगे बड़े वाहन
▸ बसों का आवागमन आईटीआई, सेंट्रल जेल व छोटी जेल होगा
▸ जिले में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए

21 मई को जनपद में लेखपाल मुख्य परीक्षा (प्रा.अ.प.-2025)/01 के दृष्टिगत परीक्षा में भारी संख्या में परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों के आगमन की संभावना है। परीक्षार्थियों को समय से परीक्षा केंद्रों पर पहुँचने, यातायात व्यवस्था को सुगम-सुचारू रूप से संचालित करने तथा शहर को जाम से मुक्त रखने हेतु 21 मई को परीक्षा समाप्ति तक हल्के एवं भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन किया गया है। इसके लिए जिले में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सबसे बड़ा केंद्र रस्तोगी इंटर कालेज बनाया गया है। जिसमें 600 अभ्यार्थी बैठेंगे। लेखपाल भर्ती परीक्षा के लिए सभी 19 केंद्रों के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किये गये है। सभी 19 केंद्रों के लिए रजिस्ट्रर्ड अभ्यार्थियों की संख्या 6720 बतायी जा रही है। जिसमें सबसे बड़ा केंद्र रस्तोगी इंटर कालेज बनाया गया है।

यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और शहर को जाम से मुक्त रखने के लिए पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने रूट डायवर्जन की घोषणा की है। यह डायवर्जन परीक्षा समाप्त होने तक लागू रहेगा। किये गये रूट डायवर्जन में कन्नौज से कानुपर रोड होते हुये फतेहगढ़ को आने वाले माल वाहन जैसे ट्रक, टैंकर, डीसीएम, डम्फर, लोडर व बड़े वाहनों को जिला जेल क्रांसिग से सेन्ट्रल जेल की तरफ डायवर्ट किया जायेगा। बस अडडा फर्रुखाबाद से कानुपर की तरफ जाने वाली रोडवेज बसे लालगेट फव्वारा, आईटीआई से सेंन्ट्रल जेल की तरफ डायवर्ट रहेगी। स्कूल कॉलेज एवं परीक्षा केंद्रों के आसपास भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ई-रिक्शा, ऑटो, टेंपो आदि हल्के वाहन निर्धारित मार्गो से ही संचालित होगें, भीड़-भाड़ वाले क्षोत्रों में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

सभी वाहन चालक निर्धारित रूट डायवर्जन का पालन करेंगे। समस्त परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि पांचालघाट गंगा पुल पर मरम्मत कार्य प्रचलित होने के कारण उक्त मार्ग पर यातायात का आवागमन प्रभावित है, जिससे पुल पार करने में सामान्य से अधिक समय लग सकता है।

समस्त परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने परीक्षा केन्द्र हेतु निर्धारित समय से पूर्व प्रस्थान करना सुनिश्चित करें, जिससे परीक्षा केन्द्र तक समय से पहुँचने में किसी प्रकार की असुविधा अथवा व्यवधान उत्पन्न न हो।

# मांगों को लेकर लखनऊ जा रहे प्रधानों को पुलिस ने बीच में रोका

▸ जब तक चुनाव न हो तब तक विकास कार्यों की जिम्मेदारी प्रधानों को ही दी जाए

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड मोहम्मदाबाद के प्रधानगढ़ अपनी मांगों को लेकर लखनऊ स्थित इको गार्डन जा रहे थे। क्षेत्र के प्रधानों को पुलिस ने बीच में ही रोक दिया।

ग्राम पंचायत के प्रधानों का कार्यकाल 26 मई को पूरा हो रहा है, लेकिन चुनाव को लेकर अभी कोई भी घोषणा नहीं की गई है। ऐसे में प्रधानों ने अपनी मांगों को लेकर लखनऊ स्थित इको गार्डन में धरना देने की योजना बनाई। विकासखंड मोहम्मदाबाद के लगभग 40 से 50 ग्राम प्रधान बस में बैठकर सुबह 8 बजे इको गार्डन लखनऊ के लिए निकले। उच्च अधिकारियों की सूचना पर थाना पुलिस ने लोकेशन के आधार पर प्रधानों का पीछा किया और भारी पुलिस बल के साथ कन्नौज स्थित अरोल मोड पर बस को रोक लिया।

प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने पुलिस बल के साथ प्रधानों से वापस मोहम्मदाबाद चलने के लिए अनुरोध किया।

इसके बाद सभी प्रधानों को विकासखंड कार्यालय मोहम्मदाबाद लाया गया। विकासखंड मोहम्मदाबाद के प्रधान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राम नारायण सिंह एवं उपाध्यक्ष आदित्य यादव ने बताया कि सरकार या तो समय पर चुनाव कराए या फिर जब तक चुनाव न हो तब तक विकास कार्यों की जिम्मेदारी प्रधानों को ही दी जाए। किसी प्रकार का कोई भी प्रशासक नियुक्त न किया जाए। ब्लॉक अध्यक्ष ने पूर्व में नियुक्त किए गए प्रशासक पर विकास कार्यों में लापरवाही करने एवं धन उगाही करने का आरोप भी लगाया। उपाध्यक्ष आदित्य यादव ने बताया कि प्रशासक सभी ग्राम पंचायत में जनता के अनुरूप कार्य नहीं कर सकते हैं। प्रशासक नियुक्त न किया जाए। विकास कार्यों की जिम्मेदारी प्रधानों को ही दी जाए। प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया की उच्च अधिकारियों के आदेश पर प्रधानों को कन्नौज स्थित अरोल मोड़ से समझा बुझाकर वापस विकासखंड कार्यालय में लाया गया है, सभी से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। इस मौके पर ओमवीर, कुंदेश यादव, विक्कू यादव, अजीत यादव, अवनीश यादव, सेवाराम कठेरिया, हाकिम सिंह सहित लगभग तीन दर्जन से अधिक ग्राम पंचायत के प्रधान मौजूद रहे।


पुलिस द्वारा रोके गये ग्राम प्रधान

# बोर्ड परीक्षा के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ट्राफी देकर किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेण्ट पाल्स ब्राइटन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बंधौआ नेकपुर में कक्षा 10 के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों पर एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने उन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन एवं अनुशासन के बल पर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं में अनामिका सक्सेना प्रथम स्थान, यश कुमार द्वितीय स्थान, सृष्टि सुनारिया तृतीय स्थान, आकांक्षा चौहान, निहाल, शौर्य प्रताप, आस्था, अनुभव पांडेय, आयुष कुशवाह एवं हर्ष पाल ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से ट्रॉफी एवं शुभकामनाओं के साथ सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला। निदेशक रोजिशन विश्वासी ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। हमें विश्वास है कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी विद्यालय एवं समाज का नाम रोशन करेंगे। प्रबंधिका रोहतानी विश्वासी ने कहा कि श्जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास अत्यंत आवश्यक है। हमें अपने विद्यार्थियों पर गर्व है।

प्रधानाचार्य डॉ0 अवधेश कुमार यादव ने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह के दौरान शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


सम्मानित विद्यार्थी व मौजूद विद्यालय स्टाफ

# भारतीय मुक्केबाजी टीम के चयनकर्ता सदस्य संजीव कटियार नामित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

3 जुलाई से 16 जुलाई तक जकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित होने वाली एशियाई मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अण्डर 23 भारतीय पुरुष एवं महिला टीम का चयन 27 मई से 1 जून तक नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला, पंजाब में किया जाएगा। भारतीय टीम के चयन में बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने उत्तर प्रदेश से संजीव कटियार को चयन समिति का सदस्य निर्णायक नामित किया है। इस बाबत बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव प्रमोद कुमार ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फर्रुखाबाद को पत्र भेजा है। संजीव ने बताया कि उन्होंने मुक्केबाजी में राष्ट्रीय रेफरी/जज की परीक्षा वर्ष 2003 में पास की थी। तब से अभी तक खेलो इंडिया प्रतियोगिताओं सहित कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में निर्णयक के रूप में कार्य कर चुके हैं। वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग फर्रुखाबाद में सहायक अध्यापक/जिला व्यायाम शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। संजीव की उपलब्धि पर जिला मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल एउपाध्यक्ष प्रियंक शुक्लाए कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन कटियार, स्टेडियम बॉक्सिंग कोच पूनम शर्मा, अंकित कटियार, कुलदीप शर्मा, सचिन सिंह एवं जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अंजुम दुबे, सचिव अवनीन्द्र सक्सेना ने बधाई दी।


संजीव कटियार

# रखा बालिका इं.का. में भाषा समर कैम्प का हुआ समापन

▸ राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ बनाने के प्रति किया प्रेरित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रखा बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में भारतीय भाषा समर कैम्प का आयोजन हुआ। जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरुप बहुभाषिका को बढ़ावा देना व राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करने तथा विभिन्न भाषाओं के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारतीय भाषा समर कैम्प का आयोजन किया गया। समर कैम्प के अन्तर्गत छात्राओं को वर्णमाला का ज्ञान व दैनिक जीवन व नैतिक कर्तव्यों का मूल, अभिवादन की जानकारी दी गई। छात्राओं को वर्चुअल टूर कराया व शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की जानकारी दी। बाजार से सामान खरीदना सिखाया। आटो चालकों से संवाद किया।

समर कैम्प के अन्तर्गत राजस्थानी व पंजाबी गीत गाये। हरियाणवी, राजस्थानी, पंजाबी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर चित्रकला बनायी गई। समर कैम्प के अन्तर्गत मसालों, सब्जियों, फलों आदि की जानकारी दी गई। सूखे मसाले कैसे तैयार किये जाते है। उसके बारे में बताया गया। छात्राओं को मानचित्र की सहायता से भारत व संसार की नदियों, महासागरों, पर्वतों, ज्वालामुखी की जानकारी दी गई। प्रदूषण, ज्वालामुखी का मॉडल, चार्ट पेपर पर इतिहासिक मॉडलों को दर्शाते हुए समझाया गया। छात्राओं को भाषा आधारित खेल जैसे ट्वीटर, अंताक्षरी, शब्द श्रंखला, बच्चों में भाषा अभ्यास सुधारने जैसे खेल माध्यम से सिखाया। समर कैम्प के अंतिम दिन प्रधानाचार्य डॉ. नीतू मसीह ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका वीना एडवर्ड, नीतिका सनी, नेहा मिश्रा, ममता पोसिया पॉल, भावना लाल, लक्ष्मी, पूजा आदि ने योगदान दिया।


समर कैम्प में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

## हाईस्कूल व इंटर के मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान


सम्मानित होते मेधावी छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एमए फारुकी मेमोरियल इंटर कालेज शमशाबाद में बुधवार को परीक्षा परिणाम वितरित किया गया। हाईस्कूल व इंटर मीडिएट में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं का स्वागत समारोह हुआ। प्रबंधक नदीम अहमद फारुखी व प्रधानाचार्य ने मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया। कक्षा–10 में सर्वोच्चतम अंक प्राप्त करने वाली छात्रा आफिया गुलजार व इंटर में सर्वोच्चतम अंक प्राप्त करने वाली छात्रा इंशा यासमीन आदि को प्रबंधक नदीम अहमद फारुखी ने माल्यार्पण व पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। मेधावी छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। प्रधानाचार्य अजय कुमार सक्सेना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# भाकियू ने विद्युत विभाग के जेई व एसडीओ के खिलाफ की कार्यवाही की मांग

▸ मांग पूरी न होने पर किया जायेगा आंदोलन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन धरती पुत्र की पंचायत कार्यालय मोहल्ला जवाहरगंज में मंजेश यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन प्रताप सिंह गंगवार ने किया। कहा गया कि वर्तमान सरकार में घूसखोरी महंगाई से किसान परेशान है। खाद जो 250 की यूरिया मिलती थी, अब 500 की बोरी बिक रही है। घरेलू सिलेंडर की कीमतें बढ़ चुकी हैं। गैस समय से उपलब्ध नहीं है। वहीं डीजल की कीमत से सिंचाई महंगी हो गई है। किसानों की फसलों का वाजिब मूल्य नहीं मिल रहा है। आलू मिट्टी के भाव बिक रहा है यही हाल मक्का का होगा। आलू से मंडी शुल्क समाप्त किया जाए।

कस्बा कायमगंज में विद्युत आने जाने का कोई समय नहीं है। विभाग जब मर्जी आती है विद्युत काट देते हैं। पूछने पर बताया जाता है कि विद्युत फाल्ट में है। जेई जावेद अहमद, एसडीओ विनोद कनौजिया अपनी मर्जी से कार्य कर रहे हैं। उपरोक्त दोनों कर्मचारी अवैध वसूली में लगे रहते हैं और लाइनमैनो से अवैध वसूली करा रहा है। विद्युत चोरी कराना, चोरी के झूठे मुकदमे लिखवाना, रीडरों से गलत रीडिंग भिजवाना, जिससे सही बिल कराने पर अवैध वसूली करना, लाइन जोड़ने के नाम से 200 रुपये की अवैध वसूली कराना, इसके अलावा 100 मीटर की दूरी के कनेक्शन का स्टीमेट न बनाना, देवेन्द्र और विनोद को कनेक्शन देने के नाम पर अवैध धनराशि मांगना, 25 फुट की दूरी पर विनोद और देवेन्द्र का मकान नई बस्ती में है। कनेक्शन के नाम पर घूस मांगना, इसी तरह पुलगालिब पर 400 से 500 मीटर के अंतराल पर कोई खम्बा नहीं, कोई स्टीमेट नहीं, कनेक्शन 25000 से लेकर 60000 की रकम लेकर दिया गया। जबकि नियमानुसार बंच केवल और पोल लगाकर कनेक्शन होना चाहिए। जिम्मेदारों पर कार्यवाही नहीं होती है तो जनपद में बढ़ा आंदोलन होगा। इसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा। पंचायत में मुन्नालाल सक्सेना, प्रताप सिंह गंगवार, मंजेश यादव, विनीत कुमार, महिपाल सिंह, गोपाल तिवारी, रामवीर, रामलाल गुप्ता, हेतराम, विपिन आदि उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद भाकियू नेता

# फर्रुखाबाद से गंगोत्री-गोमुख के लिए निकली पदयात्रा


पदयात्रा में शामिल साधु-संत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना कादरी गेट क्षेत्र के पांचाल घाट स्थित ओटला महादेव मंदिर के निकट दुर्वासा ऋषि आश्रम गंगा तट से मंगलवार सुबह तीन श्रद्धालुओं ने गंगोत्री-गोमुख के लिए पैदल यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा रवाना होने से पहले भक्तों ने पदयात्रियों का तिलक कर स्वागत किया तथा जयकारों के साथ उन्हें विदाई दी। पदयात्रा में शामिल अरुण दुबे निवासी गुरुसादीनगर, नागा सन्यासी बाबा महाकाल तथा सागर निवासी पक्का पुल हाथों में भगवान का ध्वज लेकर सुबह करीब 8 बजे रवाना हुए। यात्रा के दौरान लगभग एक दर्जन श्रद्धालु पांचाल घाट तक उनके साथ रहे। अरुण दुबे ने बताया कि वह कई वर्षों से पांचाल घाट स्थित दुर्वासा ऋषि आश्रम के निकट कुटी बनाकर रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा फर्रुखाबाद से बदायूं, मुरादाबाद और हरिद्वार होते हुए अधिकतर गंगा किनारे-किनारे तय की जाएगी। उन्होंने बताया यात्रा का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करना होगा। उन्होंने बताया कि दिनभर पैदल यात्रा करने के बाद शाम 4 बजे के बाद गांव अथवा गंगा किनारे विश्राम किया जाएगा। जहां भोजन एवं भजन-कीर्तन की व्यवस्था होगी। लोगों के सहयोग से भजन करते हुए यात्रा को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गोमुख पहुंचकर दर्शन करने के बाद वह पुनः पैदल ही फर्रुखाबाद लौटेंगे। यात्रा में लगभग तीन माह का समय लगने का अनुमान है। अरुण दुबे ने कहा कि भगवान बजरंगबली की कृपा उनके साथ है और मंगलवार के शुभ दिन यात्रा का शुभारंभ इसी आस्था के साथ किया गया है। यात्रा को रवाना करने वालों में जय भोले बाबा कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, डॉ0 संजीव मिश्रा, दीपक गुप्ता, विक्की ठाकुर, आनंद मोहन मिश्रा, अक्कू गुप्ता, अतुल पांडे, ठाकुर विनीत सिंह, अशीष अग्रवाल सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जांच अधिकारी बदलने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड राजेपुर के गोपालपुर की घटना को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जांच करवाने के संदर्भ में खण्ड शिक्षा अधिकारी शमशाबाद एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहम्मदाबाद को रखा गया। ज्ञापन में दर्शाया गया कि दोनों खण्ड शिक्षा अधिकारी दूसरे पक्ष के करीबी है। अन्य किसी से जांच कराये जाने की मांग की। जिससे निष्पक्ष जांच हो सके। इस संबंध में सुरजीत कुमार ने ज्ञापन देकर जांच अधिकारी बदलने की मांग की है।

# विकास खण्ड परिसर में प्याऊ का शुभारम्भ, नागरिकों को मिलेगी राहत

**फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की विशेष पहल पर आमजन को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास खंड कमालगंज परिसर में निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य राहगीरों, ग्रामीणों एवं क्षेत्रीय नागरिकों को गर्मी के मौसम में स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विकास अधिकारी एस0के0 तिवारी एवं खंड विकास अधिकारी अनिल चंद्र द्वारा किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जिलाधिकारी की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में इस प्रकार की व्यवस्थाएं आमजन को बड़ी राहत प्रदान करेंगी। जिला विकास अधिकारी ने कहा कि प्रशासन द्वारा जनसुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे लोगों को स्वच्छ पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इस व्यवस्था के सुचारु संचालन में सहयोग करने का आवाह्न किया। खंड विकास अधिकारी अनिल चंद्र ने बताया कि विकास खंड परिसर में आने वाले ग्रामीणों एवं अन्य नागरिकों को गर्मी में राहत देने के उद्देश्य से यह व्यवस्था प्रारंभ की गई है तथा नियमित रूप से पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी। इस अवसर पर विकास खंड के अधिकारी, कर्मचारीगण एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया।


प्याऊ का शुभारम्भ करते अधिकारी

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्टों ने रैली निकालकर पीएम को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ऑल इंडिया केमिस्ट एण्ड ड्रैगिस्ट एसोसिएशन के आवाह्न पर जिलाध्यक्ष रविशंकर चौहान एवं महामंत्री मनोज मिश्रा के नेतृत्व में समस्त दवा विक्रेताओं द्वारा रैली निकालकर ऑनलाइन दवा बिक्री एवं केमिस्ट हितों से संबंधित समस्याओं के विरोध में प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। रैली के माध्यम से केमिस्ट भाइयों ने सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि अनियंत्रित ऑनलाइन दवा बिक्री एवं भारी छूट की व्यवस्था से छोटे मेडिकल स्टोरों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। साथ ही बिना उचित चिकित्सकीय परामर्श दवाओं की उपलब्धता आम जनता के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है।

जिलाधिकारी को दिये गये ज्ञापन में मांग की गई कि ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियंत्रण लागू किया जाए। कार्पोरेट्स द्वारा भारी डिस्काउंट बंद करें, नकली दवाइयों से देश को बचाओ, बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन दवा बिक्री पर रोक लगाई जाए। छोटे एवं मध्यम मेडिकल स्टोर संचालकों के हितों की रक्षा की जाए। केमिस्ट व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। हम सभी केमिस्ट एवं दवा विक्रेताओं ने मांग की कि गंभीरता से विचार कर निर्णय लिया जाये। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफकेमिस्ट एंड ड्रैगिस्ट की ओर से नेतृत्व अध्यक्ष रवि शंकर चौहान, महामंत्री मनोज मिश्रा, कोषाध्यक्ष शिवम रस्तोगी, मोनू कटियार, सुरजीत कटियार, निखिल रस्तोगी, राजीव कटियार, नीलू रस्तोगी, रजनीश कटियार, मोहित सिंह चौहान, प्रशांत शाक्य, अंकित कटियार, मोहित अवस्थी, कुणाल गुप्ता, संजय कटियार, राजीव कटियार, उमेश रस्तोगी, नीरज रस्तोगी, मोहन वाजपेई, प्रदीप सिंह, अनिल गुप्ता, जावेद अख्तर, हर्ष, मनोज दीक्षित, चंदन शुक्ला, अरुण चौहान, आलोक मिश्रा, अमर रस्तोगी, निलेश रस्तोगी, सूरज यादव, अनुज शाक्य, मोहन वाजपेई आदि लोग सम्मलित हुए।


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते दवा व्यापारी

# सीडीओ ने किसान दिवस में कृषकों की सुनीं समस्यायें, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को विकास भवन के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

उप कृषि निदेशक द्वारा किसान दिवस में आये किसानों का अभिवादन करते हुये अवगत कराया कि जनपद में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्रगति पर चल रहा है। सभी किसानों से आग्रह है कि अपनी एवं अपने परिवार के सदस्य जिनके नाम पर भूमि है उन सभी की फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करायें फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले कृषकों को पी0एम0 किसान सम्मान निधि, पी0एम0 फसल बीमा, खाद, बीज आदि सरकारी योजनाओ का लाभ प्राप्त नहीं हो पायेगा। खरीफसत्र में बोई जाने वाली समस्त फसलों के बीज राजकीय कृषि बीज भण्डार पर 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है, साथ ही निःशुल्क वितरण हेतु रागी, सांबा, कोदो, बाजरा के मिनीकिंट भी उपलब्ध हैं। समस्त कृषक भाई जिनके द्वारा बीजों की बुकिंग की गई थी, वह बीज प्राप्त कर सकते हैं। विभागीय पोर्टल पर अवशेष बीजों की बुकिंग भी प्रारम्भ हो गई, जिन कृषकों को अनुदान पर बीज की आवश्यकता हो वह भी बुकिंग करा सकते हैं।

डॉ0 अमित मिश्रा ने बताया कि जिन कृषक भाईयों द्वारा अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाया है, वह अतिशीघ्र बनवा लें, जिन कृषकों के नाम आर्थिक जनगणना 2011 की सूची में है, यह अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनवाड़ी सहायका से सम्पर्क कर अपना कार्ड जारी करवा लें। विभागीय टोल फ्री नम्बर 14555 अथवा आयुष्मान सारथी एप्प पर सम्पर्क कर अपने कार्ड से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

कृषक राममोहन दीक्षित ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों का आलू खरीदा जा रहा है, जिसमें अत्यधिक मानक रखे गये हैं, जिससे किसान आलू की बिक्री नहीं कर पा रहा है, इन मानकों में संशोधन कराये जाने की आवश्यकता है। उक्त के सम्बन्ध जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि आलू खरीद हेतु भारत सरकार के द्वारा मानक निर्धारित किये गये हैं, जिसमें आलू का साइज 45 से 85 मिमी0 का होना चाहिये, आलू में धूप न लगी हो। किसानों की मांग के अनुसार शासन को पत्र द्वारा अवगत कराया गया है। कृषक शिवप्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में वाहनों की अत्यधिक चेकिंग की जा रही है। जिसमें स्थानीय कृषकों को भी परेशान किया जा रहा है, बहुत से कृषकों के पास लाइसेन्स नहीं है, जिससे उन्हे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सीडीओ ने कहा कि जिन कृषकों के पास ड्राइविंग लाइसेन्स नहीं हैं, वह 22 मई को प्रातः 10 से 12 के मध्य आर0टी0ओ0 कार्यालय में विशेष कैम्प में प्रतिभाग कर अपना लाइसेन्स निर्धारित शुल्क पर बनवा सकते हैं। सीडीओ ने सभी कृषको को फार्मर रजिस्ट्री बनवाने हेतु अवगत कराया गया। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में जनपद में पॉस मशीन द्वारा उर्वरक वितरण शीघ्र ही प्रारम्भ हो रहा है, जिसमें फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण कृषकों को उर्वरक प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त फैमली आई0डी0, आयुष्मान कार्ड भी बनवाये जाने हेतु अवगत कराया गया। किसान दिवस में आयी शिकायतों का मौके पर त्वरित निस्तारण कराने हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को समय से प्रतिभाग करने हेतु निदेशित किया।बैठक में श्याम कुमार तिवारी जिला विकास अधिकारी, अरविन्द मोहन मिश्र, उप कृषि निदेशक, डॉ. जगदीश मिश्रा, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र जाजपुर बंजारा, गुंजा जैन पर्यावरण विशेषज्ञ, डा0 धीरज कुमार शर्मा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, राघवेन्द्र सिंह जिला आलू एवं शाकभाजी अधिकारी, सुरेन्द्र यादव जिला पूर्ति अधिकारी, सुशील कुमार अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, अजय पालीवॉल सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, पुरुषोत्त दास खाद्य एवं रसद विभाग, प्रदीप कुमार वरि0 क्षेत्रीय प्रबन्धक इफको, नारद लाल राना मत्स्य निरीक्षक, विपिन कुमार सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, नितिन वर्मा सहायक अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, विनोद कुमार अधिशाषी अभियन्ता नगर पालिका फर्रुखाबाद, रामप्रकाश प्रतिनिधि जिला कृषि रक्षा अधिकारी/उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, शिव सिंह अवर अभियन्ता नलकूप, विवेक कुमार सहायक अग्रणी जिला प्रबन्धक, रतीक दीक्षित कुमार भूमि परीक्षण प्रयोगशाला लकूला बाग, पंकज यादव फसल बीमा योजना, अजय सिंह प्रतिनिधि जिला परियोजना समन्वयक यू.पी.डॉस्प, मनोज कुमार प्रतिनिधि दुग्ध संघ, डॉ0 अमित मिश्रा प्रतिनिधि मुख्य चिकित्साधिकारी, रजनीश कुमार सहायक जिला सांख्यिकी अधिकारी, नितिन सक्सेना जिला नगरीय विकास अभिकरण एवं अन्य विभागों के अधिकारीग उपस्थित रहे।

## पॉक्सो व अपहरण के आरोपी पर दोषसिद्ध, सजा 22 मई को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पास्को व अपहरण के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त प्रधुम्मंन पुत्र नुकुल निवासी नींबलपुर मऊदरवाजा को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 22 मई की तिथि नियत की गई है। विगत दो वर्ष पूर्व थाना जहानगंज क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी पुत्री 16 वर्षीय को 11 जनवरी 2024 को प्रद्युम्न बहला फुसलाकर भगा ले गया। मेरे घर पर उसका आना जाना था। जबकि मेरा रिश्तेदार है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने प्रद्युम्न को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 22 मई की तिथि नियत की गई है।

## तीस साल से अधर में सुजईकुंडा पुल, अब उबाल पर जनता का गुस्सा

# ज्ञापन के बाद गरमाई सियासत, एक माह में फैसला न होने पर आमरण अनशन की चेतावनी

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** धौरहरा तहसील क्षेत्र में दहौरा नदी पर प्रस्तावित सुजईकुंडा पुल अब सिर्फ एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि क्षेत्र की उपेक्षा, अधूरे विकास और राजनीतिक खींचतान का प्रतीक बनता जा रहा है। करीब 30 वर्षों से पुल निर्माण की मांग कर रही क्षेत्रीय जनता का धैर्य अब टूटने लगा है। मंगलवार को सुजईकुंडा पुल निर्माण संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी धौरहरा को सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो पुल स्थल पर आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार सुजईकुंडा, भटपुरवा कला, बिन्जहा, हरसिंगपुर, रामनगर लहबड़ी और मंगरौली समेत दर्जनों गांवों की लगभग 80 हजार आबादी इस पुल पर निर्भर है। बरसात के दौरान दहौरा नदी पार करना



जोखिम भरा हो जाता है। इसका असर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापार तक पर पड़ रहा है। लंबे संघर्ष और कई आंदोलनों के बाद वर्ष 2026 में सुजईकुंडा में स्पान बॉक्स रपटा पुल निर्माण के लिए करीब 2 करोड़ 80 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई थी। 22 जनवरी को विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने अधिकारियों की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजा-पाठ कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया था। क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई थी और लोगों को लगा कि तीन दशक पुराना सपना अब पूरा होगा। लेकिन यह खुशी ज्यादा दिन नहीं टिक सकी। लगभग 2 अप्रैल को अचानक निर्माण कार्य बंद कर दिया गया और मौके से मशीनें व निर्माण सामग्री वापस हटा ली गई। इसके बाद पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने मिट्टी को अत्यधिक दलदली बताते हुए स्पान बॉक्स रपटा पुल के बजाय बेल फाउंडेशन पुल बनाए जाने की बात कही। विशेषज्ञ इंजीनियरों द्वारा नया सर्वे और प्रस्ताव तैयार किए जाने की जानकारी दी गई, लेकिन उसके बाद भी निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं हो सका। इसी को लेकर अब क्षेत्र में सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पहले निर्माण एजेंसी को कार्य की अनुमति दी गई थी तो उसकी तकनीकी स्वीकृति भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ही दी गई होगी। ऐसे में अचानक कार्य रोकना लोगों की समझ से परे है। कुछ ग्रामीणों ने ठेकेदारी व्यवस्था और हिस्सेदारी को लेकर भी आरोप लगाए हैं, हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुल निर्माण को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। निर्माण कार्य के शुभारंभ के बाद सांसद आनंद भदौरिया ने सवाल उठाया था कि उन्हें कार्यक्रम में क्यों नहीं बुलाया गया। इसके बाद क्षेत्र में सियासी खींचतान की चर्चाएं तेज हो गईं। जनता द्वारा तहसील धौरहरा में ज्ञापन देने के बाद विधायक विनोद शंकर अवस्थी मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी के साथ मौके पर पहुंचे और जल्द समाधान का भरोसा दिया। वहीं सपा सांसद भी मौके पर पहुंचकर अधिकारियों से वार्ता कर निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की बात कह चुके हैं। इस पूरे मुद्दे को लगातार शासन और प्रशासन तक पहुंचाने में समाजसेवी कन्हैया बाजपेई की भूमिका चर्चा में है।

## ट्रांसफार्मर और हाईटेंशन लाइन के नीचे लगाए जा रहे झूले, उर्स मेले की सुरक्षा पर उठे सवाल

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** ईसानगर थाना क्षेत्र में लगने वाले सालाना उर्स मेले की तैयारियों के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कस्बे के पूरब स्थित सैय्यद बाबा मजार परिसर के पास हाईटेंशन बिजली लाइन और ट्रांसफार्मर के बेहद नजदीक बच्चों के झूले लगाए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार झूलों के ऊपर से बिजली की लाइन गुजर रही है, जबकि पास में ट्रांसफार्मर भी रखा हुआ है। ऐसे में मेले में आने वाले बच्चों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। हर वर्ष उर्स मेले में हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं, जिससे संभावित खतरा और भी गंभीर माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि बिना पर्याप्त सुरक्षा मानकों और प्रशासनिक निगरानी के झूले लगाए जा रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से तत्काल निरीक्षण कर सुरक्षित स्थान पर झूले लगवाने की मांग की है। वहीं इस संबंध में जानकारी लेने पर ईसानगर थाना अध्यक्ष ने बताया कि अभी तक किसी भी झूले के संचालन की अनुमति नहीं दी गई है। बिना अनुमति कोई भी झूला संचालित नहीं होने दिया जाएगा।



## खबरें एक नजर में

### कबीरधाम मुस्तफाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई अवैध तमंचे व कारतूस संग युवक गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** अलीगंज क्षेत्र की कबीरधाम मुस्तफाबाद चौकी पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध हथियार रखने वालों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार कबीरधाम मुस्तफाबाद चौकी प्रभारी गोविंद सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार लेकर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर एवं एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम हरपाल सिंह बताया। पुलिस ने तत्काल आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। चौकी प्रभारी गोविंद सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। किसी भी हालत में असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रियता के चलते क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत बनी हुई है। पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए इसे अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### खड़े ट्रैक्टर में पीछे से टकराया बाइक सवार युवक, हालत गंभीर

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के ड्रमंडगंज हलिया मार्ग स्थित रतेह गांव में शिव फिलिंग स्टेशन के पास बुधवार दोपहर सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर में बाइक सवार अनियंत्रित होकर पीछे से जा भिड़ा। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया व बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को उपचार हेतु पीएचसी हलिया ले गई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। क्षेत्र के दुर्जनीपुर गांव निवासी 30 वर्षीय नीरज निषाद बाइक से हलिया गैस एजेंसी पर जा रहा था। जैसे ही रतेह गांव स्थित शिव फिलिंग स्टेशन से आगे पहुंचा तो सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर में पीछे से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे एसआइ कृपाशंकर यादव ने घायल युवक को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक के मुंह तथा शरीर के अन्य हिस्सों में आई गंभीर चोट को देखते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी हलिया डॉक्टर अवधेश कुमार ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया।इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अवधेश कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से घायल युवक ने शराब पी रखी थी। मुंह में गंभीर चोट आई है प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु मंडलीय अस्पताल रेफर किया गया है।

### बिजली कटौती पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। ऐसे में पतार कला विद्युत उपकेन्द्र से जुड़े क्षेत्रों में बिजली की आंख-मिचौली और लंबी कटौती ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। आंधी रात भर अंधेरे में रहे मंगलवार देर रात पतार कला और आसपास के गांवों में बिजली गुल हो गई। पूरी रात भीषण उमस और गर्मी में लोगों की नींद उड़ी रही, जिससे बच्चे और बुजुर्ग खास परेशान हुए। रात में बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने भारी संख्या में आधी रात को विद्युत केंद्र पर पहुंच गए और रोष व्याप्त किया । आक्रोशित ग्रामीण अगले दिन बुधवार सुबह बड़ी संख्या में पतार कला विद्युत उपकेंद्र पर पहुंच गए। यहां उन्होंने बिजली विभाग की लचर कार्यप्रणाली के खिलाफ हंगामा किया। ग्रामीणों का कहना है कि वे समय पर बिजली का बिल जमा कर रहे हैं, ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली का नियम है लेकिन फिर भी उन्हें पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। ओवरलोडिंग और ट्रिपिंग के नाम पर घंटों की कटौती की जा रही है।स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रतिदिन रात में बिजली का आंख मिचौली करती रहती है आरोप लगाते हुए कहां की और अभियंता विद्युत केंद्र पर नहीं आते है ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि अघोषित कटौती की समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस संबंध में अवर अभियंता वीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि रोस्टर के अनुसार बिजली कटौती की जाती है आपूर्ति भी की जाती है।

### जेठ की दोपहर और हीट वेव ने बढ़ाई मुश्किलें, घरों में कैद हुए लोग

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** जेठ महीने की चिलचिलाती दोपहर और हीट वेव ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। तेज धूप और लू के थपेड़ों के कारण दोपहर में घर से निकलना मुश्किल हो गया है।

# बड़े मंगल पर आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज में स्नेह मिलन व विशाल भंडारे का आयोजन

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

बड़े मंगल के पावन अवसर पर राजाजीपुरम स्थित आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज में स्नेह मिलन समारोह एवं विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट द्वारा बजरंगबली के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन कर किया गया। पूरे परिसर में भक्ति, श्रद्धा और सेवा भाव का वातावरण देखने को मिला।



कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हीं बालिकाओं का सम्मानपूर्वक स्वागत कर उन्हें भोजन कराया गया। बालिकाओं के मुस्कुराते चेहरे और भक्तिमय माहौल ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। यह आयोजन भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान, सेवा और संस्कारों का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। बड़े मंगल का पर्व सामाजिक समरसता, प्रेम, सहयोग और सेवा भावना का संदेश देने वाला माना जाता है। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने छात्र-छात्राओं में सामाजिक जिम्मेदारी, संस्कार और मानव सेवा की भावना को और मजबूत किया। विद्यालय के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन शुक्ला, अंग्रेजी माध्यम के कोऑर्डिनेटर आशीष सिंह, हिंदी माध्यम की कोऑर्डिनेटर विनिता, अंग्रेजी माध्यम की कोऑर्डिनेटर शिवानी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप, सुबोध, वेदप्रकाश, श्रीमती कामिनी तथा बालकराम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## शिव मंदिर कॉरिडोर निर्माण कार्य का विधायक अमन अरविंद गिरी ने किया निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।**

नगर में निर्माणाधीन शिव मंदिर कॉरिडोर का निरीक्षण आज विधायक अमन अरविंद गिरी ने लखनऊ से आए विभागीय अधिकारियों के साथ किया। इस दौरान कॉरिडोर निर्माण से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्य की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने कॉरिडोर से जुड़े सभी मुख्य संपर्क मार्गों का अवलोकन किया। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जल निकासी व्यवस्था, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था तथा कॉरिडोर की दीवारों पर बनाई जाने वाली कलाकृतियों को लेकर अधिकारियों से विस्तृत वार्ता की। विधायक ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं अन्य निर्धारित मानकों का विधिवत निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## शिवालयों पर श्रद्धालु का उमड़ा आस्था का सैलाब

### हर- हर महादेव के जयघोष से 15जून तक गूंजेगा जनपद



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** पुरुषोत्तम मास के शुभारंभ होते ही जनपद के छोटे बड़े शिव मंदिरों पर भक्तों के आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। पुरुषोत्तम मास का शुभारंभ 17मई दिन रविवार से हुआ है इस मास को अधिक मास भी कहते हैं।इस मास के शुभारंभ होने से वैवाहिक कार्यक्रम, मुण्डन संस्कार, उपनयन, गृह प्रवेश,नये घर का आदि शुभ कार्य प्रतिबंधित हो जाते हैं। आज इस मास को लेकर भूत-भावन भगवान शिव के मंदिरों में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप सहित अन्य पूजन अर्चन वन्दन शुरू हो गये है जिससे शिवभक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है आलम यह हो गया है कि सुबह से लेकर शाम तक शिव मंदिरों पर पूजन अर्चन वन्दन शुरू रहता है ऐसा प्रतीत होता है कि पूरा लेहड़ा तपा शिवमय हो गया है। अधिक मास के शुभारंभ से चारों तरफ हर हर महादेव का जयघोष सुनाई दे रहा है न चाहते हुए भी इस घोर कलियुग में धर्म के प्रति लोगों की बढ़ती आस्था से दिन प्रतिदिन शिवालयों पर श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे। आज जनपद का हर छोटा-बड़ा शिवमन्दिर आस्था का प्रमुख केन्द्र बन गया है। पुरुषोत्तम मास का शुभारंभ 17 मई से हुआ है और समापन 15जून को होगा। इन सवालों के घेरे में अपने जीवन को धन्य बनाने के लिए शिवभक्तों ने अपने अंदाज में शिवमन्दिरों की ओर रुख कर लिया है। जिससे जनपद का कोना कोना हर हर महादेव के जयघोष से गूंज रहा है।

## पंचायत चुनाव समय से कराने की मांग, प्रधानों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, मितौली खीरी।**

पंचायत चुनाव समय से कराए जाने तथा पंचायतों में प्रशासक व्यवस्था लागू न किए जाने की मांग को लेकर ग्राम प्रधान संघ मितौली ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी मितौली को सौंपा। प्रधानों ने कहा कि यदि किसी कारणवश समय पर पंचायत चुनाव कराना संभव न हो तो वर्तमान ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए, ताकि पंचायतों में विकास कार्य प्रभावित न हों।




प्रधान संघ के पदाधिकारियों और ग्राम प्रधानों ने कहा कि प्रदेश की अधिकांश ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्ति की ओर है, लेकिन अभी तक पंचायत चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है। ऐसे में पंचायतों में दोबारा प्रशासक व्यवस्था लागू होने की आशंका बढ़ गई है। प्रधानों का कहना है कि पूर्व में जब पंचायतों में प्रशासक व्यवस्था लागू हुई थी, तब विकास कार्यों में बाधाएं उत्पन्न हुई थीं और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान भी प्रभावित हुआ था।

ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम पंचायतें भारतीय लोकतंत्र की सबसे मजबूत इकाई हैं। चुने हुए जनप्रतिनिधियों के माध्यम से गांवों में विकास योजनाएं पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ संचालित होती हैं। यदि पंचायतों में प्रशासक व्यवस्था लागू की जाती है तो इससे ग्रामीण जनता की भागीदारी कम होगी और पंचायतों की स्वतंत्र कार्यप्रणाली प्रभावित होगी। प्रधानों ने शासन से मांग की कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए समय से पंचायत चुनाव कराए जाएं।

प्रधानों ने यह भी कहा कि वर्तमान समय में ग्राम पंचायतें गांवों के विकास की धुरी बनी हुई हैं। सड़क, नाली, पेयजल, आवास, स्वच्छता समेत तमाम योजनाओं का संचालन ग्राम पंचायतों के माध्यम से किया जा रहा है। ऐसे में पंचायतों में निर्वाचित प्रतिनिधियों का बने रहना आवश्यक है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम प्रधान कल्लिया रामपुर विनोद कुमार, अक्षरौला संतोष कुमार, पिपरझला रिंकी देवी, मुरासा नीलम देवी, बाल्लीपुर शैल सिंह, अलीनगर लालाराम समेत विकासखंड क्षेत्र के अनेक ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# बेटे की मौत का बदला लेने के लिए तांत्रिक की बेरहमी से हत्या

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** करीब एक वर्ष पुराने चर्चित तांत्रिक हत्याकांड का आखिरकार महराजगंज पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने बेटे की मौत का जिम्मेदार तांत्रिक को मानते हुए बदले की आग में इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे की पाइप भी बरामद कर ली है। बुधवार को पुलिस कार्यालय सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी शक्ति मोहन अवस्थी ने एएसपी सिद्धार्थ और सीओ सदर अंकुर कुमार गौतम के साथ पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के पिपरा रसूलपुर निवासी रमाकांत चौहान ओझैती और तंत्र-मंत्र का कार्य करते थे। आरोपी राघवेंद्र सिंह के परिवार का रमाकांत के यहां आना-जाना था और दोनों के बीच पहले से परिचय था। पुलिस जांच के अनुसार जनवरी 2025 में रमाकांत ने राघवेंद्र सिंह से दो लाख रुपये उधार मांगे थे। रुपये न मिलने पर दोनों के बीच विवाद और नाराजगी बढ़ गई। बताया जाता है कि रमाकांत ने गुस्से में राघवेंद्र को अंजाम भुगतने की चेतावनी भी दी थी। इसी दौरान शिवरात्रि के दिन राघवेंद्र के बेटे ऋषभ सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बेटे की अचानक मौत से टूट चुके राघवेंद्र ने कई ज्योतिषियों और ओझाओं से संपर्क किया। पूछताछ और अंधविश्वास के चलते उसके मन में यह बात बैठ गई कि रमाकांत ने तंत्र-मंत्र के जरिए उसके बेटे की जान ली है। इसके बाद उसने बदला लेने की ठान ली। पुलिस के मुताबिक बीते वर्ष एक जून को राघवेंद्र सिंह पूजा-पाठ कराने के बहाने रमाकांत को अपनी कार से साथ लेकर निकला। रास्ते में उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर रमाकांत को पिला दिया। जब वह बेसुध हो गया तो सहजनवां क्षेत्र के बरईपार पाली गांव के पास सुनसान जगह पर लोहे की पाइप से उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपी शव को बस्ती जनपद के टांडा रोड स्थित खडौवाजाट गांव के पास सड़क किनारे फेंककर फरार हो गया।



एक साल बाद आरोपी गिरफ्तार

## आशा वर्कर्स की हुंकारः लंबित भुगतान और 13 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार को चेतावनी

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**

उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन एसोसिएशन की जिला इकाई ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार धरना-प्रदर्शन कर अपनी लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। बड़ी संख्या में जुटीं आशा कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल के माध्यम से उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द समाधान की मांग की। धरने के दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि 6 फरवरी 2026 को स्वास्थ्य मंत्री के साथ हुई वार्ता में 13 सूत्रीय मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन कई महीने बीत जाने के बावजूद अब तक अगली वार्ता नहीं बुलाई गई। इससे आशा कार्यकर्ताओं में भारी नाराजगी है।

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं में दिन-रात मेहनत करने के बावजूद उन्हें उनका उचित मानदेय और प्रोत्साहन राशि समय पर नहीं मिल रही है। आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी, कोविड-19 ड्यूटी, टीबी एवं कुष्ठ रोग अभियान, दस्तक और संचारी रोग नियंत्रण अभियान जैसी योजनाओं का भुगतान वर्षों से लंबित पड़ा है। ज्ञापन में राज्य वित्त से मिलने वाली 1500 रुपये की राशि को बढ़ाकर 6000 रुपये प्रतिमाह करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। इसके साथ ही मातृत्व अवकाश, स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, साप्ताहिक अवकाश, राष्ट्रीय अवकाश और अन्य श्रमिक सुविधाएं लागू करने की मांग भी की गई।

## प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत जयंती पर किए गए याद

**समृद्धि न्यूज़**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था द्वारा प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती पर एक संगोष्ठी हुई जिसमें उनके विशाल साहित्यिक प्रदेय पर प्रकाश डाला गया। सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। अध्यक्षता करते हुए प्रमुख साहित्यकार एवं पूर्व एडीआईओएस डॉ. दयाराम मौर्य 'रत्न' ने कहा कि कौसानी अल्मोड़ा में जन्मे महान कवि पन्त ने कालाकांकर के राजप्रासाद को अपना कर्मक्षेत्र बनाया। नक्षत्र कुटिया में रह कर उन्होंने अनेक कालजयी रचनाएं लिखीं। विशिष्ट लेखन से वह साहित्य के सूर्य बन गए। मुख्य अतिथि समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि पंत जी ने अपने काव्य में प्रकृति का अनूठा चित्रण किया है। उनको हिन्दी का विलियम वर्ड्सवर्थ कहा जाता है। शिक्षाविद शायरा डॉ. शाहिदा ने कहा कि पंत युगांतरकारी रचनाकार थे। वे साहित्य के मौलिक सृजेता थे।संचालन कवि कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री ने किया। इस अवसर पर श्रीनाथ मौर्य सरस, आनन्द मोहन ओझा, राकेश कनौजिया, राधेश्याम दीवाना ने विचार व्यक्त किया।




## डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने पूरेकेशवराय स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था आदि की जांच की, साथ ही उन्होने सीसीटीवी कैमरों के संचालन एवं उनकी सतत निगरानी की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होने ईवीएम के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया गया कि ईवीएम वेयरहाउस की निगरानी मुस्तैदी के साथ करते रहे। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत राय उपस्थित रहे।



# राहुल गांधी से मिले कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी

**समृद्धि न्यूज़**

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने बुधवार को रायबरेली स्थित भुएमऊ गेस्ट हाउस में नेता विपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान जिले की राजनीतिक स्थिति, संगठन की मजबूती और जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

डॉ. त्रिपाठी ने राहुल गांधी को प्रतापगढ़ में संगठन सृजन अभियान की सफलता, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ने और स्मार्ट प्रीपेड मीटर, पेट्रोलियम पदार्थों में बेतहाशा वृद्धि, महंगाई जैसे मुद्दों पर चल रहे आंदोलनों की जानकारी दी।राहुल गांधी ने प्रतापगढ़ में कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए डॉ. नीरज त्रिपाठी के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दों को लेकर कांग्रेस का संघर्ष जारी रहना चाहिए और कार्यकर्ता हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाए।

